05 जून, 2025
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 225

राष्ट्रद्रोही बयान दे रहे राहुल गांधीः बाबूलाल मरांडी



**SMD TRADERS**
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, राँची

हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता

जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यो ?................इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे

संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847

## बेंगलुरु में आइपीएल चैंपियन आरसीबी के स्वागत में उमड़े तीन लाख लोग

# स्टेडियम के बाहर भगदड़, 11 मरे, 33 घायल

- चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुआ हादसा
- घायलों में बच्चे और महिला भी शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के जीत के जश्न के बीच बुधवार को एक हादसा हुआ। चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मेन गेट के पास भगदड़ मच गयी, जिसमें एक महिला समेत 11 लोगों की मौत हो गयी। वहीं, एक बच्चा समेत 33 लोग घायल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आइपीएल 2025 में अपनी आरसीबी की टीम को देखने के लिए हजारों प्रशंसक बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर जमा हो गये। इस दौरान भगदड़ मच गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब स्टेडियम में आरसीबी टीम के सम्मान समारोह की शुरुआत होने वाली थी, तब एक साथ बड़ी संख्या में लोग अंदर जाने की कोशिश करने लगे। इससे भीड़ बेकाबू हो गयी और भगदड़ जैसी स्थिति बन गयी। घटनास्थल पर मौजूद पुलिसकर्मियों को भीड़ को नियंत्रित करने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। हालात काबू में लाने के लिए हल्का बल प्रयोग भी किया गया। कई लोग बेहोश होकर गिर पड़े, जिन्हें एंबुलेंस से पास के अस्पतालों में पहुंचाया गया। कुछ लोगों को मौके पर ही सीपीआर देकर बचाने की कोशिश की गयी।



### बेंगलुरु में हुई दुर्घटना बहुत ही हृदय विदारक : मोदी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु हादसे पर दुख व्यक्त किया है। मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, बेंगलुरु में हुई दुर्घटना बहुत ही हृदय विदारक है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि जो लोग घायल हुए हैं, वे शीघ्र स्वस्थ हों।

### हादसे ने जीत की खुशी को मिटा दियाः सिद्धारमैया



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि विधानसभा में जब आरसीबी टीम पहुंची, तो बाहर एक लाख लोग जमा थे। जश्न विधानसभा में हो रहा था, लेकिन भगदड़ चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई। स्टेडियम के बाहर तीन लाख लोग जमा थे। हमें इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। किसी ने इसकी उम्मीद नहीं की थी। हम इसके लिए तैयार नहीं थे। हादसे ने जीत की खुशी को मिटा दिया। उन्होंने कहा कि जीत के जश्न के दौरान एक बड़ी त्रासदी हुई है। सरकार मृतकों के परिवार को 10-10 लाख का मुआवजा देगी। घायलों का मुफ्त इलाज किया जायेगा। यह भगदड़ नहीं होनी चाहिए थी। हमें इस हादसे पर गहरा दुख है।

# आइपीएल चैंपियन का बेंगलुरु में भव्य स्वागत, विक्ट्री परेड में लाखों फैंस उमड़े

कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने टीम को सम्मानित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** आइपीएल चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत की खुशी में बुधवार को शानदार समारोह हुआ। जैसे ही टीम चमचमाती ट्रॉफी के साथ बेंगलुरु एयरपोर्ट पर उतरी, फैंस अपने चहेते क्रिकेटरों के स्वागत के लिए तैयार थे। विक्ट्री परेड के दौरान लाखों फैंस सड़कों पर उतर आये। यह परेड विधानसभा से शुरू होकर एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पहुंची, जहां विक्ट्री सेरेमनी हुई। यहां कप्तान रजत पाटीदार, विराट कोहली और बैटिंग कोच दिनेश कार्तिक ने स्टेडियम की गैलरी से फैंस को ट्रॉफी दिखायी। इससे पहले विधानसभा में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। बताते चलें कि आरसीबी ने एक दिन पहले मंगलवार को आइपीएल में अपना पहला टाइटल जीता था। टीम ने पंजाब किंग्स को 6 रन से हराया। इसीके साथ 18वें सीजन में आइपीएल को 8वां चैंपियन मिला।

**कर्नाटक सरकार ने आरसीबी टीम का सम्मान कियाः** टीम जब एयरपोर्ट पहुंची, तब वहां लाखों फैंस मौजूद थे। विधानसभा पहुंचने पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सभी खिलाड़ियों का सम्मान किया। इसके बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम में भी कार्यक्रम हुआ। वहीं, एयरपोर्ट पर कर्नाटक के डिप्टी सीएम शिवकुमार ने टीम का स्वागत किया।

**एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भव्य स्वागतः** विजेता टीम का एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में जोरदार स्वागत किया गया। यहां लाखों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी जुटे। यहां पर कप्तान रजत पाटीदार और विराट कोहली दर्शकों से रूबरू भी हुए। उन्होंने फैंस को ट्राफी दिखायी।

**सड़कों पर फैन का रैलाः** एयरपोर्ट, विधानसभा और चिन्नास्वामी स्टेडियम तीनों जगह लाखों की संख्या में फैंस पहुंचे। सड़क पर क्रिकेट प्रेमियों का रेला लग गया। एयपोर्ट से शुरू हुआ स्वागत चिन्नास्वामी स्टेडियम तक जारी रहा। जिस सड़क से खिलाड़ियों का काफिला गुजरना था, वहां, देखने वालों और स्वागत करने वालों का तांता लगा था। कर्नाटक विधानसभा के बाहर आरसीबी के स्वागत के लिए फैंस पहुंचे। बेंगलुरु की सड़कों पर जम की स्थिति बन गयी, इसमें सैकड़ों गाड़ियां फंसी।

### हमने कर दिखायाः विराट कोहली



**बेंगलुरु।** फैंस के स्वागत को देख कर विराट कोहिली इमोशनल हो गये। स्टेडियम में दर्शकों ने उनके बोलने से पहले ही 'विराट, विराट' और 'आरसीबी, आरसीबी' के नारे लगाने शुरू कर दिये। कोहली ने कहा कि 'ई साला कप नमदे अब और नहीं, अब ई साला कप नमदू। हमने कर दिखाया। यह जीत सिर्फ खिलाड़ियों के लिए ही नहीं, बल्कि उन सभी के लिए है, जिन्होंने 18 साल तक आरसीबी को सपोर्ट किया। सभी को बधाई। हमारे कप्तान रजत पाटीदार का स्वागत कीजिये।'

### फैंस ट्रॉफी डिजर्व करते हैंः पाटीदार

**बेंगलुरु।** कप्तान रजत पाटीदार ने कहा कि जब भी मैं यहां आता हूं, मैं कहता हूं नमस्कारा बेंगलुरु। यह हम सभी के लिए बहुत स्पेशल मोमेंट है। सीजन की शुरुआत से ही सभी को पता था कि हमें क्या करना है। फाइनली हमने यह कर दिखाया। सभी फैंस इस ट्रॉफी को जीतना डिजर्व करते हैं। आरसीबी के लाखों फैंस पहले सीजन से टीम को सपोर्ट कर रहे हैं। हम सभी आपसे बहुत प्यार करते हैं।

**FLORENCE**
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## न्यूज रील्स

### संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक

**नयी दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को नयी दिल्ली में इसकी जानकारी दी। रिजिजू ने बताया कि यह सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार नियमों के तहत सत्र में किसी भी विषय पर चर्चा को तैयार हैं। साथ ही बताया कि सत्र के दौरान जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश हो सकता है। सरकार ने मानसूत्र सत्र का एलान विपक्ष के 'विशेष सत्र' की मांग के बीच की है। इंडिया गठबंधन के 17 दलों ने 3 जून को नयी दिल्ली में बैठक की। इसमें विशेष सत्र बुलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा था।

# स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शोभा चक्रवर्ती का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची की विख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शोभा चक्रवर्ती अब इस दुनिया में नहीं रहीं। बुधवार को उन्होंने आखिरी सांस ली। वह 85 वर्ष की थीं। कुछ वक्त से बीमार चल रही थीं। उनका इलाज अस्पताल में चल रहा था। उनके निधन से चिकित्सा जगत में शोक की लहर है। बताते चलें कि डॉ शोभा चक्रवर्ती को रांची में एक विश्वसनीय व सम्मानित डॉक्टर के तौर पर पहचान मिली थी। लगभग सात साल पहले उन्हें दिल का दौरा पड़ा था, जिसके बाद उन्हें मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद वे फिर से मरीजों की सेवा में जुट गयी थीं। एक इंटरव्यू में डॉ. शोभा ने कहा था कि मरीजों से मिलना उन्हें बहुत प्रिय था। मरीजों के बिना उनका मन नहीं लगता था। उनकी यह सेवा भावना खास थी। इसे रांची की जनता और चिकित्सा समुदाय हमेशा याद रखेगा।

## आदिवासी संगठनों के झारखंड बंद का मिला-जुला असर

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में सिरमटोली रैंप विवाद समेत अन्य मांगों को लेकर आदिवासी संगठनों का बुधवार को झारखंड बंद का मिलाजुला असर रहा। रांची समेत अन्य जिलों में आदिवासी संगठन के लोग हाथ में सरना झंडा और पोस्टर लेकर सड़क पर उतरे। जिससे आवागमन बाधित हुआ। कई चौक-चौराहों पर प्रदर्शन किया। कई इलाकों में बंद समर्थकों ने सड़क पर बांस लगाकर रास्ता बंद कर दिया। इससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हुआ और वाहनों की लंबी कतार लग गयी। कुछ दुकानें और संस्थान भी बंद रहे। हालांकि दोपहर बाद स्थिति सामान्य हो गयी।

## हेमंत सरकार ने जोमैटो, स्विगी, ओला, उबर में काम कर रहे लोगों को दी सौगात

# कैबिनेट ने गिग वर्कर्स विधेयक को दी मंजूरी

- आगामी विधानसभा सत्र में पारित कराया जायेगा विधेयक
- कैबिनेट ने 12 प्रस्तावों की दी मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सरकार ने जोमैटो, स्विगी, ओला, उबर में काम करने वाले लोगों को सौगत दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इससे संबंधित विधेयक को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट ने 'द झारखंड प्लेटफार्म बेस्ड गिग वर्कर्स (रजिस्ट्रेशन एंड वेलफेयर) विधेयक, 2025' को मंजूरी दी। इसे विधानसभा के आगामी सत्र में पेश किया जायेगा। इससे विधेयक के पारित होने से जोमैटो, स्विगी, ओला, उबर जैसी कंपनियों में काम करने वाले गिग वर्कर्स को सुरक्षा और कल्याणकारी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। कैबिनेट ने कुल 12 प्रस्तावों की दी मंजूरी।

### कैबिनेट के फैसले



- झारखंड नगरपालिका संवेदक निबंधन (संशोधन) नियमावली, 2025 के गठन की मंजूरी।
- पाकुड़ अंतर्गत पाकुड़-बरहरवा मुख्य पथ से पाली गगन पहाड़ी पश्चिम बंगाल बॉर्डर भाया कुसमा फाटक पथ तक चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं पुनर्निर्माण की के लिए 40.39 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति।
- खान सचिव को जीएसएमडीसी के पदेन अध्यक्ष बनाने की घटनोत्तर स्वीकृति।
- अवैध खनन के खिलाफ दंड लगाने की शक्ति की घटनोत्तर स्वीकृति।
- गढ़वा नगर परिषद अंतर्गत गढ़वा शहरी जलापूर्ति योजना के आवर्धन एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 59.71 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति।
- सूचना एवं जनसंपर्क विभाग (पीआरडी) में गैर जरूरी पदों को समाप्त कर नये 36 पदों का सृजन की मंजूरी।
- राज्य के काराओं में सृजित चिकित्सक के पदों के हस्तांतरण स्वास्थ्य विभाग को करने की मंजूरी।
- नवनिर्मित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बोकारो एवं राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, गोड्डा में शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के पद सृजन की मंजूरी।
- राज्यकीय कन्या मध्य विद्यालयों में पदों से हटायी गयी सहायक शिक्षिकाओं को फिर से बहाल करने की मंजूरी।

A PIONEER GROUP OF NORTHERN INDIA, STREAMING IN JHARKHAND
**SAI NATH UNIVERSITY**
Established in 2012
Established under Jharkhand Govt. Act No. 15 of 2012 & Recognized as per Section 2 (f) of UGC Act, 1956



APPROVALS
Established under Jharkhand Govt. Act. No. 15 of 2012 | Recognized under section 2 (f) of UGC Act. | Member of AIU | App. by NCTE for Education Programme | App. by PCI for D.Pharma | App. by BCI for Law Programme | Approved by INC

Admission 2025-26

पॉलिटेक्निक
Diploma Engineering : Approved by AICTE

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.Tech. Mining | 4 Yrs. | 10+2 |
| 2. | Diploma in Engg. | 3 Yrs. | 10th |
| 3. | Diploma Engg. (Lateral) | 2 Yrs. | 10+2 with Math / ITI |

• MINING ENGG • ELEC. ENGG.
• MECH. ENGG. • CIVIL ENGG.

EDUCATION PROGRAMME
(Approved by NCTE)

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.A-B.Sc/B.Ed | 4 Yrs. | 10+2 |
| 2. | D.El.Ed./PTT | 2 Yrs. | 10+2 |
| 3. | M.Ed. | 2 Yrs. | B.Ed. |
| 4. | B.Ed.-M.Ed. | 3 Yrs. | Post Graduation |
| 5. | B.Ed.* | 2 Yrs. | Graduation |

* (Entrance: Jharkhand Combined)

MANAGEMENT/COMPUTER

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | MBA | 2 Yrs. | Graduation |
| 2. | BBA | 3 Yrs. | 10+2 |
| 3. | BCA | 3 Yrs. | 10+2 |

PHYSICAL EDUCATION
(Approved by NCTE)

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.P.Ed. | 2 Yrs. | Bachelor Degree |
| 2. | D.P.Ed. | 2 Yrs. | 10+2 |

PHARMACY/ NURSING/ PARAMEDICAL

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.Sc Nursing | 4 Yrs. | 10+2 (PCB) |
| 2. | B-Pharmacy | 4 Yrs. | 10+2 with Science. |
| 3. | D-Pharmacy | 2 Yrs. | 10+2 with Science. |
| 4. | B.Sc. MLT | 3 Yrs. | 10+2 (In Any Stream) |
| 5. | ANM | 2 Yrs. | 10+2 (In Any Stream) |
| 6. | GNM | 3 Yrs. | 10+2 (In Any Stream) |

LAW PROGRAMME (Approved by BCI)

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | LL.M. | 2 Yrs. | LL.B |
| 2. | LL.B. (Hons.) | 3 Yrs. | Graduation |
| 3. | B.A. - LL.B. (Hons.) | 5 Yrs | 10+2 |

Students selected in Judiciary services of different states

AGRICULTURE

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.Sc. Agriculture (Hons.) | 4 Yrs. | 10+2 with Science |
| 2. | M.Sc. Agriculture | 2 Yrs. | B.Sc. Agriculture |

Sai Nath University having NCC Unit. In Campus Separate Boys & Girls Hostel
Campus : Jirawar, Chandway-Kuchu Road, Ormanjhi, Ranchi (Jharkhand)
7970408015, 7461073943, 9798354837, 7004836620, 6204313818
E-mail: sainathuniversity@ymail.com , Website: www.sainathuniversity.com




आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 05 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# बिहार में तेजस्वी यादव के लिए सिरदर्द बनेंगे चिराग

## ■ लोजपा सुप्रीमो के फैसले के बाद बिहार का सियासी तापमान बढ़ा

## ■ भाजपा-जदयू के 'ट्रंप कार्ड' ने बढ़ा दी है इंडी अलायंस की टेंशन

**आजाद सिपाही विशेष**

बिहार में इस साल के अंत में होनेवाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी तपिश लगातार बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिहार यात्रा के ठीक बाद अब एक बड़ा दांव चला गया है। यह दांव है चिराग पासवान। इस दांव ने इस तपिश को और बढ़ा दिया है। लोजपा (आर) सुप्रीमो और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने इंडी अलायंस के नेता तेजस्वी यादव के लिए नया सिरदर्द पैदा कर दिया है। चिराग बिहार विधानसभा चुनाव से पहले खुद को स्थापित करने में जबरदस्त ढंग से जुट गये हैं और उनकी वजह से बिहार का सियासी समीकरण लगातार बदलता हुआ दिखाई दे रहा है। चुनाव का समय नजदीक आने के साथ चिराग पासवान अपने बयानों का डोज बढ़ाते जा रहे हैं। खुद को 'युवा बिहारी' कहने वाले और 'बिहार फर्स्ट' का नारा देने वाले चिराग पासवान ने कुछ समय पहले यह बात कही थी कि उनका दिल दिल्ली में नहीं लगता और बिहार उन्हें बुला रहा है, लेकिन उस समय उन्होंने कहा था कि इस चुनाव के बाद इस बारे में वह फैसला करेंगे। अब उनकी पार्टी की ओर से ताजा बयान में यह संकेत दिया गया है कि चिराग पासवान न केवल विधानसभा चुनाव लड़ेंगे, बल्कि सामान्य सीट से चुनाव लड़ेंगे। इसका सीधा मतलब यही निकलता है कि चिराग अब जातीय राजनीति का दामन छोड़नेवाले हैं, जिसका नुकसान राजद को होगा। दरअसल चिराग पासवान की पार्टी इस समय वे सभी हथकंडे अपना रही है, जो चुनाव से पहले प्रेशर पॉलिटिक्स में अपनाये जाते हैं। उनकी पार्टी ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर चिराग पासवान को विधानसभा चुनाव लड़ने की सलाह दी है। इसके बाद चिराग पासवान ने भी पार्टी के फैसले पर सहमति जताने की औपचारिकता पूरी करते हुए कहा कि अगर चुनाव लड़ने से पार्टी और गठबंधन का प्रदर्शन बेहतर होता है, तो वह जरूर चुनाव लड़ेंगे। चिराग के स्टैंड ने इंडी अलायंस में हलचल मचा दी है और तेजस्वी यादव के लिए भी टेंशन बढ़ा दी है। क्या है चिराग पासवान के फैसले का मतलब और इसका बिहार चुनाव पर क्या हो सकता है असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

बिहार की सियासी तपिश बढ़ने के साथ ही लोजपा ( आर ) के प्रमुख चिराग पासवान ने विधानसभा चुनाव लड़ने का एलान कर दिया है। चिराग अभी मोदी सरकार में मंत्री हैं, लेकिन उन्होंने केंद्र की राजनीति की बजाय बिहार की सियासत में किस्मत आजमाने का फैसला किया है। यही नहीं, उन्होंने किसी आरक्षित सीट की जगह किसी सामान्य सीट से चुनाव लड़ने का भी फैसला किया है। चिराग के बिहार की राजनीति में उतरने का दांव राजद नेता तेजस्वी यादव की युवा सियासत और लोकप्रियता का मुकाबला करने की रणनीति है या फिर लोजपा की सियासी ख्वाहिश, यह सवाल बेहद अहम है।

बिहार के मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर राजद के नेता तेजस्वी यादव पहली पंसद बने हुए हैं। सीएम नीतीश कुमार से दोगुनी लोकप्रियता तेजस्वी की है। इंडिया ब्लॉक ने भले ही तेजस्वी को सीएम पद का चेहरा घोषित न किया हो, लेकिन उन्हीं की अगुवाई में इस बार का चुनाव लड़ने का फैसला किया है। इस तरह तेजस्वी बनाम नीतीश के बीच बिहार का चुनाव सिमटता जा रहा है। ऐसे में चिराग पासवान ने बिहार चुनाव लड़ने का एलान कर अपनी दावेदारी भी पेश कर दी है, जो तेजस्वी के लिए एक चुनौती है, तो यह नीतीश के लिए भी किसी टेंशन से कम नहीं। चिराग ने सीधे मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए जो पासा फेंका है, उसने साफ कर दिया है कि भाजपा अब अपना हर दांव चलने के लिए तैयार है।

### बिहार के रण में चिराग ने ठोकी ताल

सियासत में चिराग पासवान ने 2014 में कदम रखा था और उसके बाद से लगातार लोकसभा चुनाव ही लड़ते रहे हैं। इस दौरान दो बार विधानसभा चुनाव हुए, लेकिन एक बार भी किस्मत नहीं आजमायी। अब 2025 के विधानसभा चुनाव में वह पहली बार विधानसभा चुनाव में उतरेंगे। लोजपा की बैठक में चिराग पासवान के विधानसभा चुनाव लड़ने के प्रस्ताव पर फाइनल मुहर लगी। साथ ही लोजपा ने यह फैसला भी लिया कि चिराग आरक्षित सीट की जगह सामान्य सीट से चुनाव लड़ेंगे।

### नीतीश-तेजस्वी की सियासत पर पड़ेगा असर

नीतीश-तेजस्वी चिराग पासवान के विधानसभा चुनाव में उतारने का फैसला बिहार की राजनीति में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। राजनीति के जानकार कहते हैं कि चिराग पासवान बिहार में अपनी सियासी ताकत बढ़ाना चाहते हैं। उनकी अपनी कुछ राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं भी हैं। चिराग बिहार में अपना भविष्य देख रहे हैं। उनके चुनाव लड़ने से नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव, दोनों की सियासत पर असर पड़ सकता है। इसी रणनीति के तहत उन्होंने केंद्र में मंत्री रहते हुए भी विधानसभा चुनाव लड़ने की दांव चला है।



### तेजस्वी का काउंटर प्लान हैं चिराग

नीतीश कुमार अब उम्रदराज हो रहे हैं और उनकी राजनीतिक पकड़ भी कमजोर हो रही है। वह 2025 में एनडीए का चेहरा जरूर हैं, लेकिन 2020 में भाजपा उन्हें आगे करके सियासी नतीजे देख चुकी है। ऐसे में चिराग पासवान की पार्टी को लगता है कि आगे चलकर एनडीए में एक ऐसे चेहरे की जरूरत होगी, जिसे चिराग पासवान पूरा कर सकते हैं। इतना ही नहीं, तेजस्वी यादव की जिस तरह की लोकप्रियता बिहार में देखी जा रही है, वह जदयू के साथ-साथ भाजपा और उसके घटक दलों को जरूर चिंता में डाल रही है।

### भाजपा के लिए बड़ी चुनौती

बिहार में जिस तरह से तेजस्वी का सियासी ग्राफ लगातार बढ़ा है और नीतीश कुमार का ग्राफ कम होता चला गया है, उससे सबसे ज्यादा चिंता भाजपा को है। बिहार का चुनाव भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बना हुआ है। भाजपा किसी भी तरह का कोई रिस्क नहीं लेना चाहती है। भाजपा 2020 में नीतीश कुमार के चेहरे पर चुनाव लड़ी थी और एनडीए के हाथों से सत्ता जाते-जाते बची थी। इसीलिए भाजपा इस बार बहुत ही सावधानी बरत रही है। एनडीए जरूर सीएम नीतीश के चेहरे पर चुनाव लड़ रहा है, लेकिन तेजस्वी की लोकप्रियता का भी ख्याल रख रही है।

### चिराग बनाम तेजस्वी बनाने की कोशिश

तेजस्वी यादव के सामने चिराग पासवान एक युवा चेहरा होंगे। बिहार में युवा नेता के तौर पर सिर्फ तेजस्वी का नाम ही सबसे आगे है। उन्हें लालू प्रसाद यादव की राजनीतिक विरासत भी मिली है। जातिगत समीकरण भी उनके साथ हैं। बिहार के दो-तिहाई मतदाताओं (मुस्लिम-यादव) पर उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। ऐसे में चिराग विधानसभा चुनाव लड़ते हैं, तो तेजस्वी की चुनौती बढ़ जायेगी।

### चिराग में भाजपा देख रही फायदा

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि चिराग पासवान के विधानसभा चुनाव लड़ने के फैसला भाजपा के बैकअप प्लान का हिस्सा है। इसीलिए भाजपा के तमाम बड़े नेता चिराग पासवान के फैसले का स्वागत कर रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यश्र दिलीप जायसवाल ने चिराग के विधानसभा चुनाव लड़ने के कदम का स्वागत करते हुए कहा कि इससे एनडीए को फायदा होगा। बिहार में जहां भी चिराग जाते हैं, उन्हें देखने-सुनने के लिए भीड़ उमड़ पड़ती है।

### चिराग की लोकप्रियता बढ़ी है

चिराग पासवान सीएम फेस की लोकप्रियता के मामले में तेजस्वी यादव, नीतीश कुमार और प्रशांत किशोर से पीछे जरूर हैं। लेकिन फरवरी से मई के बीच उनकी लोकप्रियता में इजाफा हुआ है।

एक सर्वे के मुताबिक फरवरी में 3.7 फीसदी, अप्रैल में 5.8 फीसदी और मई में 10.6 फीसदी लोगों ने उन्हें सीएम चेहरे के तौर पर पसंद किया। इस तरह उनकी लोकप्रियता भाजपा नेता सम्राट चौधरी से कहीं ज्यादा है। इस बात को भाजपा भी बखूबी समझ रही है।

### सर्वजन का नेता बनने का भी प्लान

चिराग पासवान का सामान्य सीट से चुनाव लड़ने का फैसला भी एक बड़ा दांव माना जा रहा है। वह जातिवादी राजनीति से दूर रहने की कोशिश करते हैं, जो आज की युवा पीढ़ी को पसंद है। चिराग युवा वर्ग में जातिगत दायरे से बाहर भी लोकप्रिय हैं। नये जेनरेशन को वह इसलिए पसंद हैं, क्योंकि उन्होंने अपने भाषणों में कभी जातिवादी राजनीति करने की कोशिश नहीं की।

अब जब उन्होंने सामान्य सीट से चुनाव लड़ने का फैसला किया है, तो वह यह संदेश देना चाहते हैं कि वह सक्षम हैं और उनकी स्वीकार्यता सभी वर्गों में है। सामान्य सीट से चुनाव मैदान में उतरकर चिराग यह भी बताना चाहते हैं कि सुरक्षित सीट को वह कमजोर तबके के नेता के लिए खाली छोड़ेंगे, जो एक बड़ा राजनीतिक संदेश होगा।

इस तरह चिराग पासवान खुद को दलित दायरे में रखने की बजाय सर्वजन के नेता बनने की फिराक में हैं। इसीलिए वह एक के बाद एक बड़ा सियासी दांव चल रहे हैं।

---

# कांग्रेस के डीएनए में आत्मसमर्पण भारत कभी नहीं झुकता: जेपी नड्डा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार किया है। नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राहुल गांधी आत्मसमर्पण आप करते होंगे, आपकी पार्टी ने किया होगा, आपके नेताओं ने आत्मसमर्पण किया होगा, क्योंकि आपका इतिहास ही ऐसा रहा है, लेकिन भारत कभी आत्मसमर्पण नहीं करता। आत्मसमर्पण आपकी कांग्रेस पार्टी के शब्दकोष में है, आपके डीएनए में है।



एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, राहुल गांधी, आपको अपनी पार्टी की सरकारों का कार्यकाल याद करना चाहिए कि किस तरह आपने इतिहास में आत्मसमर्पण किया। भाजपा प्रमुख ने कहा, आपने आतंकवाद के सामने आत्मसमर्पण किया, शर्म-अल-शेख में आत्मसमर्पण किया, 1971 की लड़ाई जीतने के बाद शिमला में टेबल पर आत्मसमर्पण किया, सिंधु जल समझौते में आत्मसमर्पण किया, हाजी पीर दर्रा का आत्मसमर्पण किया, छंब सेक्टर के 160 किमी इलाके का आत्मसमर्पण किया, 1962 की लड़ाई में आत्मसमर्पण किया, 1948 में आत्मसमर्पण किया और यहां तक कि देश की आजादी के समय मुस्लिम लीग के भी सामने आत्मसमर्पण किया।

नड्डा ने कहा, भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुस कर उसके 11 एयरबेस को तबाह किया, नौ आतंकी अड्डों को ध्वस्त किया, 150 से ज्यादा आतंकी मारे। पाकिस्तान तो रोते-रोते दुनिया को बता रहा है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 18 जगह हमला करके सब कुछ तबाह कर दिया और राहुल गांधी देश के आत्मसमर्पण की बात कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, राहुल गांधी को पता होना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की घोषणा सरकार ने या भाजपा के किसी प्रवक्ता ने नहीं की थी, बल्कि भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने की थी। ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की वीरता, शौर्य एवं पराक्रम का उद्घोष है। वास्तव में जिनकी नीतियां आत्मसमर्पण की रही हो, उन्हें इसके आगे कुछ सूझ भी नहीं सकता, क्यों, ऐसा ही है न राहुल गांधी जी।

भाजपा प्रमुख ने कहा, राहुल गांधी द्वारा भारतीय सेना के अप्रतिम शौर्य एवं पराक्रम को आत्मसमर्पण कहकर संबोधित करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि भारतीय सेना और राष्ट्र के साथ-साथ 140 करोड़ भारतवासियों का भी घोर अपमान है। अगर कोई पाकिस्तानी भी ऐसा कहता, तो हम उस पर हंसते भी, लेकिन जिस तरह से ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान में तबाही मचायी, उसके बाद पाकिस्तान की जनता से लेकर उसकी सेना और उसके प्रधानमंत्री ने भी ऐसा कहने की हिम्मत नहीं की, लेकिन राहुल गांधी ऐसा बोल रहे हैं। यह देशद्रोह से कम नहीं है।

---

# पंजाब में पाकिस्तान के दो जासूस गिरफ्तार

**ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी लीक करने का आरोप**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुरदासपुर।** पंजाब पुलिस ने गुरदासपुर में जासूसी विरोधी अभियान में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उन पर संवेदनशील सैन्य जानकारी लीक करने का आरोप है। डीजीपी गौरव यादव के अनुसार सुखप्रीत सिंह और करणबीर सिंह ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी गोपनीय जानकारी साझा कर रहे थे। उनके संबंध पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ से बताये जा रहे हैं। आरोपियों के पास से मोबाइल फोन और जिंदा कारतूस बरामद किये गये हैं।

डीजीपी ने बताया कि विश्वसनीय खुफिया सूचना मिली थी कि आरोपित सुखप्रीत सिंह (पुत्र गुरमीत सिंह निवासी आदियां) और करणबीर सिंह (पुत्र गुरमेल सिंह निवासी चंदूवडाला) ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित गोपनीय जानकारी साझा करने में लगे हुए थे। इस जानकारी में पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में सेना की आवाजाही और प्रमुख रणनीतिक स्थानों की जानकारी शामिल थी। दोनों के संबंध पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ के साथ हैं। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके मोबाइल फोन की फॉरेंसिक जांच से खुफिया सूचनाओं की पुष्टि हुई है।



### कांग्रेस नेता का पूर्व पीए भी पाकिस्तान भेजता था लोकेशन

**जयपुर (आजाद सिपाही)।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार राजस्थान के कांग्रेस नेता सह मंत्री का पूर्व पीए शकूर खान 15 साल में सात बार पाक गया था। वहां वह 60 दिन से अधिक रह चुका है। शकूर ने राजस्थान इंटेलिजेंस के सामने कई खुलासे किये हैं। शकूर खान के खुलासों की पुष्टि उसके मोबाइल से भी हो चुकी है। शकूर के पास पाकिस्तान दूतावास के कई अधिकारियों के नंबर और चैट मिले हैं। शकूर आइएसआइ के कई लोगों के साथ लगातार चैट कर रहा था। कुछ मैसेज में लोकेशन और नाम तक भेजे हुए हैं।

---

# अक्टूबर 2026 से चार राज्यों में जातीय जनगणना

**बाकी राज्यों में मार्च 2027 से होगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार दो चरणों में जातीय जनगणना करायेगी। गृह मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि पहले चरण की शुरुआत एक अक्टूबर 2026 से होगी। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर चार पहाड़ी राज्यों- हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में जातीय जनगणना करायी जायेगी। एक मार्च 2027 से दूसरे चरण में बाकी राज्यों को कवर किया जायेगा। गृह मंत्रालय ने बताया कि जातियों की गणना के साथ-साथ सामान्य जनगणना भी कराने का फैसला लिया गया है।



इससे जुड़ी अधिसूचना 16 जून तक आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित की जायेगी। केंद्र ने 30 अप्रैल को जातीय जनगणना कराने का एलान किया था। देश में आजादी के बाद यह पहली जातीय जनगणना होगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि जातीय जनगणना को मूल जनगणना के साथ ही कराया जायेगा। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल जाति जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं। देश में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। इसे हर 10 साल में किया जाता है। इस हिसाब से 2021 में अगली जनगणना होनी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था।

**2011 में सामाजिक-आर्थिक गणना हुई, आंकड़े जारी नहीं**

मनमोहन सिंह सरकार के दौरान 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना करवायी गयी थी। इसे ग्रामीण विकास मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने करवाया था। हालांकि इस सर्वेक्षण के आंकड़े कभी भी सार्वजनिक नहीं किये गये। ग्रामीण विकास मंत्रालय की वेबसाइट पर इसके एससी-एसटी हाउसहोल्ड के आंकड़े ही जारी किये गये हैं।

# आज जारी होगा जैक इंटर आर्ट्स का रिजल्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) 5 जून को दिन के 12 बजे इंटर आर्ट्स का रिजल्ट जारी करेगा। यह रिजल्ट जैक के अध्यक्ष डॉ नटवा हंसदा द्वारा जारी किया जायेगा। इससे पहले 31 मई को जैक द्वारा इंटर कॉमर्स और साइंस का परिणाम जारी किया जा चुका है। अब गुरुवार को आर्ट्स का परिणाम जारी होगा। बता दें कि जैक द्वारा रिजल्ट आप www. jacresults. com या www. results. digilocker. gov.in पर देख सकेंगे। वेबसाइट पर रिजल्ट दोपहर 2:15 बजे उपलब्ध रहेगा।

# राष्ट्रद्रोही बयान दे रहे राहुल गांधी: बाबूलाल मरांडी



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को कांग्रेस के शीर्ष नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। मरांडी ने कहा कि राहुल गांधी राष्ट्र विरोधी, भारत विरोधी शक्तियों के हाथों खेल रहे। उन्हें अपने पद और दायित्व की मर्यादा मालूम नहीं है। उन्होंने कहा कि पद पाना और उसके अनुरूप आचरण करना दोनों में बड़ा अंतर है। उनके व्यवहार और बयानों से बार-बार ऐसा लगता है कि वे इसके काबिल नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी इन्होंने कई बार अपनी अल्प ज्ञान और योग्यता, छोटी सूझबूझ का परिचय दिया है। राहुल गांधी ही हैं जिन्होंने अपनी पार्टी के नेता और तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कैबिनेट में लिये फैसले को चौराहे पर फाड़ दिया था। उन्होंने कहा कि इसके अलावा विदेशी धरती पर भारत की आलोचना करना, चीन के पक्ष में खड़े रहना, ऑपरेशन और सर्जिकल स्ट्राइक का सेना से प्रमाण और सबूत मांगना इनकी अल्पज्ञात और देश की सेना, संविधान और राष्ट्र के प्रति नफरत को बताता है। राहुल गांधी रोज अपने बयानों से देश की 140 करोड़ जनता को अपमानित करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत प्रगति के पथ पर तीव्र गति से अग्रसर है। और राष्ट्र विरोधी शक्तियों को उनके घर में घुसकर मुहतोड़ जवाब दे रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस को नेस्तनाबूद करके ही दम लेंगे। कांग्रेस मुक्त भारत का संकल्प वही पूरा करेंगे।

## गांडेय विधायक ने विराट-अनुष्का का इमोशनल मोमेंट किया शेयर

# हर पत्नी समझ सकती ये पल : कल्पना सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आइपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की ऐतिहासिक जीत के बाद विराट कोहली और अनुष्का शर्मा के भावुक लम्हे ने करोड़ों दिलों को छू लिया। इस मोमेंट को झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने भी सोशल मीडिया पर साझा कर भावुक पोस्ट लिखा, जिसमें उन्होंने एक पत्नी के नजरिए से उस क्षण की गहराई को बयां किया।


कल्पना ने अपने पोस्ट में विराट और अनुष्का की इमोशनल मोमेंट की तस्वीर भी शेयर की है, जिसमें विराट कोहली की आंखें नम हैं, जबकि अनुष्का शर्मा पवेलियन में मुस्कुरा रही हैं।

**मैंने भी यह दर्द महसूस किया है :** कल्पना सोरेन ने लिखा कि यह दृश्य हर उस स्त्री को छू जायेगा, जिसने अपने पति को संघर्ष करते, टूटते और फिर उठकर लक्ष्य की ओर बढ़ते देखा है। उन्होंने कहा कि बीते एक साल में उन्होंने भी इसी तरह के दर्द और उम्मीदों को बहुत करीब से महसूस किया है।

गांडेय विधायक ने विराट कोहली और आरसीबी टीम के 18 साल के लंबे संघर्ष की सराहना की और लिखा कि इस सफर में उन्हें आलोचना भी झेलनी पड़ी, लेकिन जिस जज्बे और समर्पण के साथ वे मैदान में टिके रहे, आज उसी का नतीजा है ये ऐतिहासिक जीत।

**आरसीबी और पंजाब की टीम को बधाई :** कल्पना सोरेन ने आरसीबी की टीम को जीत की बधाई दी। साथ ही पंजाब की टीम की तारीफ भी की, पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने लिखा कि आरसीबी की जीत न केवल उनके लिए बल्कि पूरे देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।





### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी दी बधाई

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी आरसीबी को जीत की बधाई दी और कहा कि यह जीत उनके लिए एक बड़ी प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि विराट कोहली और उनकी टीम का संघर्ष और समर्पण हमें सिखाता है कि कैसे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण की आवश्यकता होती है।








वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार P.R. 354274 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW


## गांडेय विधायक ने सेपक टकरा विजेता खिलाड़ियों से की मुलाकात

# खेल से युवा अनुशासित बनते हैं : कल्पना सोरेन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने आज गिरिडीह परिसदन में सेपक टकरा की जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, गिरिडीह परिसदन में सेपक टकरा जिला स्तरीय प्रतियोगिता की विजेता खिलाड़ियों से भेंट हुई। सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।

विधायक ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासित, समर्पित और लक्ष्य के प्रति सजग बनाते हैं। उन्होंने जिले में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने की दिशा में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों ने भी विधायक से मिलकर प्रसन्नता जाहिर की और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। बता दें कि बुधवार गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन बुधवार को अपने दो दिवसीय दौरे के सिलसिले में गिरिडीह परिसदन भवन पहुंचीं हैं। इस अवसर पर गिरिडीह के उपायुक्त रामनिवास यादव और पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने दौरे के दौरान विधायक गांडेय विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगी। बुधवार को उन्होंने स्कूली छात्राओं से मुलाकात की और उन्हें प्रमाण पत्र भी वितरित किये।

### अबुआ आवास योजना के लाभुकों को आवास की चाबी सौंपी

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** बुधवार को गिरिडीह के प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि अबुआ आवास योजना के लाभुकों को नवनिर्मित आवास की चाबी सौंपने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हर झारखंडवासी का हो अपना घर, इस सपने को साकार कर रही है हमारी अबुआ सरकार।




## कांग्रेसजनों ने जन्मदिन पर युवा कांग्रेस नेता को दी बधाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** युवा कांग्रेस नेता रोहित सिन्हा ने कांग्रेस भवन में बुधवार को केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर वहां उपस्थित कांग्रेस जनों को रोहित सिन्हा ने केक खिलाकर खुशियां बांटी। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने रोहित सिन्हा को आशीर्वाद देते हुए कहा कि स्वस्थ और खुशहाल रहे और कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। वहां उपस्थित नेताओं ने केक खिलाकर रोहित सिन्हा के साथ खुशियां साझा किया।

मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, गजेंद्र सिंह, सोनल शांति, कुमार राजा, अमरेंद्र सिंह, राकेश किरण महतो, राजेश चंद्र राजू, जगदीश साहू, युवा कांग्रेस के कुमार रोशन ,कुलदीप कुमार, सौरव अग्रवाल, गौरव सिंह टिंकू, रिंकू आदि कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### लीगल कैंप में ग्रामीणों ने शिकायत की




**रांची (आजाद सिपाही)।** इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज के छात्रों द्वारा बिरसमुंडा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अंतर्गत हेतु गांव में नि:शुल्क लीगल एड एंड लीगल अवेयरनेस का कैंप लगाया गया। कैंप में लोगों ने बहुत सारी शिकायतें बतायी। लोगों वृद्धा पेंशन , लाल कार्ड, पीला कार्ड , जमीन अधिग्रहण ,छोटा नागपुर टीनेंसी एक्ट ओर अनेक मामलों के बारे में जानकारी दी गयी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### साहू नर्सरी में एक सौ से अधिक प्रजातियों के आम के पौधे



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची से महज 20 किलोमीटर की दूरी पर साहू नर्सरी में जापान के विशेष प्रजाति के आम मियाजाकी की कीमत इंटरनेशनल मार्केट में दो हजार रुपये से लेकर ढाई लाख रुपये प्रति किलो है। जो कि यहां पर पांच सौ रुपये हाथों-हाथ मिलेगा। साहू नर्सरी में 80 रुपये से लेकर दो हजार रुपये प्रति किलो की दर से बिकने वाले आमों के पौधे यहां उपलब्ध हैं। यहां पर एक सौ से अधिक प्रजाति के आमों के पौधे आपको मिलेंगे। इनमें मुख्यत: जर्दालू, हिमसागर, लंगड़ा, दूधिया लंगड़ा, दशहरी, बेस्ट चौसा, आम्रपाली, मलिका, उषा, अनामिका, अल्फांसो, चीनी दोफला, तोड़ा दोफला, थाई मैगों, बनाना मैंगो, कृष्णा भोग, शूकुल एल 49, थाई 7, थाई 5, फोर केजी, बैसाखी आदि उपलब्ध है। नींबू की प्रजाति झारखंड के मौसम के हिसाब से सालों भर फल देने वाला यहां आपको मिलेगा। अमरूद, मौसमी, केला, अनार, शाही लीची, आवाकाडो, अंजीर, ब्लैकबेरी, ब्लूबेरी स्ट्रॉबेरी, अननाश, नाशपाती, फूलों की सभी प्रजातियां इंडोर और आउटडोर यह उपलब्ध है। पिस्का नगड़ी के साहू नर्सरी में नेशनल से लेकर इंटरनेशनल सभी प्रजाति के आम उपलब्ध है।

### दक्षिण पूर्व रेलवे में कवच प्रणाली का क्रियान्वयन

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** दक्षिण पूर्व रेलवे में ट्रेन सेवाओं की सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, 324.54 करोड़ की लागत से कवच प्रणाली के क्रियान्वयन का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। यह परियोजना रेलवे नेटवर्क पर एक अतिरिक्त सुरक्षा परत प्रदान करने का लक्ष्य रखती है। कवच प्रणाली, जो कि एक टकराव-रोधी तकनीक है, को 525 रूट किलोमीटर (आरकेएम) और 136 लोकोमोटिव्स पर स्थापित किया जायेगा। यह कार्य एसइआर कवच बैलेंस वर्क्स के अंतर्गत किया जायेगा। इस परियोजना के पूर्ण होने पर अपेक्षित उपलब्धियां निम्नलिखित हैं: दक्षिण पूर्व रेलवे पर 100% कवच कवरेज की प्राप्ति,टकरावों और सिग्नल उल्लंघनों से पूर्ण सुरक्षा, शून्य दुर्घटना वाले रेल नेटवर्क की दिशा में एक बड़ा कदम, यह पहल भारतीय रेल के सुरक्षित, स्मार्ट और विश्वसनीय भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण योगदान सिद्ध होगी।

### बीपीएल कोटा के अंतर्गत 672 बच्चों का चयन



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची में बीपीएल कोटा के अंतर्गत 672 बच्चों का चयन प्रतिष्ठित निजी विद्यालयों में नामांकन होने पर बुद्धिजीवी वर्ग के तीन सदस्य प्रतिनिधि मंडल ने रांची डीएसी बादल राज से मुलाकात कर बधाई दी। बीपीएल कोटा के अंतर्गत शिक्षा अधिनियम 2009 के तहत नामांकन प्रक्रिया पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में संतोष कुमार रजक, उपेंद्र कुमार रजक और लोकेश खलखो शामिल थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गरीब बच्चों के निशुल्क शिक्षा में रांची उपायुक्त व डीएससी के पहल का स्वागत करते हैं। 1217 सीटों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। इसमें 672 बच्चों का चयन प्रतिष्ठित निजी विद्यालयों में नामांकन के लिए किया गया। चयनित विद्यालयों में डीपीएस, डीएवी श्यामली, सुरेंद्रनाथ और डीएवी ग्रुप शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि आय के सीमा को 72000 से बढ़ाकर 2,00000 करने की मांग की गयी ताकि कोई बीपीएल बच्चा छूटे नहीं। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल जल्द ही शिक्षा सचिव से मिलेगा।

## पांच जून से 15 अगस्त तक एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम चलायेगी भाजपा : बालमुकुंद सहाय



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने बताया कि भाजपा के लाखों कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संकल्पित हैं। बताया कि पर्यावरण दिवस 5 जून से यह कार्यक्रम प्रारंभ होकर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक चलाया जायेगा। कहा कि प्रदेश के सभी 29 हजार बूथों के प्रत्येक गांव, टोले मुहल्ले में लाखों पेड़ लगाये जायेंगे। कहा कि जैसे जन्मदात्री मां बच्चे को जन्म देती है, पालन पोषण करती है वैसे ही धरती मां भी हम सभी का पालन पोषण करती है। धरती को हरा भरा बनाना, उसे बंजर होने से बचाना जीव मात्र के कल्याण के लिए जरूरी है। उन्होंने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता केवल राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं बल्कि एक सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं जिन्हें समाज के अन्य समस्याओं की भी चिंता रहती है। भाजपा कार्यकर्ता देश के लिए जीता और मरता है। बताया कि पर्यावरण के संरक्षण के बिना विकसित भारत का संकल्प अधूरा होगा। बताया कि 5 जून को प्रदेश के सभी शीर्ष, नेता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्रों में पौध रोपण करेंगे। बताया कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह साहेबगंज में पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ओरमांझी प्रखंड अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर, कूल्ही, डॉ प्रदीप वर्मा नामकुम के होरहाप और तुपुदाना में रांची महानगर में विधायक सीपी सिंह लालपुर मंडल में, विधायक नवीन जायसवाल अरगोड़ा मंडल में, बालमुकुंद सहाय सुखदेव नगर दक्षिण, पहाड़ी मंदिर के पास पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत युवाओं को मिला साइबर सुरक्षा और रोजगार मार्गदर्शन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के तहत मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र, शक्ति इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड, तिलता चौक, रांची में एक महत्वपूर्ण रोजगार मार्गदर्शन एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम युवाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने और उन्हें रोजगार के अवसरों और दिशा-निदेशों के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया, जिनमें विभिन्न क्षेत्रों के युवा शामिल थे। कार्यक्रम में साइबर पीस फाउंडेशन के विशेषज्ञों के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम रांची जिला के परियोजना सहायक अमित कुमार विजय ने भी युवाओं को रोजगार के नये अवसरों, करियर मार्गदर्शन, और डिजिटल सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। रांची जिला के परियोजना सहायक अमित कुमार विजय ने युवाओं को सतत विकास लक्ष्यों के महत्व और उनके व्यवहारिक क्रियान्वयन के बारे में भी बताया। कार्यक्रम के अंत में इंटरऐक्टिव प्रश्नोत्तर, रियल-लाइफ केस स्टडीज, और प्रशिक्षण प्रमाणपत्र वितरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चंद्रशेखर आजाद, शुभांगी सिफा, किशोर कुमार सिंह, निधि सिंह, रूपेश कुमार, चित्रकांत जयसवाल, शक्ति प्रसाद, आशीष कुमार और उमेश कुमार उपस्थित थे।

## चिनाब रेल ब्रिज : राष्ट्र की संकल्प गाथा का अनमोल अध्याय साबित होगा

अद्भुत इंजीनियरिंग और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है

जम्मू-कश्मीर की घाटी को पहली बार ट्रेन से देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाली यह अभिनव कीर्ति



### राष्ट्रीय एकीकरण का प्रतीक

कश्मीर घाटी का सड़क संपर्क हर सर्दी में भारी बर्फबारी के कारण बाधित हो जाता है, जिससे क्षेत्र का देश के बाकी हिस्सों से संपर्क टूट जाता है। इस नई रेलवे लाइन से भारत को न केवल एक स्थायी और भरोसेमंद कनेक्टिविटी मिलेगी, बल्कि यह उसे संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रें में रणनीतिक बढ़त भी देगी। यह रेल लिंक भारत को पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर पाकिस्तान और चीन द्वारा किसी भी दुस्साहसिक प्रयास का प्रबंधन करने की क्षमता प्रदान करेगा। यह पुल साल भर सैन्य उपकरणों और कर्मियों को सीमाओं तक पहुंचाने में सहायक होगा।

दिलीप कुमार

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** आजादी के समय भारत के अधिकांश क्षेत्र रेल नेटवर्क से जुड़े हुए तो थे, लेकिन महत्त्व का जो क्षेत्र अलग-थलग था, वह था जम्मू-कश्मीर। यह क्षेत्र भौगोलिक रूप से पहुंच से दूर था, लेकिन रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण था। फिर भी हिमालय की गोद में बसा यह रियासती प्रदेश दशकों तक भारतीय रेल नेटवर्क से कटा रहा। इस क्षेत्र को एक मजबूत रेल नेटवर्क से जोड़ना न केवल एक तकनीकी और भौगोलिक चुनौती थी, बल्कि एक भावनात्मक दूरी भी इसे राष्ट्र की मुख्यधारा से अलग करती रही। आज इस दूरी को एक महान राष्ट्रीय संकल्प, अद्भुत इंजीनियरिंग और दूरदर्शी नेतृत्व के द्वारा समाप्त किया जा रहा है और वह साधन है चिनाब रेल ब्रिज। भारतीय रेल द्वारा बनाया गया चिनाब ब्रिज, दुनिया का सबसे ऊंचा सिंगल- आर्च रेलवे ब्रिज है। यह जल्द ही जम्मू-कश्मीर की घाटी को पहली बार ट्रेन से देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने जा रहा है।

**दुनिया का सबसे ऊंचा ब्रिज :** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित चिनाब नदी पर बना प्रतिष्ठित चिनाब रेल पुल न केवल एक अभूतपूर्व इंजीनियरिंग उपलब्धि है, बल्कि यह भारत के संकल्प, सामर्थ्य और रणनीतिक सोच का प्रतीक भी है। इस अद्वितीय परियोजना को पूरा होने में 20 वर्ष से अधिक का समय लगा और आज यह विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे पुल बन चुका है। दुनिया के इतिहास में यह पुल भारत का गौरव बढ़ायेगा।

एफिल टावर से 35 मीटर ऊंचा यह स्टील आर्च पुल 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और इसे बक्कल और कौंड़ी को जोड़ने के लिए बनाया गया है। यह पुल न केवल इन दो किनारों को जोड़ता है, बल्कि कश्मीर घाटी को भारत के रेल नेटवर्क से सीधे जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम भी है।

**पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा:** अब तक कश्मीर में रेल सेवा केवल संगलदान से बारामूला तक ही सीमित थी। यह ब्रिज न केवल भौगोलिक दूरी को पाटता है, बल्कि यह भारत के सामरिक उद्देश्यों, क्षेत्रीय समावेश और आर्थिक विकास की दिशा में भी एक मील का पत्थर सिद्ध हो रहा है।

## टिकटिंग दक्षता में नया मील का पत्थर

# एंटी-बॉट उपायों के साथ अब टिकट की बुकिंग

22 मई, 2025 को एक मिनट में अब तक की सबसे अधिक 31,814 टिकटों की बुकिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेल ने पारदर्शिता, सुरक्षा और उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से अपने टिकटिंग ढांचे का व्यापक डिजिटल आधुनिकीकरण किया है। अत्याधुनिक एंटी-बॉट सिस्टम की तैनाती और एक अग्रणी कंटेंट डिलीवरी नेटवर्क (सीडीएन) सेवा प्रदाता के साथ एकीकरण के माध्यम से, रेलवे ने असामाजिक एजेंटों द्वारा की जाने वाली स्वचालित और अवैध बुकिंग पर प्रभावी रोक लगायी है और वास्तविक उपयोगकर्ताओं के लिए वेबसाइट की पहुंच में उल्लेखनीय सुधार किया है। नयी प्रणाली ने टाट्काल बुकिंग के पहले पांच मिनटों में चरम पर पहुंचने वाले बॉट ट्रैफिक को सफलतापूर्वक कम किया है, जो कुल लॉगिन प्रयासों का लगभग 50% तक होता था। इस उन्नयन से वास्तविक यात्रियों को बेहतर पहुंच सुनिश्चित हुई है। साथ ही, 2.5 करोड़ संदेहास्पद यूजर आइडी को निष्क्रिय किया गया है।

22 मई, 2025 को एक नयी उपलब्धि हासिल हुई, जब एक मिनट में 31,814 टिकटों की ऐतिहासिक बुकिंग दर्ज की गयी, जो प्लेटफॉर्म की मजबूती और स्केलेबिलिटी को दर्शाती है।

### श्री महावीर मंदिर में नवनिर्मित श्री राम जानकी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा आज

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के पंडरा स्थित श्री महावीर मंदिर में नवनिर्माण हुए श्री राम जानकी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा एवं शुभ उद्घाटन गुरुवार को होगा। इस अवसर पर कलश यात्रा निकाली जायेगी और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे से होगा। उद्घाटन के उपरांत भव्य भंडारा का आयोजन किया जायेगा।




# हिमालय की गोद में तकनीक और साहस का अनोखा संगम

## उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना



संतोष कुमार झा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
कोंकण रेलवे कॉरपोरेशन लिमिटेड



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना स्वतंत्रता के बाद की सबसे चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं में से एक है। यह परियोजना इस लिहाज से भी आवश्यक है कि जम्मू-कश्मीर को भारतीय रेल नेटवर्क से जोड़ने हेतु एक वैकल्पिक और विश्वसनीय परिवहन प्रणाली है। राज्य में निर्बाध और सुविधाजनक संपर्क सुनिश्चित करने की दृष्टि से, इस परियोजना को वर्ष 2002 में राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया गया। परियोजना का एक भाग-कटड़ा से धरम खंड किमी 30.00 से किमी 72.390 और किमी 91 से किमी 101.635 तक (कुल 52.20किमी) के कार्यान्वयन हेतु कोंकण रेलवे को सौंपा गया। इसमें कुल 44.59किमी यानी 85.5%हिस्सा टनलों में, 4.6किमी यानी 8.8%पुलों पर और शेष 5.7कि.मी. कटिंग व भराव में है। इसके अतिरिक्त, कोंकण रेलवे ने 172किमी की परियोजना सड़कों का निर्माण किया, जिनमें 404 मीटर लंबी सड़क सुरंग, 138 मीटर लंबा पुल (चिनाब घाटी पर) और कई अस्थायी बैली ब्रिज शामिल हैं।

### प्रमुख विशेषताएं

- दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज, जो नदी तल से 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है।
- केबल क्रेन असेंबली, जिसमें पैलोन सहित 915 मीटर का स्पैन है, दुनिया में सबसे लंबा है। 127 मीटर ऊंचा पैलोन, कुतुब मीनार से 72 मीटर ऊंचा है।
- दुनिया में पहली बार, इस पुल को ब्लास्ट लोड (विस्फोट भार) के लिए डिजाइन किया गया है, जो डीआरडीओ के साथ परामर्श में तैयार किया गया है।
- डिजाइन में अतिरिक्त संरचनात्मक सुरक्षा रखी गयी है।
- यदि कोई एक पियर/ट्रेसल हटाया जाये तब भी पुल स्थिर रहेगा।
- पुल ध्वस्त नहीं होगा और 30किमी/घंटा की गति से संचालित रह सकता है।
- देश में पहली बार, 2.74 डिग्री के घुमाव पर स्थित पुल के हिस्से में प्लेट गर्डर को एक सिरे से पुश कर लॉन्च किया गया है। घुमावदार हिस्से की कुल लंबाई 268मीटर है।
- भारतीय रेल पर पहली बार, पुलों में वेल्डिंग की जांच के लिए फेज्ड एरे अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग मशीन का उपयोग किया गया है।
- एस-40 फाउंडेशन पर 130.855 मीटर ऊंचा स्टील पियर, जो देश का सबसे ऊंचा संरचनात्मक स्टील पियर है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW




## सरना, आदिवासी विरोधी है राज्य सरकार : आजसू

**आदिवासी आस्था से खिलवाड़ बंद करे राज्य सरकार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार सरना आदिवासी संस्कृति, परंपरा और भावनाओं को संरक्षित करने में विफल रही है। झामुमो-कांग्रेस की सरकार सरना आदिवासी विरोधी है, इसलिए बार-बार सिरम टोली सरना स्थल के सामने रैंप निर्माण का विरोध होने के बावजूद उनकी मांगों और भावनाओं को उपेक्षित किया जा रहा है। राज्य सरकार आदिवासियों की आस्था से खिलवाड़ बंद करे।

आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि झारखंड बंद की सफलता के लिए सरना आदिवासी संगठनों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि आजसू आरंभ से ही आदिवासी संगठनों की मांगों का नैतिक समर्थन कर रही है। अगर राज्य सरकार चाहती तो सिरम टोली रैंप विवाद का समाधान कर सरना स्थल का मार्ग बाधित होने से बचाया जा सकता था। लेकिन राज्य सरकार ने इसमें कोई रुचि नहीं दिखायी। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के निर्देशों के बावजूद रैंप निर्माण नहीं रोका गया। राज्य सरकार हिटलरशाही पर उतर आयी है।

डॉ भगत ने कहा कि यह सरकार लगातार सरना आदिवासियों के धार्मिक स्थलों, जमीन, संस्कृति और अस्तित्व पर प्रहार कर रही है, जिससे स्पष्ट होता है कि इसकी नीयत और नीति दोनों में खोट है। डॉ भगत ने कहा कि राज्य सरकार आदिवासियों को हक नहीं देना चाहती, जिसका प्रमाण है पेसा कानून लागू नहीं करना। लापुंग में जमीन रक्षा के लिए आयोजित पड़हा समिति की बैठक में आये आदिवासियों पर पुलिस ने लाठी-गोली चलायी और उल्टा आरोप आदिवासियों पर मढ़ दिया गया।

# दिनदहाड़े जेवर दुकान में डकैती, 4 किलो चांदी लूटी

## साहिबगंज : आधा दर्जन नकाबपोश डकैतों ने 6 राउंड फायरिंग भी की

**साहिबगंज।** आधा दर्जन नकाबपोश अपराधियों ने बुधवार की शाम को पिस्टल के बल पर राजमहल थाना क्षेत्र के कल्याणचक बाजार स्थित न्यू दीपक ज्वेलर्स से करीब चार किलो चांदी के आभूषण लूट लिये। इस दौरान अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए आधा दर्जन राउंड फायरिंग भी की। घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अपराधियों ने बम भी रखा था।



न्यू दीपक ज्वेलर्स के मालिक तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के हाथीगढ़ निवासी अजीत शर्मा अपने दोनों बेटों दीपक शर्मा और विक्रम शर्मा के विवाह समारोह में बाहर जाने के कारण दुकान पर थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शाम करीब पौने पांच बजे तीन मोटरसाइकिल से छह नकाबपोश हाथ में पिस्टल लहराते उसकी दुकान के सामने पहुंचे। दो दुकान में प्रवेश कर गये और बाकी 4 सड़क के दोनों ओर खड़े हो गये।

दुकान के अंदर गये दोनों नकाबपोश में से एक ने अपनी पिस्टल से सीसीटीवी के टीवी स्क्रीन पर फायर कर उसे तोड़ दिया। फिर पिस्टल के बल पर दुकान में रखी चांदी के सभी आभूषण समेट लिये। इस दौरान विरोध करने पर दुकानदार अजीत शर्मा के साथ मारपीट भी की। आभूषण लेने के बाद दोनों अपराधी बाहर निकले और बाइक से तालझारी की ओर फायरिंग करते हुए भाग निकले।

### सूचना मिलते ही पहुंची दो थानों की पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही राजमहल व तालझारी थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गयी। एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में राजमहल प्रभारी थाना प्रभारी विक्रम कुमार व तालझारी थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडे दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। पुलिस ने दुकान के बाहर सड़क से एक खोखा भी बरामद किया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत से मजदूरों का हक मारा जा रहा है : अजय राय



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड में बड़ा एरियर घोटाला सामने आया है। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत से मजदूरों का हक मारा जा रहा है। अजय राय ने कहा कि वर्ष 2017 से लेकर अब तक मजदूरों का एरियर राशि करोड़ों रुपये में है और यह स्थिति पिछले कई वर्षों से जारी है। श्रमिक संघ ने इस मुद्दे को लेकर निगम के संबंधित अधिकारियों को कई बार पत्राचार किया, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अजय राय ने कहा कि संघ की मांग है कि इसकी उच्च स्तरीय स्वतंत्र जांच कमेटी गठित की जाये। संबंधित ठेकेदारों एवं अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई की जाये। मजदूरों का रोका गया एरियर भुगतान जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाये। पारदर्शी और जवाबदेह भुगतान प्रणाली लागू की जाये। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही इस मुद्दे पर कोई उचित कार्रवाई नहीं की गयी तो श्रमिक संघ पूरे राज्य में आंदोलन करने को बाध्य होगा।

### गंगा दशहरा के अवसर पर आज गंगा आरती

रांची (आजाद सिपाही)। मां गंगा के अवतरण दिवस एवं विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर जलस्रोतों के स्वच्छता व निर्मलता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक संकल्प हेतु पीयूष पाठक एवं उनके सहयोगी बनारस के आचार्यों के द्वारा मां गंगा की दिव्य आरती की जायेगी। विवेकानंद सरोवर (बड़ा तालाब) महादेव घाट पर फूल बाबा आश्रम के सामने 5 जून बृहस्पतिवार संध्या - 6:00 बजे से पर्यावरण प्रेमी एवं धर्म प्रेमियों से आग्रह है कि गंगा आरती में शामिल हों।

### घासी समाज को संगठित करें : संदीप टाइगर



रांची (आजाद सिपाही)। घासी नायक युवा कल्याण समिति झारखंड प्रदेश की गठन हो चुका है। अब हर जिला हर प्रखंड हर पंचायत हर वार्ड हर गांव में घासी सामाजिक संगठन को मजबूत करने के लिए युवा अध्यक्ष का चयन कर के समाज के चहुंमुखी विकास के लिए कार्य करें ताकि हम सभी युवा वर्ग अपने समाज को सशक्त बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। जानकारी देते हुए समाज के प्रदेश अध्यक्ष संदीप टाइगर नायक ने बताया कि आज इतना दिन बीत गया और समाज वहीं का वहीं रह गया। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि युवा साथी जितना हो सके आगे आयें और अपना समाज को मजबूत संगठित करने में सहयोग करें ।

### नि:शुल्क लीगल ऐड कैंप का आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, रांची यूनिवर्सिटी के छात्रों ने दलादली में नि:शुल्क लीगल ऐड कैंप का आयोजन किया। इस कैंप में विद्यार्थियों ने जरूरतमंदों को उनके समस्याओं के अनुरूप नि:शुल्क सलाह व सहायता प्रदान की। इसमें जमीनी विवाद, पार्टिशन के मामले, सिक्सेशन के विवाद और घरेलू हिंसा के मामलों में सहायता प्रदान की गयी। डॉ मयंक मिश्रा ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर जरूरतमंदों को सहायता प्रदान की। छात्रों ने अपना भरपूर योगदान दिया और जरूरतमंदों को उपयुक्त सहायता प्रदान की। नि:शुल्क लीगल ऐड कैंप का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया और जरूरतमंदों को सहायता प्रदान की गयी।

### बुद्धा नर्सिंग कॉलेज के 92.3 प्रतिशत विद्यार्थी सफल

रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय, रांची द्वारा बेसिक बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर (2022-2026) परीक्षा 2023 का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है। इसमें जैनेंद्र ग्रुप ऑफ कॉलेज द्वारा संचालित बुद्धा नर्सिंग कॉलेज, बिजुलिया, रातू, रांची के 92.3 प्रतिशत छात्रों ने सफलता हासिल किया । बता दें कि जैनेंद्र ग्रुप ऑफ कॉलेज द्वारा नर्सिंग, पारामेडिकल, फार्मेसी एवं आइटीआइ कोर्स पिछले नौ वर्षों से संचालित किया जा रहा है।

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बाबा बासुकीनाथ में की पूजा-अर्चना



आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** केंद्रीय बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी बुधवार को बाबा बासुकीनाथ धाम मंदिर पहुंची। जहां उन्होंने विधि विधान से बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद वन विभाग के विश्राम गृह में भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ पारिवारिक सदस्य भी मौजूद थे। भोलेनाथ की पूजा करने के बाद केंद्रीय बाल विकास मंत्री ने जनकल्याण के लिए महादेव पार्वती की मंगल आरती भी की।

मंत्री के आगमन के दौरान मंदिर परिसर में स्थानीय पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि बाबा बासुकीनाथ की कृपा से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देशवासियों के लिए विकासात्मक योजनाएं लागू कर रही हैं।

देश के विकास के लिए सरकार पूरी तरह से तत्पर है।

मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि केंद्र सरकार सभी विभागों में रोजगार एवं नियुक्ति उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है ताकि देश को निरंतर आगे बढ़ाया जा सके।

उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश रोज-रोज नई ऊंचाइयों को छू रहा है और हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव कांत प्रसाद, महिला मोर्चा की अध्यक्ष मनोरमा देवी के अलावा काफी संख्या में भाजपा के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। उनसे भेंटवार्ता के बाद मंत्री ने देवघर एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान किया।

## सिरमटोली फ्लाइओवर मामले में हस्तक्षेप कर समाधान निकालें मुख्यमंत्री: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर गंभीर भावनात्मक मुद्दों से आंख मूंद लेने का आरोप लगाया। मरांडी ने कहा कि सिरमटोली फ्लाइओवर विवाद के संदर्भ में झारखंड के आदिवासी संगठनों ने बुधवार को पुनः बंद आहूत किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पता है कि सिरमटोली फ्लाइओवर मामले में बीते कई महीनों से आदिवासी संगठन अपनी मांग उठा रहे हैं, लेकिन राज्य सरकार असंवेदनशील बन गयी है और आदिवासी समाज को आंदोलन, प्रदर्शन के लिए बाध्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से आग्रह है कि आदिवासी समाज की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाएं बगैर हस्तक्षेप कर मामले को सुलझायें ताकि जारी गतिरोध को समाप्त किया जा सके।

## प्रधानाध्यापक से 2 लाख रुपये रंगदारी मांगने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** सरायकेला जिले के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुरुमडीह के प्रधानाध्यापक शेख फूलचांद से दो लाख रुपये की रंगदारी मांगने और रंगदारी न देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी देने के मामले में राजनगर थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने शेख फूलचांद को फोन करके दो लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। गिरफ्तार आरोपियों में फिरदोस आलम, शेख सैदुल और मोहम्मद जाजिब शामिल हैं। पुलिस ने इन आरोपियों से वह मोबाइल फोन और सिम कार्ड भी बरामद किया है, जिनका उपयोग रंगदारी मांगने के लिए किया गया था।

इस मामले की जानकारी देते हुए एसडीपीओ समीर कुमार संवेया ने बताया कि एसपी के निर्देश पर उनके नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी सहायता और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर इस कांड का उद्भेदन किया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और मामले की जांच जारी है।

## पीआरसी में पासिंग आउट परेड, 622 अग्निवीरों ने ली देश सेवा की शपथ

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद अग्निवीरों को मिलने वाले प्रशिक्षण में जुड़ गयी नयी तकनीक : ब्रिगेडियर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** आतंकियों के खिलाफ भारत द्वारा चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर के बाद अग्निवीरों को नयी तकनीक के साथ प्रशिक्षित किया जा रहा है। उनकी ट्रेनिंग में कई नयी तकनीक को शामिल किया गया है। उक्त बातें बुधवार को पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में आयोजित अग्नि वीरों के पासिंग आउट परेड के बाद ब्रिगेडियर साजेश बाबू पीजी ने कही। उन्होंने कहा कि जिस तरह की लड़ाई अब लड़ी जा रही है उसके मद्देनजर अग्निवीरों के प्रशिक्षण में भी थोड़ा बदलाव जरूरी था। 31 हफ्ते की शारीरिक और मानसिक प्रशिक्षण के समापन के बाद पंजाब रेजिमेंटल सेंटर ने पांचवें बैच के 622 अग्नि वीरों को तैयार किया है। प्रशिक्षण के समापन पर गौरवशाली पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया।




### ब्रिगेडियर ने ली परेड की सलामी

परेड की समीक्षा पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर साजेश बाबू पीजी के द्वारा की गयी। जिन्होंने इस स्मरणीय अवसर पर अग्नि वीरों और उनके अविभावकों को बधाई दी। उन्होंने ट्रेनिंग स्टाफ और इंस्ट्रक्टर्स के अथक प्रयासों की भी सराहना की। जिन्होंने इन युवाओं को सक्षम, जिम्मेदार और भविष्य के दूरदर्शी सैनिकों के रूप में ढालने के लिए बेहतर प्रयास करते हुए उनमें कर्तव्य, अनुशासन और समर्पण जैसे मूल्यों को स्थापित किया।

**समृद्ध परम्पराओं को बनाये रखने की ली शपथ :** समारोह के दौरान अग्निवीरों ने संविधान और राष्ट्र के प्रति निष्ठा, राष्ट्रीय सुरक्षा, वर्दी का सम्मान और भारतीय सेना की सबसे समृद्ध परंपराओं को बनाये रखने की शपथ ली। इस दौरान शपथ अधिकारी मेजर शुवम कलिता शामिल थे।

**ब्रिगेडियर ने माता-पिता को 'गौरव पदक' प्रदान किया :** समारोह के दौरान ब्रिगेडियर साजेश बाबू पीजी ने सम्मान और प्रशंसा के प्रतीक के रूप में माता-पिता को पारंपरिक गौरव पदक प्रदान किया। जिन्होंने स्वेच्छा से अपने बच्चों को देश की सेवा करने की अनुमति दी और उन्हें प्रेरित किया।

## केंद्रीय सरना समिति और चडरी सरना समिति ने झारखंड बंद को सफल बताया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विभिन्न आदिवासी संगठनों द्वारा पूर्व घोषित झारखंड बंद के दौरान केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा और जगलाल पहान के अगुवाई में बंद कराया गया। बुधवार को केंद्रीय सरना समिति और चडरी सरना समिति के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने रांची बंद कराने सड़कों पर उतरे। बंद की शुरूआत केंद्रीय सरना समिति के प्रधान कार्यालय लाइन टैंक रोड पीडब्ल्यूडी क्वार्टर होते हुए लाइन टैंक रोड चडरी एचबी रोड होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचा। वहीं दुकानदारों से शांतिपूर्वक बंद करने की अपील की और अल्बर्ट एक्का चौक काफी देर तक बंद रखा। इसके बाद वहीं धरने के तौर पर सड़क पर बैठ गये। इसी दौरान जिला प्रशासन के द्वारा सभी बंद समर्थकों की गिरफ्तारी की गयी। समिति अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि लगातार पांच माह से केंद्रीय सरना स्थल सिरमटोली फ्लाइओवर रैंप पर आदिवासी समाज के द्वारा अपनी अस्मिता अपनी अस्तित्व को बचाने के आदिवासी समाज अपनी बातों को रख रही है और आदिवासी मुख्यमंत्री मौन हैं। मुख्य पहान जगलाल पहान ने कहा कि जिस दिन हमारा संस्कृति परंपरा खत्म होगा उसी दिन आदिवासी समाज खत्म हो जायेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से महादेव टोप्पो, सुरेंद्र लिंडा, कुमोद कुमार वर्मा,अमर उरांव, चीकू लिंडा, प्रेम लिंडा, विकास संगा, संजय लकड़ा, मुन्ना हेमरोम, मुकेश मुंडा, आशीष मुंडा, महादेव मुंडा, विशाल मुंडा, नरेश मुंडा, संदीप हेमरोम, शशि उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

## सुविचार

कहते हैं कि मुसीबत कभी अकेले नहीं आती, उसके बाल-बच्चे भी साथ होते हैं। अभी एक कठिनाई से छूटे नहीं कि दूसरी आ धमकी। जीवन एक संग्राम है। इसे कायरों को भी लड़ना पड़ता है, शूरवीरों को भी। कठिनाइयां, दु:ख, मुसीबतें ऐसे ही शत्रु हैं, जिनसे हमें लड़ना ही पड़ेगा। इनसे पीछा छुड़ाना असंभव है, फिर इन्हें साहस के साथ क्यों न ललकारें ? क्यों न वीर योद्धाओं के समान इनसे जूझें ? जीवन-संग्राम में वही विजय पाता है, जो कठिनाइयों से रक्त की अंतिम बूंद रहने तक, जीवन की अंतिम सांस तक लड़ता है। जीवन का श्रेय भी इसी में है कि मुसीबतों में घबरायें नहीं, उनके साथ संघर्ष करें ।

## महिला से सोने की चेन झपटी

**हजारीबाग।** कटकमदाग थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव में बुधवार को दोपहर 12 बजकर 28 मिनट पर दिनदहाड़े लुटेरों ने एक महिला की गले से सोने की चेन स्नैचिंग कर फरार हो गया। बताया जाता है कि महिला गीता देवी पति स्व मंगलानंद ओझा हजारीबाग शहर से अपने घर टोटो पर सवार होकर लौट रही थीं। जैसे ही नावाडीह में टोटो से उतरकर अपने घर जा रही थीं, इसी दौरान घात लगाकर पीछा कर रहे बाइक सवार दो युवकों ने महिला के गले से सोने की चेन झपट कर फरार हो गये। घटना के बाद मोटरसाइकिल सवार चोर का का गतिविधियां सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी।


पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: ई-निविदा संख्या: ईएस/12/खुली/2025-26 (1) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि: (अ) धनबाद डिवीजन में एसएसई/ई/गोमो के अधिकार क्षेत्र के तहत विभिन्न स्थानों पर एलटी पैनलों के प्रावधान/प्रतिस्थापन के द्वारा बिजली आपूर्ति प्रणाली का विस्तार। (ब) धनबाद डिवीजन में स्टाफ क्वार्टरों में अर्थिंग सिस्टम का विस्तार। (स) धनबाद डिवीजन में बरकाकाना और चोपन सब-स्टेशनों पर स्थापित दोषपूर्ण एचटी वीसीबी पैनलों की मरम्मत। (कार्य समापन अवधि: बारह माह) (2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि: रु.1,14,59,346.18 (3) बिड सिक्युरिटी: रु.2,07,300.00, ई-निविदा संख्या: ईएल/13/खुली/2025-26 (4) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि: धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर पैनल रूम में एसी सुविधा का प्रावधान। (कार्य समापन अवधि: बारह माह) (5) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि: रु.52,41,326.64 (6) बिड सिक्युरिटी: रु.1,04,800.00 (7) बिड मूल्यांकन प्रणाली: एक पैकेट प्रणाली (8) ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई-निविदा बंद होने की तिथि:दिनाक 25.06.2025 को 11:00 बजे । ई-निविदा खुलने की तिथि: दिनांक 25.06.2025 को 11:30 बजे के बाद। (9) वेवसाईट का विवरण: वेबसाइट www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/0357/डीएचएन/ईएलईसीटी/टी/25-26/40

# पाकिस्तान के झूठ की पोल खुली

पाकिस्तानी सरकार, सेना और आतंकियों के गठजोड़ की तस्वीरें लगातार सामने आ रही हैं और भारत के इस दावे की पुष्टि कर रही हैं कि आतंकवाद इस्लामाबाद की राष्ट्रीय नीति का हिस्सा है। ताजा सबूत वह रैली है, जिसमें पाकिस्तान के सबसे बड़े सूबे पंजाब के स्पीकर मलिक अहमद खान ने लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों-सैफुल्लाह कसूरी और तलहा सईद के साथ मंच साझा किया। इससे पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद पर भारत की चिंताओं को दुनिया बेहतर ढंग से समझ सकती है।

**आतंकियों की रैली :** सीमा पर टकराव के बाद जिस तरह से पाकिस्तानी सेना की कथित जीत का जश्न मनाने के लिए वैश्विक स्तर पर घोषित आतंकी घूम-घूम कर रैलियां कर रहे हैं, वह इस्लामाबाद के इस झूठ की पोल खोल देता है कि पहलगाम के पीछे उसका हाथ नहीं। खुद को विजेता साबित करने के उतावलेपन में पाकिस्तान ने अपना नकाब हटा दिया है। याद है, ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी एक तस्वीर सामने आयी थी, जिसमें दिखा कि आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी सेना के वरिष्ठ अफसर, हुक्मरान शामिल हुए थे। आतंकी हाफिज अब्दुल रऊफ ने जनाजे की नमाज पढ़ाई थी।

**सीमा पर टकराव के बाद जिस तरह से पाकिस्तानी सेना की कथित जीत का जश्न मनाने के लिए वैश्विक स्तर पर घोषित आतंकी घूम-घूम कर रैलियां कर रहे हैं, वह इस्लामाबाद के इस झूठ की पोल खोल देता है कि पहलगाम के पीछे उसका हाथ नहीं।**

**ग्लोबल टेररिस्ट :** सैफुल्लाह कसूरी पहलगाम का मुख्य साजिशकर्ता है और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा में उसकी हैसियत डिप्टी चीफ की बतायी जाती है। इसी तरह तलहा सईद लश्कर प्रमुख हाफिज सईद का बेटा है। भारत और अमेरिका ने इसे ग्लोबल टेररिस्ट घोषित कराने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्ताव रखा था, पर चीन ने बचा लिया। वहीं, अमेरिका द्वारा घोषित आतंकी मुजम्मिल हाशमी भी सार्वजनिक रूप से भारत को चुनौती देता नजर आया है।

**बांग्लादेश में साजिश :** ये आतंकी भारत में अस्थिरता और आतंकवाद फैलाने की कोशिशों का समर्थन ही नहीं कर रहे, बल्कि उन्होंने यह भी स्वीकार किया है कि बांग्लादेश में पिछले साल हुए तख्तापलट में इनका हाथ था। शुरू से यह अंदेशा जताया जा रहा था कि शेख हसीना सरकार के खिलाफ खड़े हुए आंदोलन के पीछे विदेशी ताकतें थीं और अब यह साबित हो रहा है। पाकिस्तान को लगता है कि ढाका में कट्टरपंथियों को मजबूती मिलने से 1971 की उसकी हार का बदला पूरा हो जायेगा।

**सख्त कार्रवाई :** पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचे भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए खतरा हैं। वहां की स्टेट पॉलिसी में आतंकियों के दखल और असर को देखते हुए वैश्विक बिरादरी को सख्त कदम उठाने की जरूरत है। एफएटीएफ की इस महीने होने वाली बैठक में भारत यह मुद्दा उठा सकता है ताकि पाकिस्तान को फिर से ग्रे लिस्ट में डाला जा सके। दूसरे देशों को भी भारत का साथ देना चाहिए, क्योंकि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई साझा है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत न केवल दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि एक रणनीतिक शक्ति भी बन चुका है। इस वृद्धि का अभिन्न अंग ऊर्जा क्षेत्र, मोदी 3.0 के पहले वर्ष के दौरान एक संरचनात्मक परिवर्तन से गुजरा है, जो पिछले दस वर्षों के आधारभूत परिवर्तन पर आधारित है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि पिछली तिमाही में भारत की 6.7 प्रतिशत की विकास दर ने इसे एक ऐसे तेजी से बढ़ते ग्राफ पर ला दिया है, जिसे आने वाले वर्षों में कोई भी अन्य देश हासिल करने की उम्मीद नहीं कर सकता।**

# मोदी के 11 वर्षः दूरदर्शिता से प्रेरित, ऊर्जा से संचालित



हरदीप एस. पुरी



भारत कुछ दिन पहले ही जापान को पीछे छोड़ कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वर्ष 2014 से, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत की जीडीपी 2025 में दोगुनी से अधिक बढ़ कर 4.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो चुकी है। यह सुधारों, उदारपूर्ण नीति और आत्मनिर्भरता की निरंतर खोज पर केंद्रित एक दशक लंबी रणनीति का परिणाम है।

भारत न केवल दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि एक रणनीतिक शक्ति भी बन चुका है। इस वृद्धि का अभिन्न अंग ऊर्जा क्षेत्र, मोदी 3.0 के पहले वर्ष के दौरान एक संरचनात्मक परिवर्तन से गुजरा है, जो पिछले दस वर्षों के आधारभूत परिवर्तन पर आधारित है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि पिछली तिमाही में भारत की 6.7 प्रतिशत की विकास दर ने इसे एक ऐसे तेजी से बढ़ते ग्राफ पर ला दिया है, जिसे आने वाले वर्षों में कोई भी अन्य देश हासिल करने की उम्मीद नहीं कर सकता।

भारत अब वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा और तेल उपभोक्ता, चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर और चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक है। वर्ष 2047 तक ऊर्जा की मांग में ढाई गुना वृद्धि होने की आशा है और भारत से की जाने वाली वैश्विक मांग में 25 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। इसलिए रोडमैप स्पष्ट हैः ऊर्जा सुरक्षा ही विकास सुरक्षा है। मोदी सरकार की ऊर्जा रणनीति चार-आयामी दृष्टिकोण के माध्यम से उपलब्धता, सामर्थ्य और स्थिरता के रूप में ऊर्जा की त्रिपक्षीय विविधता को दर्शाती है, जिसमें स्रोतों और आपूर्तिकर्ताओं का विविधीकरण, घरेलू उत्पादन का विस्तार, नवीकरणीय ऊर्जा में परिवर्तन और सामर्थ्य शामिल है।

**जैव ईंधन भारत की हरित रणनीति का आधार बन चुका है।**

तेल और गैस उत्पादन क्षेत्र की प्रारंभिक प्रक्रिया में भारत का अन्वेषण क्षेत्र वर्ष 2021 में 8 प्रतिशत से दोगुना होकर वर्ष 2025 में 16 प्रतिशत हो गया है। वर्ष 2030 तक 1 मिलियन वर्ग किमी को कवर करने के लक्ष्य के साथ, सरकार का लक्ष्य 42 बिलियन टन तेल और तेल- समतुल्य गैस का अन्वेषण करना है। यह विस्तार ऐतिहासिक सुधारों जैसे कि 'नो-गो' क्षेत्रों में 99 प्रतिशत की कमी, ओएएलपी राउंड के माध्यम से सुव्यवस्थित लाइसेंसिंग और नये गैस कुओं के लिए आकर्षक मूल्य निर्धारण प्रोत्साहन द्वारा सक्षम किया गया है।

संशोधित गैस मूल्य निर्धारण व्यवस्था के अनुरूप भारतीय क्रूड बास्केट से 10 प्रतिशत से कीमतों को जोड़ने और नये कुओं के लिए 20 प्रतिशत प्रीमियम की पेशकश करने जैसी पहलों ने शहर के गैस नेटवर्क और औद्योगिक उपयोग के लिए गैस की उपलब्धता को बढ़ाया है।

लागत कम करने और मुद्रीकरण में तेजी लाने के लिए नये राजस्व-साझाकरण अनुबंध इएंडपी उद्यमियों के बीच साझा बुनियादी अवसंरचना की अनुमति देते हैं। तकनीकी और भू-भौतिकीय प्रयासों ने नीति सुधारों को पूरक बनाया है। राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम, मिशन अन्वेषण, एजीजी सर्वेक्षण और महाद्वीपीय शेल्फ मैपिंग ने विशेष रूप से अंडमान, महानदी और कावेरी जैसे सीमांत बेसिनों में डेटा और अन्वेषण आत्मविश्वास को बढ़ाया है।

ओएनजीसी और ऑयल इंडिया ने पिछले चार वर्षों में मुंबई अपतटीय, कैंबे, महानदी और असम बेसिन में 25 से अधिक हाइड्रोकार्बन की खोज की हैं। इनमें से उल्लेखनीय हैं पश्चिमी तट के अपतटीय क्षेत्र में सूर्यमणि और वज्रमणि कुएं और पूर्वी तट के गहरे पानी में उत्कल और कोणार्क क्षेत्र। इन खोजों से भारत के भंडार में 75 एमएमटीओइ और 2,700 एमएमएससीएम गैस की वृद्धि हुई है।

वैश्विक बड़ी कंपनियों के साथ सहयोग लाभकारी सिद्ध हो रहा है। बीपी के साथ ओएनजीसी की साझेदारी से मुंबई हाई से तेल के लिए 44 प्रतिशत और गैस के लिए 89 प्रतिशत उत्पादन बढ़ने का अनुमान है। ह्यूस्टन विश्वविद्यालय में एक डेटा सेंटर अब अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के लिए भारत के अन्वेषण डेटासेट तक पहुंच की सुविधा प्रदान करता है।

डाउनस्ट्रीम बुनियादी ढांचे में समानांतर विस्तार हुआ है। भारत अब 24,000 किलोमीटर उत्पाद पाइपलाइनों, लगभग 96,000 खुदरा दुकानों का संचालन करता है और इसने अपने रणनीतिक भंडार और एलपीजी भंडारण को काफी मजबूत किया है। 67 मिलियन से अधिक लोग प्रतिदिन पेट्रोल पंपों पर जाते हैं और यह भारत के ईंधन आपूर्ति इको-सिस्टम की व्यापकता और दक्षता का प्रमाण है।

भारत का शहरी गैस नेटवर्क वर्ष 2014 में 55 भौगोलिक क्षेत्रों से बढ़ कर वर्ष 2025 में 307 हो गया है, जिसमें पीएनजी कनेक्शन 25 लाख से बढ़ कर 1.5 करोड़ हो गये हैं और 7,500 से अधिक सीएनजी स्टेशन चालू हैं।

एकीकृत पाइपलाइन शुल्क और शहरी गैस विस्तार ने दूरदराज के राज्यों में भी सस्ती पहुंच सुनिश्चित की है। जैव ईंधन भारत की हरित रणनीति का आधार बन चुका है। पेट्रोल में इथेनॉल का मिश्रण 2013 के 1.5 प्रतिशत से बढ़ कर 2025 में 19.7 प्रतिशत हो गया है। मिश्रण की मात्रा 38 करोड़ लीटर से बढ़ कर 484 करोड़ लीटर हो गयी है। इससे 1.26 लाख करोड़ विदेशी मुद्रा की बचत हुई, 643 लाख मीट्रिक टन उत्सर्जन कम हुआ और डिस्टिलर्स को 1.79 लाख करोड़ रुपये और किसानों को 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान हुआ।

**फीडस्टॉक विविधीकरण**-गुड़ से लेकर मक्का की मदद से मजबूत इथेनॉल इको-सिस्टम तैयार किया गया है। समानांतर रूप से एसएटीएटी पहल ने 100 से अधिक संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) संयंत्रों को चालू किया है और वर्ष 2028 तक 5 प्रतिशत सीबीजी मिश्रण अधिदेश का लक्ष्य रखा है। बायोमास खरीद और सीबीजी-पाइपलाइन कनेक्टिविटी के लिए केंद्रीय समर्थन सर्कुलर ऊर्जा अपनाने में तेजी ला रहा है। 8.62 लाख टन उत्पादन और 3,000 मेगावाट इलेक्ट्रोलाइजर टेंडर के साथ ग्रीन हाइड्रोजन को व्यापक पर बढ़ावा दिया गया है।

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां आगे बढ़ कर नेतृत्व कर रही हैं और आइओसीएल ने हाल ही में लार्सन एंड टुब्रो को अपनी पानीपत रिफाइनरी के लिए एक ऐतिहासिक 10 केटीपीए ग्रीन हाइड्रोजन टेंडर दिया है। बीपीसीएल, एचपीसीएल और गेल भी बड़े पैमाने पर हाइड्रोजन परियोजनाओं के साथ आगे बढ़ रहे हैं, जबकि असम में एनआरएल की ग्रीन हाइड्रोजन इकाई पूर्वोत्तर में प्रथम बनने की ओर अग्रसर है। भारत का प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क अब 25,000 किमी से अधिक विस्तारित हो चुका है और वर्ष 2030 तक इसके 33,000 किमी तक पहुंचने का लक्ष्य है।

रणनीतिक मूल्य निर्धारण सुधार और परिवहन एवं घरेलू क्षेत्रों के लिए 'नो कट' श्रेणी में गैस को शामिल करने से आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित हो रही है। गैस उत्पादन वर्ष वर्ष 2020-21 में 28.7 बीसीएम से लगातार बढ़ कर वर्ष 2023-24 में 36.4 बीसीएम हो गया है और इसमें और वृद्धि का अनुमान है। किसी अन्य देश ने अपने 'सिस्टम' में भारत जितना बड़ा बदलाव नहीं किया है, जैसा कि तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन अधिनियम 2024 से पता चलता है, जिसने हाइब्रिड पट्टों को सक्षम किया है और इससे हाइड्रोकार्बन के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा की अनुमति मिलती है। डीएसएफ क्षेत्र अब न्यूनतम अनुपालन बोझ के साथ सरलीकृत अनुबंधों के अंतर्गत कार्य करते हैं। पीएम गति शक्ति के माध्यम से पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 1 लाख से अधिक संपत्तियों और पाइपलाइनों का डिजिटल रूप से मानचित्रण किया है। राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ एकीकरण से मंत्रालयों में वास्तविक समय की परियोजना दृश्यता और तालमेल सुनिश्चित होता है।

भारत-नेपाल पाइपलाइन और समृद्धि उपयोगिता गलियारे जैसी प्रमुख परियोजनाओं को मार्ग अनुकूलन और 169 करोड़ रुपये से अधिक की लागत बचत का लाभ मिला है। वहनीयता इसके केंद्र में बनी हुई है। वैश्विक एलपीजी की कीमतों में 58 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद, पीएमयूवाई लाभार्थी प्रति सिलेंडर 553 रुपये का भुगतान करते हैं, जिसे लक्षित सब्सिडी और तेल कंपनियों को क्षतिपूर्ति से समर्थन मिलता है। भारत में ईंधन की कीमतों को उत्पाद शुल्क में कटौती के माध्यम से स्थिर रखा गया है, जिससे नागरिकों को पड़ोसी देशों में देखी जाने वाली अस्थिरता से बचाया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिवर्तनकारी नेतृत्व में ग्यारह वर्ष के पश्चात, भारत का ऊर्जा क्षेत्र अब चिंतामुक्त क्षेत्र की श्रेणी में आ चुका है। यह अब आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और रणनीतिक दूरदर्शिता से पहचाना जाता है। ऊर्जा केवल एक वस्तु नहीं है, यह संप्रभुता, सुरक्षा और सतत विकास की उत्प्रेरक है।

**(लेखक : भारत सरकार में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हैं।)**


## कोल्हान की खबरें

### विधायक ने मोहरदा जलापूर्ति योजना फेज-2 का किया भूमिपूजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में स्वच्छ व नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा विधायक के पहल पर 7.77 करोड़ की लागत से मोहरदा जलापूर्ति योजना फेज-2 का भूमिपूजन किया गया।बुधवार को विधायक पूर्णिमा साहू ने बारीडीह स्थित सुगना कॉलोनी में मोहरदा जलापूर्ति योजना फेज-2 का विधिवत भूमिपूजन किया। इस परियोजना के तहत 7.77 करोड़ की लागत से टेल्को व बिरसानगर क्षेत्र में दो जल भंडारण टैंकों का निर्माण होगा।साथ ही 9 किमी लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इससे लगभग 1500 घरों तक स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर उप नगर आयुक्त कृष्णा कुमार,अभिषेक दुबे सहित कई पदाधिकारी व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक ने इसे क्षेत्र के लिए वरदान बताते हुए कहा यह योजना हजारों परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लायेगी। उन्होंने कहा परियोजना के तहत बिरसानगर, बागुनहातु, बारीडीह के विभिन्न मोहल्लों में जल आपूर्ति की जाएगी। यह कार्य 18 महीनों में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर पवन अग्रवाल, बबलू गोप, श्रीराम प्रसाद, प्रेम झा, ममता भूमिज समेत कई स्थानीय नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में बिजली संकट, स्थायी समाधान की मांग



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** औद्योगिक क्षेत्र में बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित होने से परेशान इंडस्ट्रियल स्टेबिलिटी रिफॉर्म ऑगेर्नाइजेशन (इसरो) के प्रतिनिधिमंडल ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता सुधीर कुमार से मुलाकात की।बुधवार को प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात के दौरान समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की।मौके पर इसरो के अध्यक्ष रूपेश कतरियार ने बताया हल्की आंधी या बारिश होते ही बिजली आपूर्ति घंटों के लिए ठप हो जाती है। जिससे उद्योगों में उत्पादन कार्य रुक जाती है। खासकर देर शाम बिजली कटने पर पूरी रात आपूर्ति बहाल नहीं हो पाती। जिससे रात्रि पाली की पूरी उत्पादन प्रक्रिया प्रभावित होती है। उन्होंने कहा अनियमित लोड शेडिंग से उद्योगों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। मौके पर विद्युत अधीक्षण अभियंता सुधीर कुमार ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से लेते हुए भरोसा दिलाया बरसात के मौसम को देखते हुए विभाग द्वारा विशेष तैयारी की जा रही है। जल्द ही पावर कट की समस्या में सुधार लाने का प्रयास किए जायेंगे, ताकि औद्योगिक गतिविधियां प्रभावित न हों सके।

### ईद-उल-अजहा को लेकर शांति समिति की बैठक, सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा टाउन हॉल में आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बुधवार को डीसी कर्ण सत्यार्थी और एसएसपी पीयूष पांडेय की अध्यक्षता आयोजित बैठक में जिले के केन्द्रीय शांति समिति के सदस्यों समेत वरीय प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में डीसी ने सभी शांति समिति सदस्यों से सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की।उन्होंने कहा जिले की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया पर्व के दौरान शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। सभी आवश्यक एहतियाती उपाय किए जा रहे हैं।

**नागरिक सुविधाओं को लेकर दिए गए आवश्यक निर्देश :** बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों ने पेयजल, बिजली, सफाई व असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को लेकर अपनी शिकायतें और सुझाव रखे। डीसी ने इन सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर निकाय को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, पेयजल विभाग को निर्बाध जल आपूर्ति बनाए रखने और विद्युत विभाग को स्ट्रीट लाइट व हाईमास्ट लाइट की मरम्मत जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

**सोशल मीडिया पर अफवाह से बचें:** डीसी कर्ण सत्यार्थी ने नागरिकों से अपील की वे सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा सोशल मीडिया पर एक विशेष निगरानी टीम द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। किसी भी प्रकार की भ्रामक या आपत्तिजनक जानकारी मिलने पर लोग तुरंत प्रशासन से संपर्क करें और उसकी सत्यता की पुष्टि करें।

**शांति समिति बनी प्रशासन की मजबूत कड़ी :** डीसी ने शांति समिति के सदस्यों की भूमिका की सराहना करते हुए उन्हें फोर्स मल्टीप्लायर करार दिया। उन्होंने कहा सभी सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर प्रशासन का सहयोग करें।सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखने में योगदान दें।

**सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक-चौबंद :** एसएसपी पीयूष पांडेय ने कहा ईद-उल-अजहा के दौरान जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल के साथ अतिरिक्त बल की भी मांग की गई है। सभी डीएसपी व थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए धार्मिक स्थलों की सतत निगरानी के निर्देश दिए गए।

### कुचाई के तोड़ागडीह में जनता दरबार का आयोजन

**विधायक, डीसी और एसपी ने समस्याओं से हुई अवगत, समाधान का दिए आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**कुचाई।** सरायकेला-खरसावां जिले के कुचाई प्रखंड अंतर्गत छोटा सेगोई पंचायत के तोड़ागडीह गांव में जनता दरबार का आयोजन किया गया। बुधवार को जनता दरबार में विधायक दशरथ गागराई, डीसी नितिश कुमार सिंह और एसपी मुकेश लुणायत उपस्थित रहे। इस अवसर पर दूर दराज से आये स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क, शिक्षा,स्वास्थ्य जैसी विभिन्न मूलभूत समस्याएं उठाईं। कांडरकुटी के बालकृष्ण मुंडा ने सड़क मरम्मत की मांग की, नेहलडीह के नेहाल गोप ने डिग्री कॉलेज की आवश्यकता जताई, जबकि बड़ासेंगूर की माधुरी हेंब्रम ने खराब सड़कों से मरीजों को हो रही परेशानी का मुद्दा उठाया।मौके पर विभिन्न विभागों के स्टॉल के माध्यम से अन्य कई शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया गया।डीसी ने शेष मामलों पर नियमानुसार समयबद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा पंचायत स्तर पर जाकर आमजन की समस्याओं को सुनना और समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।विधायक दशरथ गागराई ने कहा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए जनभागीदारी आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, डीआरडीए निदेशक डॉ अजय तिर्की, अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला सहित कई वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### एसएसपी से मिला नमन का प्रतिनिधिमंडल सफल कार्यकाल की दी शुभकामनाएं



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** देशभक्ति और जनसेवा को समर्पित शहर के सामाजिक संस्था नमन के प्रतिनिधिमंडल ने नवपदस्थापित एसएसपी पीयूष पांडेय से शिष्टाचार मुलाकात की।बुधवार को मुलाकात के दौरान गुलदस्ता भेट कर उनके कार्यकाल की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही शहर में बढ़ते नशा कारोबार पर चिंता जताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। एसएसपी ने सहयोग के लिए आभार जताते हुए सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। मौके पर अमरप्रीत सिंह काले, राकेश्वर पांडे, बृज भूषण सिंह, जय प्रकाश राय, जितेन्द्र चावला, सुखबिंदर सिंह, सिद्धनाथ सिंह, बिनय यादव, जसवंत भोमा समेत अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

### इंटक नेता की पहल पर 31 कर्मचारियों को मिला 11 लाख मुआवजा



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जोहार झारखंड श्रमिक महासंघ व इंटक नेता राजीव पांडेय की पहल पर ओडब्लूएम लोजिस्टिक्स और टाटा स्टील प्रबंधन के बीच हुए समझौते के तहत 31 कर्मचारियों को सेवा समाप्ति व छंटनी मुआवजे के रूप में 11 लाख का भुगतान किया गया।यह त्रिपक्षीय समझौता श्रम अधीक्षक अरविंद कुमार की अध्यक्षता में शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न हुआ। दोनों पक्षों ने 5.30 लाख की राशि का योगदान कर कर्मचारियों के लिए न्यायोचित और सम्मानजनक मुआवजा सुनिश्चित किया।

### रंगदारी मांगने के आरोप में तीन युवक गिरफ्तार



**राजनगर (आजाद सिपाही)।** राजनगर उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुरुमडीह के प्रधानाध्यापक शेख फूलचांद से दो लाख की रंगदारी मांगने के आरोप में राजनगर पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी में फिरदौस आलम,शेख सैदुल और मो.जाजिब शामिल है।आरोपियों ने पीड़ित को फोन कर रंगदारी की मांग कर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने उनके पास से रंगदारी में प्रयुक्त तीन मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद कर लिया। एसडीपीओ समीर कुमार संवैया के नेतृत्व में तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की गयी। तीनों युवकों का पूर्व में कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं रहा।

## एसपीडी कॉलेज में स्नातक में नामांकन शुरू



गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्थानीय सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज, गढ़वा में स्नातक कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में सत्र 2025-29 के लिए नामांकन प्रारंभ कर दिया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्राचार्य प्रो निकलेश चौबे ने बताया महाविद्यालय में पूर्वाह्न साढ़े दस बजे से अपराह्न साढ़े तीन बजे तक नामांकन कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्नातक के तीनों संकायों में नामांकन जारी है। नामांकन के लिए आवश्यक कागजात साथ में लाना आवश्यक है।

## पेंशनर्स कल्याण समाज का प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त से मिला



गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज के अध्यक्ष के के यादव की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधि मंडल नव पदस्थापित उपयुक्त से मिला। जिसमे संगठन के सचिव अशर्फी राम, संयुक्त सचिव श्याम बिहारी राम, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार एवं संगठन मंत्री श्रवण कुमार ने नए उपयुक्त से औपचारिक भेंट करके उन्हें पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि आपके आगमन से गढ़वा जिला को एक नई दिशा एवं सुयोग्य नेतृत्व मिलने की उम्मीद है। जो गढ़वा के विकास के लिए सहायक होगा। हम सभी झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज गढ़वा की ओर से आपका हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत करते हैं ।हम उम्मीद करते हैं कि इस जिले के पेंशनरों से संबंधित सभी प्रकार के मामलों के निष्पादन पर आप त्वरित कार्रवाई करेंगे।

## नव पदस्थापित उपायुक्त को रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों ने किया स्वागत



गढ़वा (आजाद सिपाही)। रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा का एक प्रतिनिधि मंडल नव पदस्थापित उपायुक्त से मिलकर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस अवसर पर रेड क्रॉस के अध्यक्ष डॉक्टर मुरली प्रसाद गुप्ता, सचिव डॉक्टर जेपी सिंह, महासचिव नंदकुमार गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य रघुवीर कश्यप ने नए डीसी का स्वागत किया और अपना परिचय दिया। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों ने अपने कार्यकलापों के बारे में उपायुक्त को अवगत कराया, साथ ही आगामी 14 जून को रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान करने वाली संस्था को सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित करने के बारे में बताया। इसके लिए सोसाइटी के पदाधिकारियों ने उपायुक्त को आमंत्रित भी किया।21

## उपायुक्त से मिले विधायक प्रतिनिधि



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने अरविंद पटवा को श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग गढ़वा जिला का विधायक प्रतिनिधि बनाया है। उक्त पद मिलने के बाद उन्होंने उपायुक्त को सूचना समर्पित किया। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, टिंकू गुप्ता, विशाल गुप्ता, संतोष कश्यप, शुभम कुमार, अंकित अग्रवाल, अमर कुमार, समीर सहित कई लोग उपस्थित थे।

# होटल जय श्री पैलेस को किया गया सील

**गत दिनों अनैतिक देह व्यापार के आरोप में उक्त होटल संचालक सहित तीन को भेजा गया था जेल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गत दिनों अनैतिक देह व्यापार के आरोप में गढ़वा के वीरेंद्र तिवारी मार्ग पर सुखदेव नगर स्थित जय श्री पैलेस (मैरिज हाल) में छापेमारी कर गढ़वा पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई की गयी थी। उक्त परिसर को बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के निर्देश पर सील कर दिया गया। सील करने से पूर्व अधिकारियों ने पुनः एक बार पूरे होटल परिसर का सरसरी तौर पर निरीक्षण किया। जिसके क्रम में परिसर में और भी संदिग्ध गतिविधियां सामने आयी हैं, जिनको लेकर एसडीएम ने अग्रेतर जांच करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय कि 2 दिन पूर्व गढ़वा के वीरेंद्र तिवारी मार्ग स्थित जय श्री पैलेस (मैरिज हॉल) में पुलिस द्वारा छापामारी करने व सघन तलाशी के दौरान देह व्यापार की प्रथम दृष्टया पुष्टि हुई थी। गढ़वा थाना कांड संख्या 249/2025 के द्वारा तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था। गढ़वा प्रखंड विकास अधिकारी कुमार नरेंद्र नारायण, अंचल अधिकारी सफी आलम, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बृज कुमार, नगर परिषद के सिटी मिशन मैनेजर कौशल ठाकुर के द्वारा संयुक्त रूप से उक्त परिसर को सील कर दिया गया। इस दौरान स्वयं अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी मंडल सहित गढ़वा थाना के पुलिस बल की मौजूदगी रही।

**परिसर के एक अन्य हिस्से को भी किया गया सील :** जब सीलिंग करने हेतु उक्त टीम संबंधित होटल परिसर में पहुंची तो जांच के क्रम में भूतल पर किराएदारों की मौजूदगी का पता चला। उसमें से एक किराएदार महिला के घर के बाहर बड़ी मात्रा में कुछ कंपनियों का डुप्लीकेट उत्पाद बनाये जाने के कच्चे माल और पैकिंग मैटेरियल दिखायी दिए। इस पर जब बगल में बने एक रूम को खुलवाया गया तो उसके अंदर प्रथम दृष्टया डुप्लीकेट पैकिंग का मामला सामने आया। अधिकारियों ने उक्त जानकारी मौके पर मौजूद एसडीएम तथा एसडीपीओ को दी। सरसरी तौर पर पूछताछ करने के उपरांत एहतियात के तौर पर उस कमरे को भी सील कर दिया या जिस कमरे में अनधिकृत तौर से संदिग्ध उत्पादों की पैकिंग व लेवलिंग की जा रही थी।

## पत्नी की बरामदगी की पुलिस से लगायी गुहार



डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई थाना क्षेत्र के लवाही खुर्द गांव निवासी नंदलाल चंद्रवंशी ने डंडई थाना में आवेदन देकर अपनी पत्नी खुशबू देवी (27 वर्ष) के लापता होने की जानकारी देते हुए उसका पता लगाने की गुहार थाना प्रभारी से लगायी है। आवेदन के आलोक में उन्होंने कहा है कि पिछले 1 तारीख दिन रविवार को करीब 9 बजे मेरी 27 वर्षीय पत्नी खुशबू देवी घर से मेराल दवा कराने के नाम पर निकली थी। दो घंटे बीत जाने के बाद जब उससे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसका मोबाइल स्विच ऑफ बताने लगा। नंदलाल ने बताया कि वह हल्के उजला टाइप की साड़ी पहनी थी, उसका रंग गोरा है और हाइट 5 फीट 5 इंच है। उन्होंने ने लोगों से आग्रह किया है कि अगर किसी को उनकी पत्नी के बारे में कोई जानकारी मिले तो वे मोबाइल नंबर 8092667448 पर जरूर जानकारी दें।

## सड़क दुर्घटना में दो बच्चों समेत तीन घायल



कांडी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कांडी-मझिआंव मुख्य सड़क स्थित रामलखन पेट्रोल पंप के सामने एक कार के धक्के से मोटरसाइकिल पर सवार दो बच्चे सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा गया है। घटना बुधवार 2:30 बजे दोपहर की है। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त गाड़ी को थाना ले आयी है। थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि रामलखन पेट्रोल पंप के सामने एक एर्टिगा कार नंबर JH 03 AT 9366 जो डूमरसोता से गढ़वा जा रही थी दूसरे तरफ ओलमा से आ रही मोटरसाइकिल नंबर JH 03 AJ 53 96 में धक्का मार दिया। कार के धक्का लगने से काचर गांव निवासी 45 वर्षीय कामेश्वर साव व उनके दो पुत्र 13 वर्षीय सुजीत कुमार और 10 वर्षीय राजा कुमार घायल हो गये। सभी को इलाज के लिए एंबुलेंस से गढ़वा भेजा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद मामला दर्ज होगा।

## घर में आग लगने से बकरी की मौत

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां गांव के आजाद नगर टोले पर मंगलवार की शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक घर में अचानक आग लग गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आग लगने की घटना बबीता कुंवर पति स्वर्गीय शैलेंद्र शर्मा के घर में हुई। पीड़िता ने बताया कि आग लगने का कारण घर में लगे बिजली मीटर में शॉर्ट सर्किट था। इस हादसे में घर में बंधी एक बकरी की जलकर मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, घर में रखे उपयोगी सामान, कपड़े, बर्तन सहित कई जरूरी चीजें जलकर खाक हो गईं। घटना के समय बबीता कुंवर घर पर मौजूद नहीं थीं।

**बीडीएसयू गढ़वा के अंतर्गत संचालित देवकी कॉलेज और रिसर्च अस्पताल की बड़ी उपलब्धि**

# होम्योपैथी में बीएचएमएस और स्नातकोत्तर स्तर पर नामांकन की अनुमति मिली


आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय गढ़वा के अंतर्गत संचालित देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च अस्पताल गढ़वा को शैक्षणिक सत्र 2025 -26 के लिए राष्ट्रीय होम्योपैथिक आयोग, नयी दिल्ली द्वारा स्नातक स्तर पर बीएचएमएस और स्नातकोत्तर स्तर पर एमडी होम्योपैथी में नामांकन हेतु अनुमति मिली।

ज्ञात हो कि देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च अस्पताल जो बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के अंगीभूत इकाई के रूप में संचालित हो रहा है। जिसमें स्नातक स्तर पर बीएचएमएस कि पढ़ाई वर्ष 2010 और स्नातकोत्तर स्तर पर एमडी होम्योपैथी की पढ़ाई वर्ष 2023 से निरंतर संचालित हो रही है। सत्र 2025-26 के लिए राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग, नयी दिल्ली द्वारा कॉलेज निरीक्षण एवं सुनवाई के उपरांत बीएचएमएस में 50 एवं एमडी होम्योपैथी के सभी विषय में 24 सीट पर नामांकन हेतु मान्यता प्रदान किया गया। झारखंड एवं बिहार में यह प्रथम होम्योपैथिक कॉलेज है, जिसे आयोग द्वारा 3 जून 2025 को अनुमति पत्र प्रदान किया गया। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) केशवेंद्र कुमार तिवारी, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह ने राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग, नयी दिल्ली के प्रति आभार व्यक्त किया और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और कुलपति ने कॉलेज के प्राचार्य और सभी शिक्षकों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## बीडीएसयू में मादक पदार्थ के सेवन को रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




गढ़वा (आजाद सिपाही)। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में मादक पदार्थ के सेवन को रोकने के लिए जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य से बढ़कर जीवन में कुछ नहीं है। इसलिए शराब और गुटखा एवं अन्य नशीले पदार्थों का सेवन बिलकुल न करें। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि इस समाज के लोगों को मादक पदार्थ के सेवन से होने वाले बीमारियों के बारे में बताएं और उन्हें जागरूक करें।

# उंचरी स्थित छत्रपति शिवाजी मैदान को कर्बला का मैदान कहा जाना अनुचित है : धर्म रक्षा वाहिनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** धर्म रक्षा वाहिनी, जिला गढ़वा एवं बजरंग दल गढ़वा द्वारा श्री कृष्ण गौशाला परिसर में संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। जिसमें उक्त संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि गढ़वा शहर के उंचरी स्थित छत्रपति शिवाजी मैदान को कर्बला का मैदान कहा जाना बेबुनियाद है। उन्होंने कहा कि एक समुदाय विशेष के कुछ भू माफिया के द्वारा यह कहा जाना कि कर्बला के समीप की भूमि जो 15 एकड़ से अधिक है और वो कर्बला की भूमि है सरासर गलत है।

प्रेसवार्ता में बोलते हुए लोगों ने कहा कि कुछ भू-माफिया शमशान घाट की भूमि के समीप अवैध कब्जे की नियत से गड्ढा खोदकर पिलरों का निर्माण भी कर रहे हैं। उक्त लोगों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से गढ़वा जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि कर्बला के समीप की उक्त भूमि सार्वजनिक भूमि है। वहां संघ की शाखा लगती थी। शरद पूर्णिमा के दिन रात्रि में वहां हजारों की संख्या में हिन्दू समाज के लोग खेल कूद तथा प्रसाद के रूप में खीर का सेवन करते थे। वहां गाय डाढ़ का मेला भी लगता था। जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि मुस्लिमों धर्मावलंबियों के द्वारा जब वहां नमाज पढ़ना शुरू किया गया, तो हिन्दूओं की शिकायत पर उच्च न्यायालय द्वारा उक्त भूमि को जब्त कर लिया गया और वहां केवल एक ही दिन मोहर्रम का मेला हेतु छुट दी गयी, और बाकी दिन उक्त भूमि पर जाने पर भी पाबंदी लगा दी गयी। इसके अलावा न्यायालय के आदेश पर अमल हेतु देख रेख के लिए गढ़वा थाना प्रभारी को न्यायालय ने रिसीवर नियुक्त किया है, जो अबतक लागू है। उक्त भूमि की सरकारी जमीन पर स्थित कर्बला की नया चारदीवारी का कुछ वर्षों पूर्व महफूज कुरैशी के देख रेख में नव निर्माण कर कर्बला भू-भाग को बड़ा कर दिया गया, जो पूरी तरह से गैरकानूनी है। इस संबंध में बोलते हुए हिंदू धर्म रक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार दीपक ने कहा कि उनके द्वारा शिकायत करने पर गढ़वा अंचल कार्यालय में दिखावे हेतु एक केस चला जिसका नंबर है 7/19- 20 जो अब पेंडिंग में है। नया चारदीवारी निर्माण करने वाले लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई हो। उक्त भूमि पर पिलर का निर्माण करने वाले लोगों को अविलंब गिरफ्तार कर मुकदमा दायर किया जायह, और नवनिर्मित पिलर तथा चारदीवारी को ध्वस्त किया जाये।

वक्ताओं ने कहा कि उनकी उपर्युक्त मांगों पर यदि अविलंब कार्रवाई नहीं की गयी, तो आने वाले समय में वहां हिन्दू समाज के द्वारा अखंड किर्तन किया जायेगा तथा प्रत्येक सोमवार को शिवचर्चा की जायेगी, और इससे जो स्थिति उत्पन्न होगी इसके लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा।

# अबुआ आवास योजना के लापरवाह लाभुकों पर दर्ज होगी एफआइआर, 15 दिनों की मोहलत : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** रंका प्रखंड अंतर्गत अबुआ आवास योजना के तहत राशि लेने के बावजूद निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले लापरवाह लाभुकों पर एफआईआर दर्ज कराई जायेगी। उक्त बातें रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनो ने मिडियाकर्मियों से कही। उन्होंने कहा कि इसके लिए लाभुकों को मात्र पंद्रह दिन का मोहलत दी गयी है। इन दिनों के अंदर लाभुक आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं करते हैं, तो निश्चित रूप से एफआईआर दर्ज कराई जायेगी। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए बीडीओ शुभम बेला तोपनों ने संबंधित पदाधिकारियों को शख्स निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यह पैसा लेकर लापरवाही बरतने वाले लाभुकों के लिए अंतिम चेतावनी है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए आजाद सिपाही को बताया कि 2023-24 में कुल - 832 आवास की राशि स्वीकृत की गयी थी जिसमें 787 लाभुकों ने कार्य प्रारंभ कर दिया, जो सराहनीय है। किंतु 45 लाभुकों ने राशि लेने के बावजूद भी आज तक आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1352 आवास की स्वीकृति दी गयी थी जिसमें 735 लाभार्थियों ने निर्माण कार्य प्रारंभ किया है और 617 लाभार्थियों ने अभी तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है, जो घोर चिंता का विषय है। बीडीओ शुभम बेला तोपनो ने कहा कि अबुआ आवास योजना झारखंड सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य गरीबों को पक्का मकान की सुविधा मुहैया कराना है। परंतु लाभार्थियों की उदासीनता के कारण योजना और पदाधिकारियों की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने यहां तक कहा है कि बार बार विभागीय अधिकारियों के समझाने और प्रेरित करने के बावजूद भी जो लाभुक आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करते हैं, उनसे पैसा की वसूली भी की जायेगी। साथ ही भविष्य में उन्हें किसी भी प्रकार कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित कर दिया जायेगा। बीडीओ ने सभी संबंधित कर्मियों व पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने अपने क्षेत्र भ्रमण कर ऐसे लाभार्थियों की सूची तैयार करें और उन्हें अंतिम चेतावनी की खबर से अवगत कराएं। इस मौके पर अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# डंडई में अबुआ आवास में जिओ टैग करने पर पंचायत सचिव पर लगे पैसे वसूली के आरोप

जितेंद्र यादव

**डंडई (आजाद सिपाही)।** डंडई प्रखंड के गांवों में चल रहे अबुआ आवास योजना में भ्रष्टाचार का खुला खेल जारी है। गरीब लाभुकों को अपने हक के आवास का लाभ पाने के लिए रिश्वत देनी पड़ रही है। सूत्रों के मुताबिक पंचायत सेवक जियो टैगिंग के नाम पर 500 से 2000 रुपये तक की मांग कर रहे हैं, जबकि ऑपरेटर डिमांड लगाने के लिए लाभुकों से 200 से 500 रुपये तक वसूलते हैं। ऐसा ही एक मामला डंडई प्रखंड के तसरार पंचायत में अबुआ आवास योजना में जियो टैग कराने के नाम पर पैसा वसूली करने का मामला प्रकाश में आया है। तसरार पंचायत के महुदंड गांव निवासी लाभुक मोस्ताकिमा बीबी पति रज्जाक अंसारी ने बताया कि अबुआ आवास के तीसरा किस्त की राशि के लिए जियो टैग कराने के नाम पर पंचायत सचिव रमेश सिंह के द्वारा पंद्रह सौ रुपये की मांग किया गया। उस समय उसने बोला कि हम गरीब कहा से पंद्रह सौ रुपये देंगे। किसी तरह ईट, सीमेंट, छरी उधर लेकर आवास बना रहे हैं। इस पर पंचायत सचिव रमेश सिंह ने कहा कि बिना पैसे के काम नहीं होगा। जियो टैग करने के लिए पंद्रह सौ रुपए देना होगा। मजबूरन दूसरा से कर्ज लेकर पंद्रह सौ रुपये देना पड़ा, तो मेरा जियो टैग हुआ। वहीं लाभुक पार्वती कुंवर पति स्व सीता राम ने बताया कि जियो टैग कराने के नाम पर पंचायत सचिव के द्वारा हम से दो रुपये की मांग किया गया। उन्होंने कहा कि हम बेसहारा और लाचार हूं। मेरे पास एक फूटी कौड़ी नहीं है इसके बाद भी पांच सौ रुपये देकर जियो टैग कराये। इस मामले में बीडीओ देवलाल करमाली अबुआ आवास योजना में लाभुक से पैसे लेना गैरकानूनी है। यदि कोई व्यक्ति या अधिकारी इस तरह की हरकत करता है तो जांच कर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### आरोप बिल्कुल गलत और निराधार है : पंचायत सचिव

मामले में पंचायत सचिव रमेश सिंह ने सिरे से खारिज करते हुए कहा कि किसी लाभुक से जिओ टैगिंग के नाम पर कोई पैसा नहीं लिया है। लगाया गया आरोप बिल्कुल गलत और निराधार है।

## बीडीसी पति पर अबुआ आवास दिलाने के नाम पर बीस हजार रुपया रिश्वत लेने का लगा आरोप

सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत झुनका गांव निवासी महिला सुमित्रा देवी ने बीडीसी पति पर अबुआ आवास दिलाने के नाम पर 20 हजार रुपया रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुए बीडीओ के पास आवेदन देकर जांच के बाद उचित कार्रवाई की मांग किया है। सगमा प्रखंड के घघरी पंचायत अंतर्गत झुनका गांव निवासी सुमित्रा देवी पति शिवशंकर यादव ने बीडीओ को दिये आवेदन में लिखा है कि आज से लगभग 10 माह पूर्व घघरी पंचायत के बीडीसी सविता देवी के पति रविंद्र बैठा के द्वारा अबुआ आवास देने के नाम पर 20 हजार रुपया रिश्वत के रूप में लिया गया है। बोले की एक माह के अंदर आपका आवास मिल जायेगा, मगर 10 माह बीतने के बावजूद आवास नहीं मिल पाया। मैं निराश होकर अपनी पैसे की मांग करने रविंद्र बैठा के पास जाता हूं, तो धमकी देते हुए कहा जाता है कि आपको पैसा वापस नहीं मिलेगा। आपको जहां जाना हो जा सकते हैं।


**जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति द्वारा आयोजित ऐतिहासिक रथ मेला 2025 के अतंर्गत**

**मेला से संबंधित निविदा–सूचना**

आयोजन तिथि–27.06.2025 से 06.07.2025 के लिए मेला परिसर में मेला लगाने हेतु योग्य उम्मीदवारों से सीलबंद लिफाफे में निम्नलिखित शर्तों पर निविदा आमंत्रित करती है :–

**1. योग्यता–**
(क) आवेदक को सील प्रोपराईटरशीप/पार्टनरशीप फर्म/कम्पनी/एल.एल.पी या ट्रस्ट/सोसाईटी के रूप में निबंधित होना चाहिए।
(ख) आवेदक को मेला वेंडर के रूप में भारत सरकार या किसी राज्य सरकार द्वारा निबंधित होना चाहिए। निबंधन की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ सलग्न करें।
(ग) पिछले 3 (तीन) वर्षो का आयकर रिटन की छायाप्रति संलग्न करें।

**2. मेला परिसर–**
(क) रथ मेला उपरोक्त समयावधि के लिए मंदिर के आस–पास 41.27 एकड़ भूमि पर आयोजित की जाती है। आवेदक निविदा में भाग लेने के लिए आवेदन भरने से पहले मेला परिसर का समुचित निरीक्षण कर लें।
(ख) "मेला परिसर जो है जैसा है" के आधार पर वर्त्तमान स्थिति के अनुसार उपलब्ध कराया जाएगा। इस संबंध में निविदा में सफल घोषित होने के पश्चात् आवेदक के किसी भी तरह की आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

**3. शुल्क एवं शर्तें–**
(क) निविदा में भाग लेने के लिए न्यूनतम निर्धारित राशि–31,00,000/– (एकतीस लाख रूपये) मात्र समिति द्वारा तय की गयी हैं।
(ख) सबसे ऊँची बोली लगाने वाले (राशि) का प्रस्ताव देने वाले मेला वेंडर को सफल घोषित किया जायेगा एवं उसे खुद या अपने अतंर्गत विभिन्न दुकानदारों के द्वारा मेला में झूला, दुकान, बाजार इत्यादि लगाने की अनुमति अपने स्तर से देने का अधिकार दिया जाएगा, जिस पर समिति की निगरानी होगी।
(i) सफल निविदा प्राप्तकर्ता का दायित्व होगा कि मेला परिसर में CCTV कैमरा एवं अन्य लाईट की समुचित व्यवस्था हो।
(ii) सफल निविदा प्राप्तकर्ता को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनके द्वारा आवंटित दुकान/स्टॉल रथ के मार्ग से तय दूरी के बाद ही लगाया जाए।
(ग) निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता आवेदन के साथ 1,55,000/–(एक लाख पचपन हजार) रूपये मात्र की राशि का बैंक ड्राफ्ट "जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति" Payable at Ranchi के नाम से आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
(घ) सफल निविदादाता को तीन दिन के अन्दर कुल निविदा राशि का 50 प्रतिशत बैंक ड्राफ्ट अथवा RTGS/NEFT के माध्यम से जमा करना होगा। साथ ही साथ शेष 50 प्रतिशत राशि के लिए बैंक गारंटी भी देनी होगी।
(ङ) मेला समाप्ति के दिन अर्थात् 06.07.2025 तक या उससे पहले शेष 50 प्रतिशत राशि बैंक ड्राफ्ट अथवा RTGS/NEFT के माध्यम से जमा करना होगा अन्यथा बैंक गारंटी के माध्यम से समिति शेष राशि बैंक से प्राप्त कर लेगी।
(च) आवेदन संबंधित दस्तावेजों (क्रमांक 1 क से ग) दो प्रति मुहरबंद लिफाफे में मंदिर परिसर में रखे हुए मुहरबंद ड्रॉप बॉक्स में डालकर जमा करना सुनिश्चित करें।

**4. महत्वपूर्ण तिथि :–**
(क) निविदा आमंत्रण पत्र जमा करने की तिथि– 06.06.2025 से 12.06.2025 अपराह्न 04:00 बजे तक।
(ख) निविदा खोलने की तिथि– 13.06.2025 (पूर्वाह्न 11:00 बजे)
(ग) निविदा खोलने का स्थान – जगन्नाथपुर थाना परिसर राँची।
(घ) निविदा खोलने की प्रक्रिया समिति के सदस्यों एवं गणमान्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में पूर्ण की जायेगी।

नोट : (1) निविदा से संबंधित किसी भी तरह के प्रश्नों के समाधान के लिए अधिकृत व्यक्ति श्री विनोद कुमार (मो० नं०–7903834336) से किसी भी दिन प्रातः 10:00 बजे से संध्या 04:00 बजे तक सर्म्पक करें।
(2) निविदा में असफल हुए आवेदकों की जमा राशि 1,55,000/–(एक लाख पचपन हजार) रूपये दिनांक 20.06.2025 तक उनके संबंधित खाता में जमा/ट्रांसफर कर दिया जाएगा।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी
राँची

PR 354237 Ranchi(25-26)#D

## कलश स्थापना के साथ अखंड हरि कीर्तन शुरू पुर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने लिया आशीर्वाद



तमाड़ (आजाद सिपाही)। बुंडु के कांची गांव में मंदिर जीर्णोद्धार मुर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव बुधवार को कलश स्थापना के साथ अखंड हरि कीर्तन शुरू हुआ। राम जानकी मंदिर परिवार के द्वारा इसका आयोजन किया गया। इसमें बुधवार को पुर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा पहुंचे और आशीर्वाद लिया।

## कांग्रेस के नवनियुक्त तमाड़ प्रखंड कमेटी के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिया गया



तमाड़ (आजाद सिपाही)। रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार तमाड़ प्रखंड में संगठन सृजन अभियान की एक बैठक डोरेया मोड़ स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित की गयी। बैठक में नवनियुक्त प्रखंड कमेटी के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। बैठक की अध्यक्षता तमाड़ प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय सेठ ने किया। बैठक का संचालन जिला महासचिव बुधराम मुंडा ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो उपस्थित हुए। अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष ने कहा तमाड़ प्रखंड में आम जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप हमें काम करना होगा। साथ ही, कांग्रेस पार्टी के संगठन को पूरे प्रखंड में मजबूती प्रदान की जायेगी। पंचायत से लेकर बूथ कमेटी तक पार्टी को मजबूत करना है। राहुल गांधी जिन मुद्दों को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर लड़ रहे हैं उन मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाना सभी कांग्रेस जनों का दायित्व है। वर्तमान राजनीतिक परिवेश में संविधान की रक्षा करना कांग्रेस जनों के लिए चुनौती है, जिसे हमें डटकर सामना करना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि अजय साहू, अशोक महतो, फूलचंद मुंडा, विनोद सिंह, खगेश महतो, लालू महतो, अर्जुन सेठ, लखिंदर महतो, माझी राम महतो, उदय मुंडा, शंकर मुंडा, अरमान अंसारी, शमशाद अंसारी महतो सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सांसद प्रतिनिधि रविंद्र सिंह ने बैंक ऑफ इंडिया के जोनल मैनेजर को सौंपा ज्ञापन

पिपरवार (आजाद सिपाही)। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के पिपरवार सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार सिंह ने बुधवार को बैंक ऑफ इंडिया हजारीबाग स्थित जोनल ऑफिस में जोनल मैनेजर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ज्ञापन के माध्यम से सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह ने बैंक ऑफ इंडिया बचरा शाखा में ग्राहकों को हो रही समस्याओं से भी अवगत कराया। उन्होंने बैंक में कैश की समस्या, एटीम मशीन, पासबुक अपडेट मशीन लगाने, आरओ फिल्टर, ब्रांच को पूर्ण रूप से एसी लगाने तथा सीएसआर के तहत चार नंबर चौक, बाजारटांड़ में आरओ फिल्टर, स्कूली बच्चों को छात्रवृति, स्कूल बैग आदि मांगों से अवगत कराया। इस दौरान जोनल मैनेजर ने इस पर सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया।

## रैयत विस्थापित मोर्चा का खलारी अंचल कार्यालय के समक्ष दस को धरना

खलारी (आजाद सिपाही)। रैयत विस्थापित मोर्चा एनके एरिया द्वारा 10 जून को खलारी अंचल कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया जायेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए मोर्चा के एरिया प्रवक्ता सह खलारी प्रखंड अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग विभाग के विधायक प्रतिनिधि रामलखन गंझू ने बताया कि खलारी प्रखंड क्षेत्र में जमीन संबंधित समस्याओं को देखते हुए अंचल कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना का आयोजन किया गया है। इसको लेकर खलारी प्रखंड के सभी गांव में बैठक कर धरना में भारी संख्या में आने की अपील की जा रही है। इस धरना के माध्यम से अंचल में ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर प्रमुखता से आवाज उठाया जायेगा।
फोटो 05 रामलखन गंझू।

## मैकलुस्कीगंज के बघमरी में गंगा दशहरा मेला आज, उमड़ेगी ग्रामीणों की भीड़



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मैकलुस्कीगंज के बघमरी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 5 जून को गंगादशहरा मेला का आयोजन नदी किनारे आयोजित होगा। इस संबंध में समिति के सदस्यों ने बताया कि मेले को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। मेला में सबसे पहले सुबह में पूरे विधि विधान के साथ नदी में पूजन किया जायेगा उसके बाद दोपहर में मेला का आयोजन होगा। मेला में खाने पीने की दुकान, श्रृंगार प्रसाधन, परंपरिक मिठाई की दुकान लगी रहेंगी। वहीं आसपास के गांव से सांस्कृतिक खोड़हा टीमो के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया जायेगा। मेला में आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों ग्रामीणों की भीड़ उमड़ती है। मुख्य अतिथि के रूप में रोहिणी परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार के द्वारा मेला का उदघाटन किया जायेगा। वहीं मेला के सफल बनाने में अनंत राम लखन भगत, पंचम लोहरा पंकज भगत, मनीष भगत, हरदयाल टाना भगत, शिवनारायण लोहरा, राजू मुंडा, बासदेव भगत, नरेश भगत, बिनोद राणा, विशेश्वर मुंडा आदि कार्यकर्ता लगे हुए हैं।

## मुरी में चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम



मुरी (आजाद सिपाही)। रूडसेट संस्थान सिल्ली के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस और प्लास्टिक मुक्त स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस स्वक्षता अभियान में रूडसेट में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। इस स्वच्छता अभियान के तहत सिल्ली स्वास्थ्य केंद्र के कैंपस को रूडसेट संस्थान के प्रशिक्षणार्थी और रुडसेटी कर्मचारियों के द्वारा सफाई किया गया और सफाई पर विशेष ध्यान रखने के लिए रूडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार और डॉक्टर ने संदेश दिया कि ज्यादा गंदगी होने से ही हमारे आस पास बहुत ज्यादा बीमारियां होती है। बीमारियां होने का मुख्य कारण है गंदगी और प्लास्टिक कचरा से ज्यादा बीमारियां फैलती है, इसलिए सफाई पर विशेष ध्यान रखना है, जिससे शुद्ध वातावरण और शुद्ध ऑक्सीजन हम सभी को मिल सके। इसलिए हम सभी मिलकर आज शपथ लेते हैं कि हमारा गांव, समाज, देश, प्लास्टिक मुक्त हो। मौके पर अनिल कुमार, सुरेंद्र कुमार, जगदीश चंद्र महतो, दशरथ कुमार महतो, महेश रुहिदास, सुनील मुंडा उपस्थित रहे।

# मारपीट और फायरिंग मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, एक पिस्टल बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी थानांतर्गत ग्राम अक्ता में दो दिन पूर्व सोमवार की शाम दो गुटों के बीच आपसी रंजिश में हुई मारपीट और फायरिंग की घटना में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक पिस्टल और तीन मोबाइल बरामद कर लिये हैं। गिरफ्तार आरोपितों में खूंटी के मुरही पिपराटोली गांव निवासी राकेश लोहार उर्फ नाउठा उर्फ डहरू (25 वर्ष) और खूंटी के हुटार गांव निवासी पिकू कुमार सोनी (25 वर्ष) शामिल हैं। उन्हें न्यायिक हिरासत में बुधवार को जेल भेज दिया गया। इस मामले में दोनों गुटों के मुख्य आरोपितों सहित अन्य नामजद आरोपित फिलहाल फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी जारी है। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक ने बुधवार शाम अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।



**राकेश लोहरा का है आपराधिक इतिहास :** गिरफ्तार राकेश लोहरा का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ खूंटी थाने में वर्ष 2017 में पत्थलगड़ी से संबंधित दो मामले और 2024 में अफीम की लूटपाट के क्रम में एक व्यक्ति की मौत होने के संबंध में एक मामला दर्ज है। इसके अलावा जिले के मारंगहादा थाने में भी वर्ष 2021 में मोटरसाइकिल चोरी से संबंधित एक मामला दर्ज है।

**आपसी रंजिश में हुई थी मारपीट की घटना :** एसडीपीओ ने बताया कि मारपीट की उक्त घटना के दो दिन पूर्व शनिवार की शाम साहेब खान और अरशद नामक दो आरोपित जब बाइक से वापस घर लौट रहे थे, तो बरकरगी गांव के पास पहले से अपने साथियों के साथ मौजूद पास्कल पूर्ति नामक आरोपित ने उन्हें रोक लिया और पूर्व में हुए किसी विवाद के कारण उनके साथ मारपीट करते हुए साहेब खान से उसकी पिस्टल छीन ली थी। इस घटना के दो दिन बाद सोमवार को अपराह्न में साहेब खान और अरशद को सूचना मिली कि उनका पिस्टल छीनने वाला आरोपित पास्कल पूर्ति अक्ता गांव में हड़िया पी रहा है, तो वे उससे बदला लेने के उद्देश्य से अपने अन्य साथियों को लेकर हथियारों के साथ वहां पहुंचे और पास्कल पूर्ति को पकड़कर उसके साथ मारपीट करने लगे। पास्कल के साथ हो रही मारपीट की घटना की सूचना पाकर उसके अन्य साथी और ग्रामीण भी हरवे हथियारों के साथ मौके पर पहुंच गये। इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से कुछ गोलियां भी चली और खुलकर हथियार लहराये गये। साथ ही पास्कल से मारपीट करने आये अरशद नामक एक आरोपित को पिस्टल के बट्ट से मार कर घायल भी कर दिया गया। हथियार लहराने का वीडियो वायरल होने के बाद तुरंत खूंटी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस आने की भनक लगते ही दोनों गुटों के लोग वहां से फरार हो गये। बताया गया कि इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से एक-एक और पुलिस की ओर से दो प्राथमिकी दर्ज की गयी है। फिलहाल सभी आरोपित फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

# झारखंड बंद का खूंटी में मिला-जुला असर



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** रांची के सिरमटोली फ्लाइओवर के विवाद को लेकर विभिन्न आदिवासी संगठनों द्वारा बुधवार को आहूत झारखंड बंद को खूंटी जिले में मिलाजुला असर रहा। जिला मुख्यालय में बंद को आंशिक असर देखा गया, जबकि तोरपा, कर्रा, रनिया जैसे कस्बाई इलाके में बंद पूरी तरह फ्लॉप रहा। वहनों का आवागमन सामान्य ढंग से हुआ। आदिवासी नेत्री दुंर्गावती ओड़ेया, चंद्र प्रभात मुंडा तरीन-चार समर्थकों के साथ दुकानों को बंद कराने निकली, पर इसका कोई खास असर नहीं देखा गया।

**सड़कों पर नहीं उतरे बंद समर्थक**

झारखंड बंद को सफल बनाने के लिए आदिवासी संगठनों से जुड़े लोग सड़कों पर नहीं उतरे। खूंटी जिला मुख्यालय में खुली दुकानों को बंद कराने के लिए महज तीन-चार लोगों के अलावा कोइ नजर नहीं आया। उम्मीद थी कि बंद को स्ल बनाने के लिए आदिवासी समुदाय के लोग निकलेंगे, पर किसी ने बंद को समर्थन नहीं दिया। यही कारण है कि जिला मुख्यालय की कुछ दुकानों को छोड़कर अन्य सभी जहगों पर बंद का प्रभाव नगण्य रहा।

## तमाड़ में झारखंड बंद का मिला-जुला रहा असर



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ में झारखंड बंद का मिला जुला असर देखा गया। सभी दुकानों में सन्नाटा रहा। आदिवासी जन परिषद और सर्व आदिवासी समाज संगठन ने दलबल के साथ दुकानदारों से बंदी को सफल बनाने के लिए समर्थन मांगा। दिउड़ी मंदिर की दुकानें बंद रहीं। झारखंड बंदी का उद्देश्य : केंद्रीय स्थल सिरम टोली रांची रैंप को हटाया जाए, टीएसी द्वारा प्रस्तावित शराब नीति को वापस करो, केंद्र सरकार द्वारा जनगणना प्रपत्र में आदिवासियों के लिए अलग से धर्म कोड का उल्लेख करें, लैंड बैंक नीति को रद्द किया जाये, पेसा एक्ट 1996 अभिलंब लागू किया जाये, आदिवासियों के लिए धर्मन्यास बोर्ड का गठन किया जाये आदि अन्य मांग है।

## खलारी में झारखंड बंद बेअसर, जनजीवन रहा सामान्य

खलारी (आजाद सिपाही)। झारखंड बंद का खलारी कोयलांचल क्षेत्र में कोई असर देखने को नहीं मिला। आदिवासी संगठनों द्वारा बुधवार को अपनी मांगों के समर्थन में बंद का आह्वान किया गया था, लेकिन क्षेत्र में जनजीवन सामान्य बना रहा। प्रमुख केडी बाजार सहित क्षेत्र के अन्य बाजार पूर्ववत खुले रहे और व्यापारिक गतिविधियां निर्बाध रूप से संचालित होती रहीं। बंद का कोयला खनन और परिवहन कार्यों पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

# धनबाद डीआरएम ने खलारी स्टेशन रनिंग रूम प्रबंधन प्रणाली का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** धनबाद रेल मंडल के नवपदस्थापित मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) अखिलेश मिश्र ने बुधवार को खलारी रेलवे स्टेशन का दौरा किया। पदभार ग्रहण के बाद यह उनका खलारी का पहला निरीक्षण था। इस अवसर पर उन्होंने खलारी रनिंग रूम में नवनिर्मित रनिंग रूम मैनेजमेंट सिस्टम (आरआरएम) का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन से पुर्व पंडित बृजराज दुबे के द्वारा विधिवत पूजन कराया गया। इस दौरान डीआरएम अखिलेश मिश्र ने



बताया कि दौरे का मुख्य उद्देश्य डिवीजन के कार्यप्रणाली को समझना और टोरी में चल रहे विशेष कार्यों का निरीक्षण करना है। वहीं खलारी रनिंग रूम प्रभारी सुबोध कुमार ने जानकारी दी कि रनिंग रूम को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करते हुए ऑनलाइन मैनेजमेंट सिस्टम स्थापित किया गया है, जिससे किसी भी स्थान से रनिंग रूम की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सकेगी। स्टेशन अधीक्षक जॉन सोरेंग ने डीआरएम के निरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि निरीक्षण यात्रा 'विंडो इंस्पेक्शन' के तहत धनबाद से शुरू होकर टोरी, खलारी, राय और बरकाकाना होते हुए पुनः धनबाद में समाप्त हुई। वहीं धनबाद रेल मंडल प्रबंधक (डीआरएम) अखिलेश मिश्र के दौरे से खलारी स्टेशन के आधुनिकीकरण और संचालन में तकनीकी सुधारों को नया आयाम मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। उद्घाटन समारोह में डीआरएम के साथ कई वरिष्ठ रेल अधिकारी भी उपस्थित थे। जिनमें अपर मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार, वरीय मंडल परिचालन प्रबंधक अंजय तिवारी, वरीय मंडल विद्युत अभियंता (परिचालन) रजत कुमार सिंह, वरीय मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) संजीव कुमार, वरीय संकेत एवं दूरसंचार अभियंता रजनीश पांडेय और आरपीएफ कमांडेंट समेत अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# स्वर्ण और रजत पदक प्राप्त कर कोयलांचल लौटे वुशु खिलाड़ियों का किया गया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार/खलारी।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के दो वुशु खिलाड़ी तमिलनाडु में संपन्न हुए राष्ट्रीय सब जूनियर वुशु प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक एवं रजत पदक प्राप्त कर कोयलांचल की धरती पर लौटने पर दोनों का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार तमिलनाडु में संपर्क हुए राष्ट्रीय सब जुनियर वुशु प्रतियोगिता मे पिपरवार के वुशु खिलाड़ी घनश्याम उरांव ने स्वर्ण पदक एवं वन्दना कुमारी ने कास्य पदक प्राप्त कर पिपरवार कोयलांचल सहित चतरा जिला और झारखंड राज्य



का नाम रोशन किया है। दोनो खिलाड़ी बुधवार को अपने घर पहुंचा। इस दौरान खलारी रेलवे स्टेशन में दोनों खिलाड़ियों का स्थानीय ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। स्थानीय ग्रामीणों ने दोनों खिलाड़ियों को फुल माला और षुष्प गुच्छ प्रदान कर एवं मिठाई खिलाकर भव्य रूप से स्वागत किया। इस अवसर पर बेंती पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि गणेश भुईंया, चतरा जिला वुशू संघ के सचिव रजी अहमद, अविनाश गंझु, पिन्टु महतो, शिवम उरांव, शितल कुमारी, तनु कुमारी विक्रम गंझु, बालेश्वर गंझु, जगदीश गंझु, रतन उरांव, खुशलाल प्रसाद, महेश गंझु, नीरा देवी, प्रतिमा देवी, बरिया देवी, ललिता देवी, आरती देवी, फुलमति देवी, उर्मिला सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड के बाल विकास परियोजना सभागार में जिला प्रशासन जिला समाज कल्याण विभाग के निर्देशानुसार नशा मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार को प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड में कार्यरत आंगनबाड़ी सेविका शामिल हुईं। वहीं जानकारी देते हुए महिला पर्यवेक्षिका ममता सिन्हा ने बताया कि नशा के आदी लोग बेघर, बेरोजगार या मूल रुप से हारे हुए जीवन से निराश होते हैं। उन्होंने मादक द्रवों के सेवन का स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव एवं मादक द्रवों के सेवन का शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पर विस्तृत जानकारी सेविकाओं को दी। और साथ ही सेविकाओं को गांवों में प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिए। सेविकाओं को न निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरूपयोग को रोकने हेतु शपथ भी दिलाया गया। मौके पर कृष्णा देवी, संजीत पोद्दार सहित सैकड़ों सेविका उपस्थित थे।04

## लाभुकों के बीच बकरा-बकरी का वितरण



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। सोनाहातू प्रखंड परिसर में पशुधन मुख्यमंत्री योजना के अंतर्गत दस लाभुकों के बीच बकरा-बकरी का वितरण किया गया। प्रत्येक लाभुक को एक बकरा एवं चार बकरी प्रदान की गई, जिससे ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने एवं आजीविका में सुधार लाने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना के तहत लाभ पाने वालों में मंगली देवी, विशेश्वर महतो, ममीत कुमार लोहार, पूर्वी देवी, गुड्डू पातर, राजकुमार महतो, मनसा पूराण, हराधन पुराण, बिलासी देवी एवं सरस्वती देवी शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड प्रमुख विक्टोरिया देवी, उपप्रमुख सविता देवी, बीडीओ खगेश कुमार, समाजसेवी निशिकांत गोझू एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## विवाह समारोह में गये युवक की कुआं में डूबने से मौत

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू थाना क्षेत्र के बारूहातु गांव में एक विवाह समारोह में पहुंचे एक युवक की मौत कुआं में डूबने से हो गयी। घटना मंगलवार देर रात की है। ग्रामीणों के अनुसार सरायकेला ज़िला के दलभंगा थाना क्षेत्र के गिरूवाणी गांव निवासी सोमनाथ मुंडा उर्फ पान सिंह मुंडा पिता लखीराम मुंडा उम्र 40 वर्ष बुंडू के बारूहातु गांव में अपने एक रिश्तेदार की शादी में भाग लेने आया था। देर रात सभी लोगों के साथ पान सिंह मुंडा ने खान खाया। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने विवाह स्थल के निकट स्थित एक कुआं में पान सिंह मुंडा का शव देखने के बाद बुंडू पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने शव को कुआं से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स, रांची भेज दिया है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि रात के अंधेरे में वह कुएं को देख नहीं पाया और डूब गया, जिससे उनकी मौत हो गयी। उनके मौत की घटना से विवाह संपन्न के पश्चात सन्नाटा पसर गया।

## एकदिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन



बुंडू (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत बुंडू के नगर प्रशासक शुभम पोद्दार के निर्देशानुसार बुधवार को बुंडू नगर पंचायत द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एकदिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यालय कर्मियों, सफाई मित्रों और एसएचजी की महिला सदस्यों ने भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य प्लास्टिक उपयोग को कम करना और स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण की दिशा में जागरूकता बढ़ाना है।

## पिकअप वाहन के धक्के से राजमिस्त्री की मौत

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी-तोरपा मुख्य मार्ग पर मुरहू थाना के कुंजला मोड़ के पास पिकअप वैन के धक्के से परमानंद महतो (45 वर्ष) नामक राजमिस्त्री की मौत हो गयी। घटना बुधवार सुबह साढ़ नौ बजे की है। जानकारी के अनुसार परमानंद सुबह अपनी मोटरसाइकिल से एक रेजा को लेकर काम करने सारिदकेल गांव जा रहा था। कुंजला मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप वैन ने मोटरसाइकिल को धक्का मारकर फरार हो गया। इस दुर्घटना में राजमिस्त्री की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि रेजा बाल-बाल बच गयी। जानकारी के अनुसार परमानदं मूलरूप से टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के सुगनु गांव का रहने वाला था और हाल के दिनों में खूंटी के दतिया में मकान बनाकर रह रहा था। उसकी दो बेटियां हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अपताल भेज दिया।

## कोनका गांव में युवक ने की आत्महत्या



मृतक का फाइल फोटो।

मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के कोनका गांव में एक 32 वर्षीय युवक विनेस गंझू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार के दिन के लगभग 12 बजे की बतायी जाती है। उसका शव घर के अंदर पाईप में गमझे के फंदे के सहारे लटका मिला। घटना के संबंध में मृतक का बड़ा भाई दिनेश गंझू ने बताया कि उसका भाई बगल के ही कमरे में अपने पत्नी किरन देवी व 9 वर्षीय पुत्र कार्तिक गंझू एवं 7 वर्षीय पुत्री कोमल कुमारी के साथ रहता था। कल ही पत्नी से किसी बात को लेकर अनबन हुआ मंगलवार की शाम मृतक की पत्नी अपने पुत्र व पुत्री को लेकर कहीं चली गयी। मंगलवार की शाम से ही मृतक अपने पत्नी व बच्चों को तलाश कर रहा था, घटना वाले दिन बुधवार को भी वह पत्नी एवं बच्चों को तलाश कर लगभग 9 बजे अपने घर लौटा और दरवाजा बंद कर लिया। बुधवार दिन के लगभग 12 बजे परिजन खाना खाने को लेकर कमरे में झांका तो मृतक को फांसी के फंदे में झूलता पाया। परिजनों के शोर मचाने पर अगल बगल के लोग एकत्रित हुए और दरवाजा तोड़ा और पुलिस को सूचना दिया। सूचना पाकर मैकलुस्कीगंज थाना के एस आई दीपक कुमार एवं एएसआई दिनेश कुमार मंडल घटना स्थल पर पहुंचे एवं शव को कब्जे में लिया पंचनामा तैयार कर शव को पोस्ट मार्टम के लिए रिम्स भेजा।

## पदाधिकारी और कर्मचारी इमानदारी से दायित्वों का निर्वहन करें : उपायुक्त

खूंटी (आजाद सिपाही)। उपायुक्त आर रॉनिटा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी पदाधिकारी और कर्मचारी ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। साथ ही समाहरणालय परिसर में समुचित साफ-सफाई, आगंतुकों के लिए बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल तथा शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त बुधवार को विभिन्न विभागों के कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर रही थी। किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय परिसरों की साफ-सफाई, समय पर पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति, तथा कार्यों के संचालन की गुणवत्ता का गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने जन शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए समाहरणालय परिसर में जन शिकायत कोषांग कक्ष के नियमित संचालन का निर्देश भी जारी किया।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 05 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# रांची बंद को सफल बनाने सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारी, जगह-जगह आगजनी-प्रदर्शन

आजाद सिपाही टीम

**बेड़ो/पिस्कानगड़ी/मांडर/चान्हो/बुढमू।** रांची-सिरमटोली फ्लाई ओवर रैंप विवाद को लेकर बुधवार को विभिन्न आदिवासी संगठनों की ओर से बुधवार को आहूत रांची बंद का बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक असर दिखा। बंद समर्थकों ने महावीर चौक, बेड़ो से गुजरने वाली रांची-गुमला मुख्य मार्ग को केशा मोड़ के समीप जाम कर दिया। जबकि रांची-गुमला फोर लाइन को जरिया फ्लाई ओवर में सड़क पर टायर जलाकर सड़क अवरोध कर दिया। बंद समर्थकों ने आने-जाने वाले वाहनों को रोक कर उनके सामने खड़े होकर जमकर नारेबाजी की। दूसरी ओर, आगजनी की सूचना पाकर बेड़ो पुलिस अतिरिक्त बल के साथ मौके पर पहुंच गयी और प्रदर्शनकारियों को समझा बुझा कर शांत कराया। वहीं, गुमला-लोहरदगा रोड सहित मुख्य चौक चौराहों की दुकानें बंद रही। जो दुकानें खुली थी उसे भी बंद समर्थकों ने बंद करवा दिया। उधर, डीएसपी अशोक कुमार राम एवं थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान के नेतृत्व में बेड़ो पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। बावजूद इसके बंद के चलते बेड़ो से गुजरने वाली





वाहनों का परिचालन बंद रहा। प्रशासन की सख्ती के बावजूद बंद समर्थकों ने कई जगहों पर टायर जलाकर सड़क को जाम किया। इस दौरान बंद समर्थकों ने कहा कि आदिवासियों की धार्मिक अस्मिता पर सरकार चोट कर रही है। आदिवासी लगातार सरकार से सिरमटोली सरना स्थल के मुख्य गेट के सामने से रैंप हटाने, ग्राम सभा को अधिकार देने, आदिवासी क्षेत्रो में शराब की दुकान खोलने की नीति वापस लेने आदि की मांग कर रहे हैं। कहा कि आदिवासी समुदाय के सरना स्थल, जल जंगल जमीन की रक्षा सहित कई मांगों के समर्थन में आगे भी प्रदर्शन करते रहेंगे।

## नगड़ी में बंद सफल

रांची-गुमला राजमार्ग पर नगड़ी थाना क्षेत्र के नारो बाजार के समीप आदिवासी समाज के लोगों ने बंद का समर्थन करते हुए सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए चक्काजाम कर दिया। सुबह नौ



बजे बंद समर्थक सड़क पर उतरे और सरकारी विरोधी नारेबाजी की। आदिवासी समाज के लोगों ने कहा कि राजधानी रांची में स्थित केंद्रीय सरना स्थल सिरम टोली की रैम्प हटाने एवं अन्य मांगों को लेकर बुधवार को आदिवासी समुदाय की ओर से आहूत बंद सफल रहा है। हम जिले में सभी आदिवासी समुदाय के लोगों की ओर से झारखंड सरकार से आदिवासियों के धार्मिक स्थल सरना की रक्षा, पेशा कानून 1996 नियमावली को राज्य में अविलंब लागू कराने, झारखंड में खड़िया भाषा प्लस टू विद्यालय शिक्षक नियुक्ति सृजन कराने, नई शराब नीति रद्द कराने, लैंड बैंक रद्द कराने, जनगणना प्रपत्र में सरना धर्म कॉलम की मांग, आदिवासी जमीन अधिग्रहण और सदा पट्टा में आदिवास की जमीन गैर कानूनी रूप के खरीद-बिक्री एवं अन्य मांगों को लेकर आंदोलन की गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक आंदोलन चलता रहेगा। आंदोलन में राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ के संयोजक प्रभात तिर्की, राहुल टोप्पो, सुमन खलखो, जयंती उरांव, सुदर्शन कच्छप, बबलू तिर्की, आशीष उरांव आदि शामिल हुए।

फोटो नगडी नारो बाजार के समीप रांची गुमला राजमार्ग को जाम करते नगडी प्रखंड के आदिवासी वासी समाज के लोग

## प्रशासन रहा मुस्तैद

सीरमटोली रैप विवाद को लेकर विभिन्न आदिवासी संगठनों द्वारा आहूत बंद का असर रांची के आसपास भी देखने को मिला। बीजुपाड़ा और मांडर के ब्राम्बे चौक में रांची-डाल्टेनगंज मार्ग को जाम कर बंद समर्थकों ने प्रदर्शन किया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। आदिवासी संगठन सीरमटोली में स्थित केंद्रीय सरना स्थल के पास से फ्लाईओवर रैंप हटाने की मांग कर रहे हैं। उनका मानना है कि रैंप निर्माण से उनके धार्मिक आयोजन में परेशानी होगी और उनकी आस्था पर आघात होगा। वहीं, बंद को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट दिखा। जिले से अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सभी थानों में की गयी थी। गश्ती भी तेज कर दी गयी थी। खलारी डीएसपी आरएन सिंह खुद स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। उन्होंने खुद प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर काफी मशक्कत के बाद समझा बूझकर सड़क जाम हटवाया। वहीं, ग्रामीण इलाके में भी सड़कें जाम कर दी गई। दुकानें बंद करा दी गई थी। कई मार्गों पर वाहनों की आवाजाही कुछ घंटे ठप रही।



## बुढ़मू-ठाकुरगांव में मिलाजुला असर

रांची के कोसिरमटोली स्थित सरना स्थल में रैंप निर्माण के विरोध में आदिवासी संगठन द्वारा आहूत बंद का बुढ़मू एवं ठाकुरगांव में मिलाजुला असर रहा। दुकानें, सरकारी, गैर सरकारी प्रतिष्ठान खुली रही। जबकि दोपहर 12 बजे तक वाहनों का परिचालन बंद रहा। बंद समर्थकों ने बुढ़मू ब्लॉक और इटहे मोड़ के पास सड़क को बांस बली लगाकर बंद कर दिया था। हालांकि ठाकुरगांव थाना प्रभारी विनीत कुमार की पहल पर करीब एक बजे सड़क से बांस बली को हटाया गया। जिसके बाद वाहनों का परिचालन सामान्य हुआ।

# दो अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोग घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** इटकी एवं बेड़ो थाना क्षेत्र में बुधवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कुल पांच लोग घायल हो गये। जिनमें से दो की हालत गंभीर बतायी जा रही है। पहली घटना इस दिन शाम 5.30 बजे हुई। बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो-मांडर पथ पर केशा सेमरा मोड़ के समीप भंडरा भौंरो मलंग टोली गांव निवासी राखी उरांव (22) बाइक से असंतुलित होकर गिर गया। जिसे गंभीर रूप से चोट आई है। जबकि दूसरी घटना रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर इटकी पलमा गांव के समीप हुई। जिसमें अज्ञात वाहन की चपेट में आने से रांची के सपरोम गांव निवासी निशांत खलखो (25) और लोहरदगा इचाक झांवा टोली गांव निवासी कार्तिक उरांव (24) गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, एक अन्य घटना रात 8.30 बचे हुई। रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर जरिया सब्जी मार्केट के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार इटकी थाना क्षेत्र के गड़गांव गांव निवासी दशरथ साहू (38) सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं प्रखंड के कादोजोरा गांव निवासी बाइक सवार बिंदेश्वर महतो (32) भी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये शहीद लांस नायक राजकुमार महतो, दी गयी श्रद्धांजलि



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मासू मंझलाटोली हेसल में बुधवार को शहीद लांस नायक राजकुमार महतो का 21वां शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शहीद की आदमकद प्रतिमा पर पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा नेता रणधीर चौधरी, सुरेंद्र महतो, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, डॉ रिझू नायक, मुखिया कविता देवी, नरेश साहू, शहीद की मां देवमंती देवी, पत्नी जयप्रभा महतो, भाई अमरनाथ महतो सहित अन्य लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि शहीद राजकुमार महतो के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने लोगों के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। इस अवसर पर अतिथियों ने शहीद की मां, पत्नी, पुत्र मनीष महतो सहित अन्य परिजनों को सम्मानित भी किया। वहीं, श्रद्धांजलि कार्यक्रम से पहले आयोजित क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन जगरनाथ महतो ने किया। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष अर्जुन राम, कारीनाथ महतो, डॉ रिझू नायक, ग्राम प्रधान देवराज पहान, अजीत महतो, जगन्नाथ महतो, मनोज कुमार चौधरी, कृष्णा भगत, विष्णु महतो, रामसाय मुंडा, गोविंद महतो, प्रकाश महतो, किशुन महतो, मदरा मुंडा, मोहन महतो, दुर्गा महतो, मुलु महतो, सूरज महतो, विशेश्वर मुंडा, तेजनाथ महतो, राजू नायक, गबेश्वर महतो, रामनाथ महतो, सखीचंद महतो, राजेश मिश्रा, नागेश्वर महतो आदि थे।

# जंगली हाथियों ने विद्यालय भवन का दरवाजा तोड़ खाया बच्चों का मध्याह्न भोजन का चावल



**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** कुच्चू पंचायत अतर्गत कुच्चू सिंदरीतोपा में मंगलवार की रात दो जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। जंगली हाथियों का झुंड सिंदरीतोपा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के मध्याह्न भोजन के लिए रखे चावल को चट कर गया। जानकारी के अनुसार रात करीब नौ बजे दो जंगली हाथी झुंड से बिछुड़ कर सिंदरीतोपा गांव पहुंचे गये और विद्यालय को निशाना बनाया। हाथियों ने विद्यालय के मेन गेट को तोड़ दिया और अंदर प्रवेश कर विद्यालय के रशोन घर पहुंच गये। उसका दरवाजा भी तोड़ दिया और अंदर रखे एक बोरा चावल को खा कर बर्बाद कर दिया। इसकी सूचना पाकर जेएलकेएम केंद्रीय सचिव बालेश्वर बेदिया एवं हुंडरु वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष बुधराम बेदिया घटनास्थल पर पहुंच गये और हाथियों से हुए नुकसान का जायजा लिया। इसके बाद वन विभाग से उचित मुवाअजा देने की मांग की। मौके पर वनरक्षी कृष्ण कुमार महतो ने भी उपस्थित होकर जंगली हाथियों द्वारा किये गये नुकसान का आकलन किया। साथ ही ग्रामिणों के बीच हाथी भगाने के लिए पटाखा का वितरण किया। मौके पर बुधराम बेदिया, असकर बेदिया, बुद्धेश्वर बेदिया, नागेश्वर बेदिया, सुरज बेदिया, करमू बेदिया और पाडू बेदिया आदि उपस्थित थे।

# रातू पुलिस की कार्रवाई, बालू लदे तीन हाइवा जब्त

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना प्रभारी रामनरायण सिंह ने अवैध बालू के खिलाफ छापामारी कर बालू लदे तीन हाईवा को जब्त किया है। घटना बुधवार की सुबह पांच बजे की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक जांच के दौरान पुलिस ने वाहन चालक से बालू से संबंधित कागजात दिखाने को कहा, तो वे लोग कागजात प्रस्तुत नहीं कर पायें। इसके बाद पुलिस ने तीनों हाईवा को जब्त कर लिया और उसे अपने साथ थाना ले आयी है। इस मामले को लेकर अवैध खनन के खिलाफ रातू थाने में प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी है। पुलिस बालू के अवैध उत्खनन के धंधे से जुड़े लोगों का पता लगाने में जुट गयी है।

# दूसरी पत्नी के साथ मिलकर पति ने की पहली पत्नी की हत्या

## पति-ससुर सहित पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

मृतका के परिजनों ने किया जमकर हंगामा, घटने के बाद से आरोपित सपरिवार फरार

### सात साल पहले हुई थी शादी, विवाद को लेकर कोर्ट में चल रहा मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगडी थाना क्षेत्र के बसिला गांव में मंगलवार की रात एक व्यक्ति द्वारा अपनी दूसरी पत्नी के साथ मिलकर पहली पत्नी की बेरहमी से पिटाई के बाद धारदार हथियार से उसका गला रेतकर हत्या कर दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान अनवरी खातून (26) के रूप में हुई है। वह नरपोकी थाना क्षेत्र के सरवा गांव की रहने वाली थी। उधर, वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित दूसरी पत्नी एवं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ फरार हो गया। दूसरी ओर, हत्या की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गये। इसकी सूचना नगड़ी पुलिस को दी गयी। इसी बीच खबर पाकर मौके पर पहुंचे लड़की के परिजनों और उसके गांव वालों ने जमकर हंगामा शुरू कर दिया। इसकी सूचना पाकर वरीय ग्रामीण पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार, डीएसपी



अनवरी खातून की फाइल फोटो।

अरविंद कुमार एवं नगडी पुलिस के साथ ही स्थानीय बुद्धिजीवी भी मौके पहुंच गये। सभी के मिलकर समझाने के बाद मृतका के परिजनों का हंगामा शांत हुआ। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। वहीं, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार के समझाने के बाद मृतके के पिता ने मृतका के पति सहित पांच लोगों के विरुद्ध हत्या का प्राथमिकी दर्ज कराया है।

जानकारी के मुताबिक नरकोपी थाना क्षेत्र ग्राम सरवा निवासी जिब्राइल अंसारी ने सात साल पहले अपनी बेटी अनवरी खातून की शादी नगड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम बसिला फुटकल टोली निवासी मुमताज अंसारी के पुत्र महबूब अंसारी के साथ की थी। आरोप है कि शादी के एक साल बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए अनवरी को प्रताड़ित करने लगे। इस दौरान अनवरी ने एक बेटे को भी जन्म दिया। इसके बाद भी ससुराल वाले उसके साथ मारपीट किया करते थे। मृतका के पिता ने बताया कि ससुराव वालों द्वारा बार-बार पिटाई के बाद वे लोग उसके गांव पहुंचे और वहां कमेटी के सदर लोगों के साथ बैठक कराकर इसकी शिकायत भी की गयी। इस बीच महबूब अंसारी ने दूसरी शादी कर ली। तब वे लोग कोर्ट की शरण में पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई। करीब चार साल से कोर्ट में मामला चल रहा था। विगत दो महीने पहले ही कोर्ट की पहल पर अनवरी का पति महबूब अंसारी उसे अपने ससुराल सरवा मांडर से फुटकल टोली बसील ले गया था। जहां मंगलवार की रात अनवरी खातून के साथ पति महबूब अंसारी और दूसरी पत्नी गजला परवीन की किसी बात को लेकर जमकर बहस हो गयी। इसके बाद पति महबूब अंसारी ने तेजधादार चाकू से अनवरी का गला रेतने के बाद उसके पेट में चाकू गोदकर हत्या कर दी और परिवार के सभी सदस्यों के साथ फरार हो गया। इसके बाद मृतका के पिता जिब्राइल अंसारी ने प्राथमिकी में दामाद महबूब अंसारी, उसकी दूसरी पत्नी गजाला परवीन, देवर मकसूद अंसारी, देवर सहबूब अंसारी और ससुर मुमताज अंसारी पर हत्या का मामला दर्ज करवाते हुए अविलंब गिरफ्तार करने और कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। वहींस दूसरी ओर, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि घटना में शामिल सभी लोगों को 24 घंटे के अंदर ढूंढ कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# आधुनिक खेती की ओर रुझान : उषा मार्टिन की पहल से 18 गांवों में कृषि क्रांति

# 330 किसानों पर सर्वे में दिखा युवाओं का एग्री-बिजनेस की ओर झुकाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** खेती अब परंपरा नहीं, बल्कि युवाओं के लिए स्मार्ट, टिकाऊ और लाभकारी पेशा बनती जा रही है। इसका प्रमाण टाटीसिलवे क्षेत्र के 18 गांवों में देखने को मिल रहा है। जहां शिक्षित युवा तेजी से आधुनिक खेती की ओर बढ़ रहे है। उषा मार्टिन फाउंडेशन की 'प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन (छत्ड) योजना' के तहत मिले प्रशिक्षण और संसाधनों की बदौलत यह बदलाव संभव हुआ है। जेवियर इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल सर्विस रांची के ग्रामीण विकास विभाग के दो छात्रों निहारिका सिंह एवं सैफअली रहमान द्वारा किए गए सर्वे से यह जानकारी सामने आई है। कप्राकृतिक संसाधनों के विकास पर समग्र प्रभाव' विषय पर आधारित इस सर्वे में टाटीसिलवे के आसपास के 18 गांवों के 330 किसानों के



बीच अध्ययन किया गया। इसमें खासकर 20 से 30 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं में आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की प्रवृत्ति को चिह्नित किया गया है। सर्वे में पाया गया कि उषा मार्टिन फाउंडेशन के सहयोग से गांवों के किसान अब ड्रिप सिंचाई, सोलर पंप, संकर बीज, ग्राफ्टेड पौधे और पॉलीनेट हाउस जैसी उन्नत तकनीकों का लाभ उठा रहे है। इसके अलावा वर्मी कम्पोस्ट और जैविक खाद के उपयोग से मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है और उत्पादन में बढ़ोतरी हो रही है। युवाओं में परंपरागत खेती के साथ ही तकनीक के उपयोग को लेकर खासा उत्साह देखा गया है। इन तकनीकों से जहां पानी और समय की बचत हो रही है, वहीं खेती अब सालभर की गतिविधि बन गई है। परंपरागत फसलों से हटकर अब गांवों के युवा फूल, स्ट्रॉबेरी, तरबूज, कैप्सिकम और अन्य बाजार आधारित फसलों की ओर अग्रसर हो रहे है। इससे न केवल उनकी आमदनी में इजाफा हो रहा है, बल्कि कृषि को लेकर उनका नजरिया भी बदला है। 330 किसानों में से 30 प्रगतिशील किसानों का विशेष अध्ययन सर्वे में कुल 330 किसानों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया, जिनमें से 30 प्रगतिशील किसानों को मॉडल के तौर पर चुना गया है। इन किसानों ने न केवल आधुनिक उपकरणों और तकनीकों को अपनाया है, बल्कि अपने गांवों में प्रेरणास्रोत भी बन गए है। कुछ प्रेरणास्पद युवा किसान गर्वधन महतो (जानुम), रीतलाल महतो (अनगड़ा), ईश्वर महतो (हेसल), दिलीप महतो (सिलवे), प्रेमनाथ महतो (मासू गांव) जैसे युवा अब आधुनिक खेती के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुके है।

## सही मार्गदर्शन का असर

उषा मार्टिन फाउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी ने बताया कि यह सर्वे पिछले दो महीनों से चल रहा है। इसकी रिपोर्ट जल्द ही जारी की जाएगी। कहा कि इस प्रकार के सर्वे से यह साबित होता है कि यदि युवाओं को सही मार्गदर्शन और संसाधन मिलें, तो वे ग्रामीण कृषि को एक नई दिशा दे सकते है।

# शांति एवं सद्भाव के साथ मनायें बकरीद का त्योहार : डीएसपी



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** चान्हो थाना परिसर में बकरीद पर्व मनाने को लेकर बुधवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें शांति समिति के सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित हुए। खलारी डीएसपी आरएन चौधरी ने बताया कि शांति पूर्वक इस पर्व को मनायें। हर त्योहार प्रेम एवं प्रसन्नता के साथ मिलजुल कर मनाएं यही हमारे देश की खूबसूरती है। वहीं, चान्हो थाना प्रभारी चंदन कुमार ने लोगों से आपसी भाईचारा एवं प्रेम के साथ त्योहार को मनाने का आग्रह किया। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य अजीत सिंह, सांसद प्रतिनिधि मो ग्याश, अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जेएमएम नेता रमीज राजा, सोनी तबसूम, जुल्फान अंसारी, मौलाना रफिक, शिव उरांव आदि उपस्थित थे

# ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द्र के साथ बकरीद का पर्व मनाने का लिया निर्णय



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बकरीद पर्व को लेकर बुधवार को नरकोपी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एएसआई विश्वजीत पाठक ने की। इस अवसर पर एएसआई विश्वजीत पाठक ने शांति व्यवस्था बहाल करने में जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपील की। उन्होंने बकरीद के पर्व को शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। वहीं थाना प्रभारी नागेश्वर साव ने कहा कि बकरीद पर्व के दौरान शांति व्यवस्था हर हाल में बनाये रखना पुलिस की प्राथमिकता है। पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों और उपद्रवियों पर खास नजर रखी जा रही है। कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से चाक चौबंद व्यवस्था की जाएगी। कहा कि असामाजिक तत्वों एवं सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले को चिन्हित कर उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एएसआई राम नगीना, राजेंद्र सिंह, मंगरा उरांव, मनेश्वर उरांव, रेमनी उरांव, हबीब अंसारी, जमरुद्दीन अंसारी, रियाजुद्दीन, नेजाम अंसारी, तबारक अंसारी, महबूब अंसारी, सज्जाद अंसरी, शमीम अंसरी, अलीम अंसारी आदि मौजूद थे।

# एचइसी कर्मी का पेड़ से लटकता मिला शव

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बरगावां कवाली स्थित सपाही नदी के समीप पेड़ पर लटकता युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। मृतक की पहचान नुवेल बेक (48) के रूप में हुई है। वह नामकुम के पतराटोली का निवासी है। मृतक एचईसी कर्मी था। बुधवार दोपहर दो बजे शव पाये जाने की सूचना पाकर नामकुम पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की पहचान करावाई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि नुवेल खाना खाने के बाद घर से निकला था। उसके पिता के निधन के बाद उनके बदलें एचईसी में नौकरी लगी थी। नुवेल बरगावां क्यो आया एवं फांसी क्यो लगाई उन्हें पता नहीं। उसके दो बच्चे है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया है।

# विद्युत कर्मी ने फंसी लगाकर की आत्महत्या

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के झखराटांड़ में पुलिस ने एक मकान की छत से लटकता एक शव बरामद किया। मकान चंद्रदेव साहू की बतायी जा रही है। वहीं, मृतक की पहचान गिरिडिह के रहने वाले उपेंद्र कुमार के रूप में की गयी है। जानकारी के अनुसार उपेंद्र कुमार चंद्रदेव साहू के मकान में किरायेदार के रूप में रहता था। मृतक उपेंद्र विद्युत विभाग कुडू में कार्यरत था। बुधवार की सुबह 10 बजे ग्रामीणों ने छत के सहारे लटकता उसका शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्प्ताल भेज दिया।

# गुमला में बंद का दिखा असर, टायर जलाकर आवागमन किया गया बाधित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** आदिवासी अधिकार संघर्ष मोर्चा का झारखंड बंद का गुमला जिले में व्यापक असर देखा गया। संगठन के कार्यकर्ता बुधवार की सुबह 7 बजे सड़क पर उतरकर टावर चौक को जाम कर दिया वही जगह-जगह टायर को जलाकर मार्ग को भी अवरुद्ध कर दिया। वही गुमला बंद को लेकर जमकर नारे बाजी भी की। बंद समर्थकों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए व्यापारियों ने दुकानें नहीं खोली। वहीं बसों का परिचालन पूरी तरह से ठप रहा। हालांकि आवश्यक सेवाओं को बंद से मुक्त रखने की घोषणा हुई थी लेकिन तोरपा जा रहे एक बाराती बस को टावर चौक के पास ढाई घंटे तक जाने नहीं दिया गया प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद बस गंतव्य की ओर निकली। बंद को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता शहर के चौराहों पर



टायर जला कर मार्ग को और उसे कर दिया सुरक्षा की दृष्टिकोण से चौक चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गयी है थाना प्रभारी महेंद्र करमाली सीओ हरीश कुमार खुद टावर चौक पहुंचकर वस्तु स्थिति का जायजा ले रहे हैं। आदिवासी नेता देवेंद्र लाल उरांव ने कहा सरकार के गलत नीति के विरोध का यह सांकेतिक प्रदर्शन है। अगर हमारी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आगे चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। झारखंड सरकार हमारे सरना स्थलों के साथ छेड़छाड़ करने का काम कर रही है जिसे आदिवासी समाज कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। खुद को आदिवासियों का मसीहा कहने वाले हेमंत सोरेन आदिवासियों को बर्बाद करने में लगे हैं। पूरे झारखंड में लूट मची है। नशा अपराध तस्करी पलायन का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। सरकार जनता की आकांक्षाओं को पूरी करने में विफल साबित हो रही है।

## आदिवासी संगठनों ने निकाला जुलूस, विरोध में किया सरकार का पुतला दहन

**सिसई (आजाद सिपाही)।** झारखंड की राजधानी रांची स्थित केंद्रीय सरना स्थल सिरमटोली गेट के सामने फ्लाईओवर रैंप के विरोध में आदिवासी संगठनों के द्वारा आहूत झारखंड बंद का सिसई में बुधवार को मिला जुला असर देखने को मिला। आपातकालीन मेडिकल सेवाएं, अस्पताल, दूध वाहन, बाराती वाहन को बंद से मुक्त रखा गया था। बंद के समर्थन में केन्द्रीय सरना समिति,अखिल भारतीय आदिवासी विद्यार्थी परिषद, आदिवासी बचाव मोर्चा एवं जेएलकेएम के द्वारा आदिवासियों व सरना धर्म पर हो रहे अत्याचार व अन्याय के विरोध में जूलूस निकाला गया, साथ ही राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। इस दौरान आदिवासी संगठनों ने आदिवासियों के धर्म और आस्था से जुड़े स्थलों पर कथित रूप से अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा कर उनकी परंपरा को आघात पहुंचाने, कई प्राचीन आदिवासी धर्मस्थलों पर सरकार की ओर से कराये जा रहे निर्माण पर आपत्ति जतायी गयी, साथ ही राज्य सरकार के विरोध में नारे



लगाये गये। जुलूस दोपहर एक बजे खुले रखे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को बंद कराते हुए केंद्रीय सरना स्थल थाना चौक सिसई से थाना रोड, मेन रोड, प्रखंड मुख्यालय होते हुए वापस सिसई चौराहा पहुंची, जहां मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर आदिवासियों के खिलाफ सरकार के निति व आदिवासियों की अनदेखी का विरोध प्रदर्शन किया गया। वहीं दूसरी ओर किसी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर आयी। मौके पर केन्द्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जलेश्वर उरांव, सचिव रोपना उरांव, कोषाध्यक्ष गंदूर उरांव, समाजसेवी सोमेश उरांव सहित भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## नाथपुर जुरा टोली के पास वाहन की टक्कर में युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत नाथपुर जुरा टोली के समीप अज्ञात वाहन के टक्कर से बसिया थाना क्षेत्र के लोंगा गांव निवासी विकास सिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि रंजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। मंगलवार की रात 9 बजे दोनों को एंबुलेंस से सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने जांच कर विकास सिंह को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर उसे घायल रंजीत सिंह का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाबत मिली जानकारी के मुताबिक दोनों युवक बाइक में सवार होकर नाथपुर जुरा टोली गांव गए थे जहां से वापस अपने घर लौट रहे थे तभी अज्ञात वाहन दोनों को अपनी चपेट में लेते हुए घटनास्थल से फरार हो गया। विकास सिंह के शव को सदर अस्पताल के शव गृह में रखा गया है। बुधवार को उसके शव का पोस्टमार्टम किया गया।

## किसान भवन में कांग्रेस कमिटी की बैठक



**बसिया (आजाद सिपाही)।** बुधवार को किसान भवन बसिया में कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष विकास साहू के अध्यक्षता में प्रखंड कमिटी की बैठक आहूत की गयीं। इस बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष चैतू उरांव उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष चैतू उरांव द्वारा प्रखंड कांग्रेस कमिटी के नव मनोनीत पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपा गया। प्रखंड कमिटी में प्रखंड अध्यक्ष विकास साहू, उपाध्यक्ष रामरतन भगत और चिमन उरांव महासचिव के रूप में मुमताज खान, दिनेश साहू, भोला बैठा, तारा उरांव, मरियम बेक, प्रेम प्रकाश उरांव, प्रमोद देवघरिया, पीटर मिंज, जीवन मसीह बारला का मनोनयन किया गया। बैठक में प्रखंड कांग्रेस कमिटी के सदस्य गण उपस्थित थे।

## बसिया थाना में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक



**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर स्थित सभागार में आगामी बकरीद पर्व के मद्देनजर कार्यपालक दंडाधिकारी आफताब आलम के अध्यक्षता में शांति समिति की एक बैठक आहूत की गयी। इस अवसर पर कार्यपालक दंडाधिकारी ने सबो को मिलजुल कर बकरीद का पर्व मनाने की बात कही, उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। इस बैठक में सर्कल इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार, थाना प्रभारी युधिष्ठिर कुमार प्रजापति, अभय चौधरी, सुशील कुमार होता, कलीम अंसारी, जगदम्बा साहू, दिलीप साहू, मुंतजिर खान, शेरशाह खान, कृष्णा कुशवाहा,विजय सिंह, पिंटू,नवीन मिश्रा, सनातन टोप्पो समेत अनेक गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# सोशल मीडिया पर फैलाये जा रहे भ्रामक संदेश पर ध्यान न दें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले में आगामी 7 जून 2025 (शुक्रवार) को मनाये जाने वाले बकरीद (ईद-उल-जुहा) पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज नगर भवन में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां ने संयुक्त रूप से की।

बैठक में जिले के विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरीय पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि शांति समिति की बैठक का मुख्य उद्देश्य त्योहार को पूर्ण रूप से शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराना है। सभी समुदायों से आपसी सहयोग और सहभागिता के साथ पर्व को मनाने की अपील की गयी। उन्होंने बताया कि शांति समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा जो भी सुझाव, शिकायतें एवं समस्याएं रखी गयी हैं, उन्हें गंभीरता से संज्ञान में लिया गया है। सभी मुख्य बिंदुओं को नोट कर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये गये। विशेषकर जिन क्षेत्रों में साफ-सफाई, जलापूर्ति, विद्युत आपूर्ति, एवं ट्रैफिक व्यवस्था जैसी समस्याएं चिन्हित की गई हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिये गये हैं।

### फेक न्यूज और अफवाहों से बचने की सलाह

उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने लोगों से अपील की कि सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे किसी भी प्रकार के भ्रामक संदेश या फेक न्यूज पर ध्यान न दें, और ऐसे मामलों में सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि यदि कोई आपत्तिजनक या अफवाह फैलाने वाली पोस्ट नजर आती है तो तुरंत जिला प्रशासन या पुलिस को सूचित करें। उन्होंने जिलेवासियों को बकरीद की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### पुलिस प्रशासन कर रहा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था

पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां ने कहा कि गुमला जिला हमेशा से सभी पर्वों को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए जाना जाता है और यह परंपरा आगे भी जारी रहे, यही हम सबकी कामना है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए विशेष योजना बनायी गयी है। संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, गश्त, निगरानी एवं नियंत्रण कक्ष की सक्रियता सुनिश्चित की जा रही है।

## 11 हजार वोल्ट करंट की चपेट में आने से छात्र की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर के शास्त्री नगर में 11 हजार वोल्ट करंट की चपेट में आने से विकास नगर बर टोली निवासी शुभंकर यादव की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। सदर अस्पताल लाए जाने के बाद डॉक्टर ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक शास्त्री नगर निवासी अपने दोस्त राहुल के घर मंगलवार की रात 8 बजे गया था गहरी दोस्ती होने के कारण उसका आना-जाना लगा रहता था। बुधवार की सुबह करीब 9 बजे सो कर उठने के बाद छत पर ब्रश कर रहा था। उसके साथ राहुल की बहन भी छत पर थी बताया जाता है कि मोहल्ले से 11000 वोल्ट का तार गुजरा है राहुल के घर के छत से गुजरे तार के संपर्क में आने से शुभंकर की मौत हो गयी। शुभंकर के माता-पिता गोड्डा में रहते हैं उसके पिता गोड्डा पुलिस में दरोगा के पद पर पदस्थापित हैं।

# नाली का पानी सड़क पर बहने से राहगीर परेशान



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पुराने सिनेमा हॉल के समीप कई घरों के शौचालय और नाली का गंदा पानी मुख्य सड़क पर बहने से लोग काफी परेशान हैं। राहगीरों द्वारा सड़क पार के क्रम में उनके शरीर में गन्दा पानी क छिंटा पड़ते रहता है। जिससे घृणा हो रही है। अशुद्धता का बोध हो रहा है। साथ ही 24 घंटा गंदे बदबूदार पानी बहता रहता है। जिससे लोग काफी परेशान रहते हैं।मुख्यतः सड़क में पैदल चलने, साईकिल व मोटरसाईकिल से चलने वालों को उक्त सड़क में चलना दुसवार हो गया है, बावजूद इसके ना तो अधिकारीयों का ध्यान है और नहीं जनप्रतिनिधि का। इस समस्या के बावत ग्रामीणों ने कहा कि नई सड़क तो बना लेकिन नाली नहीं बनी जिससे नाली के जाम होने के कारण गंदे पानी का बहाव मुख्य सड़क पर लगभग 6 महीने से हो रहा है। वही ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन से समस्या का समाधान करते हुए नया नाली निर्माण का मांग किया है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार से दूरभाष पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए नाली बनवाने की दिशा में पहल की जायेगी। ताकि लोगों को समस्या से निजात मिल सकेगी।

## मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा के प्रतिनिधियों ने डीसी और एसपी का किया स्वागत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** नवनियुक्त उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां का स्वागत मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा के प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। मौके पर उपायुक्त और एसपी को पौधा भेंट किया गया। प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष आंचल अग्रवाल, सचिव ज्योति फोगला, पूर्व अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल, स्वाति गोयल और कांता साबू ने उपयुक्त और एसपी को शाखा द्वारा सामाजिक कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की। शाखा के सदस्यों ने शिक्षा, स्वास्थ्य ,महिला सशक्तिकरण, समाज सेवा एवं रक्तदान के क्षेत्र में शाखा द्वारा चलाये गये प्रयासों से अवगत कराया। भविष्य में जिला प्रशासन के सहयोग से जनहित में और भी प्रभावित कार्य करने की इच्छा प्रकट की। उपायुक्त एवं एसपी महोदय ने शाखा के सदस्यों के कार्यों की सराहना की और सामाजिक विकास में उनके योगदान की प्रशंसा करते हुए हर संभव सहयोग करने का आशवासन दिया।

## जवाहर नवोदय विद्यालय मसरिया घाघरा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** जवाहर नवोदय विद्यालय मसरिया घाघरा में सत्र 2025-26 में चयन परीक्षा के माध्यम से कक्षा 6 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। जिसमें योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट में जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदन हेतु पात्रता अभ्यर्थी गुमला जिला का वास्तविक निवासी होना चाहिए। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में गुमला जिला के किसी सरकारी या सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल में कक्षा पांच में अध्यनरत होना चाहिए। सरकारी या सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल से प्रत्येक पूर्ण शैक्षणिक सत्र में अध्ययन करके कक्षा तीन और चार में उत्तीर्ण किया हुआ होना चाहिए। अभ्यर्थी का जन्म 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 की अवधि में हुआ हो। विशेष जानकारी जिला में काम से कम 75 प्रतिशत सीट ग्रामीण क्षेत्र के अभ्यर्थियों से भरी जायेगी। एससी एसटी ओबीसी व दिव्यांग अभ्यर्थियों हेतु आरक्षण सरकारी नियमों का के अनुसार दिया जायेगा। ओबीसी के अभ्यर्थी को आरक्षण केवल केंद्रीय सूची के आधार पर ही दिया जायेगा। न्यूनतम एक तिहाई सीट छात्राओं हेतु आरक्षित है, कक्षा पांच के प्रधानाध्यापक या हेडमास्टर के द्वारा अभ्यर्थी विवरण प्रमाण पत्र के प्रति हस्ताक्षरित करा कर ऑनलाइन आवेदन करते समय अपलोड करना होगा। अभ्यर्थी विवरण प्रमाण पत्र के प्रारूप उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। उक्त आशय की जानकारी प्राचार्य प्रदीप कुमार शुक्ल ने दी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर स्कूलों में पौधरोपण कार्यक्रम होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला के निदेशानुसार जिले के सभी कोटि के विद्यालयों में 05 जून 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विशेष गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन ग्रीष्मावकाश के उपरांत विद्यालयों के पुनः खुलने के दिन निर्धारित किया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो ने जानकारी देते हुए बताया कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति बच्चों में जागरूकता बढ़ाने तथा विद्यालय परिसर को हरित और स्वच्छ बनाये रखने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सभी विद्यालयों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त, प्रभातफेरी, निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता तथा क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा, जिससे विद्यार्थी पर्यावरण के महत्व को समझें और स्वयं को पर्यावरण रक्षक के रूप में विकसित करें। डीईओ श्रीमती खलखो ने बताया कि विद्यालयों में गठित इको क्लब के सहयोग से सभी गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। साथ ही सभी विद्यालयों को यह निर्देश दिया गया है कि वे कार्यक्रम के फोटोग्राफ एवं प्रतिवेदन जिला स्तर पर प्रेषित करें, जिससे इन गतिविधियों का प्रभावी मूल्यांकन एवं दस्तावेजीकरण किया जा सके।

## बसिया के लुंगटु मौजा में 3800 घन फीट बालू जब्त

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में बुधवार को अवैध खनन और अवैध बालू भंडारण पर खनन निरीक्षक नीरज कुमार के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान बसिया थाना अंतर्गत लुंगटु मौजा में 3800 घन फिट अवैध रूप से भंडारण किये गये बालू को जब्त किया गया। अज्ञात लोगों पर प्राथमिक दर्ज करते हुए झारखंड लघु खनिज समानुदान नियम वाली 2004 के नियम 4 और 54 अवैध माइनिंग ट्रांसपोर्टिंग एवं भंडारण रूल 2017 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत अवैध खनन करने वाले अज्ञात लोगों पर प्राथमिक दर्ज की गयी। इस छापेमारी अभियान में बसिया थाना प्रभारी युधिष्ठिर कुमार प्रजापति भी दल बल के साथ शामिल थे।

# हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता




**पालकोट।** पालकोट के हटिया टोली स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम बुधवार सुबह कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया। बुधवार सुबह स्थानीय निर्झर झरना में मुख्य आचार्य सतीश चन्द्र शास्त्री उप आचार्य शांतेश्वर पांडे बैदिक आचार्य विवेक मिश्रा व पंडित आशीष मिश्रा के द्वारा कराए गए विशेष अनुष्ठान के पश्चात 351 कलश में जल भरा गया। स्थानीय निर्झर झरने से कलश यात्रा प्रारंभ होकर संजय चौक हटिया टोली कंसारी मुहल्ला बस स्टैंड होकर मंदिर प्रांगण पहुंचा जहां पंचांग पूजन के पश्चात मंडप प्रवेश किया गया। जिसके पश्चात से भजन कीर्तन व भंडारा अनवरत जारी है वही गुरुवार को बेदी प्रतिष्ठा और मूर्ति का अधिवास और नगर भ्रमण के कार्यक्रम आयोजित है। वहीं शुक्रवार को मूर्ति प्रतिष्ठा हवन व पूर्णाहुति के कार्यक्रम होंगे साथ ही प्रतिदिन भजन कीर्तन व भंडारा होगा। मौके पर संतोष गुप्ता, अमरनाथ बामलिया, श्रद्धानंद बेसरा, रामअवध साहू, सूरजदेव सिंह, मनोज केशरी, शिवप्रसाद साहू, आशुतोष गुप्ता, गौतम हिंदुस्तान नितिन केशरी, आकाश केशरी, सचिन गुप्ता, रोशन केशरी सूरज केशरी, कुमुद सारंगी, संजय केशरी, संजय नगारची, राहुल कश्यप, अमित केशरी रूपेश सोनी सुजीत गुप्ता सहित काफी संख्या में सनातनी उपस्थित थे।

## सिरमटोली रैंप मामले पर राज्य सरकार त्वरित कार्रवाई करे : आदित्य सिंह

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय सदस्य सह किसान नेता आदित्य सिंह ने कहा है कि सिरमटोली रैंप के मामले पर हेमंत सरकार उदासीन रवैया अपना कर आदिवासियों के भावना व पवित्र सरना स्थल के साथ खिलवाड़ कर रही है जो बिल्कुल गलत है। हेमंत सरकार अविलंब सिरमटोली रैंप के मामले को सुलझाने के लिए ठोस कदम उठाते हुए रैंप को हटवाने का काम करे। श्री सिंह ने यह भी कहा है कि आदिवासियों द्वारा लगातार पांच महीने से आंदोलन की जा रही है और तथाकथित अबुआ सरकार चुप्पी साधे बैठी है, यह झारखंड का दुर्भाग्य है। सरकार की इस रवैया को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। रैंप नही हटाने की स्थिति में 9 जून 2025 को वीर बिरसा मुंडा के शहादत दिवस के अवसर पर रांची में आयोजित राजभवन मार्च में झारखंड नवनिर्माण दल इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठायेगी।

## स्पोर्ट्स



एशिया कप का खिताब जीतने वाली टीम को 2026 महिला एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप के लिए सीधी क्वालिफिकेशन मिलेगी, जो टूर्नामेंट की अहमियत को और भी बढ़ा देता है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप में थाइलैंड के खिलाफ करेगी अपने अभियान की शुरुआत


एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप 2025 में अपने अभियान की शुरूआत 5 सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ मुकाबले से करेगी। यह टूनार्मेंट 5 से 14 सितंबर के बीच चीन के हांगझोऊ में होगा। भारत को पूल-बी में रखा गया है, जिसमें गत चैंपियन जापान, थाईलैंड और सिंगापुर की टीमें भी शामिल हैं। पूल-ए में मेचबान चीन के साथ कोरिया, मलेशिया और चीनी ताइपे की टीमें शामिल हैं। टीम इंडिया पिछली बार ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफल रही थी, लेकिन इस बार उसकी निगाहें स्वर्ण पदक पर होंगी। खास बात यह है कि एशिया कप का खिताब जीतने वाली टीम को 2026 महिला एफआइएच हॉकी वर्ल्ड कप के लिए सीधी क्वालिफिकेशन मिलेगी, जो टूर्नामेंट की अहमियत को और भी बढ़ा देता है।

**कप्तान सलीमा टेटे उत्साहित:** हॉकी इंडिया की ओर से जारी बयान में भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि हम एशिया कप अभियान को लेकर बेहद उत्साहित हैं। जापान जैसी मजबूत टीम के साथ पूल में होना हमारे कौशल और मानसिक मजबूती की परीक्षा लेगा, लेकिन यह हमारे लिए एक शानदार मौका भी होगा कि हम शुरू में ही अपनी स्थिति आंक सकें। हमारा फोकस स्मार्ट और अनुशासित हॉकी खेलने पर रहेगा। हमारा लक्ष्य ट्रॉफी जीतना और वर्ल्ड कप में जगह पक्की करना है।

**उपकप्तान नवनीत कौर ने बताया तैयारी का मंत्र :** टीम की उपकप्तान नवनीत कौर ने कहा, यह टूर्नामेंट चुनौतीपूर्ण रहेगा, क्योंकि एशिया की शीर्ष टीमें आमने-सामने होंगी। हम इसे एक मौके की तरह देख रहे हैं कि अपनी पूरी ताकत मैदान पर दिखा सकें। हमने कठिन ट्रेनिंग की है और हर प्लान को सही तरीके से लागू करने की कोशिश करेंगे। जापान के खिलाफ पूल मुकाबला हमारे आत्मविश्वास को और बढ़ायेगा।

## बरटोली में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के लिए ग्राम स्तरीय बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** ग्राम बरटोली, पतिया (पंचायत कुलबिरा) में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत एक ग्राम स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिला उद्यान पदाधिकारी, मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। साथ ही उप मुखिया लक्ष्मी देवी, वार्ड सदस्य अनीमा खलखो तथा प्रदान संस्था से सुरभी, बिंदेश्वर एवं संजय उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य गुमला जिले में क्लस्टर आधारित मॉडल के रूप में 125 किसानों के साथ प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना है। वर्तमान में 40 किसान प्राकृतिक खेती से जुड़ चुके हैं। प्रदान संस्था द्वारा दो वर्ष पूर्व इस पद्धति की शुरूआत की गयी थी, जिसे रासायनिक खादों और कीटनाशकों से छुटकारा पाने की चाह रखने वाले किसानों ने अपनाया। क्लस्टर में किसानों को, मूंगफली, राहर, धान एवं मिलेट जैसी फसलों की खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसानों को प्रति एकड़ 4000 की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। साथ ही कृषि एवं उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं से बीज एवं इंफ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट के माध्यम से किसानों को जोड़ा जायेगा।

## करौंदाबेडा पारिस में 199 बच्चों का दृढ़ीकरण संस्कार

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** पालकोट प्रखंड अंतर्गत करौंदाबेडा पारिस में दृढ़ीकरण संस्कार समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर गुमला धर्म प्रांत के धर्माध्यक्ष विशप स्वामी लिनुस पिंगल एक्का ने पालकोट प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आये 199 बच्चों को विधि पूर्वक दृढ़ीकरण संस्कार दिया। इस अवसर पर धर्माध्यक्ष विशप स्वामी लिनुस पिंगल एक्का द्वारा मिस्सा पूजा अनुष्ठान भी संपन्न कराया गया। इस अवसर पर धर्माध्यक्ष विशप स्वामी लिनुस पिंगल एक्का ने कहा कि दृढीकरण संस्कार अर्जित करने वाले सभी 199 बच्चों को आज पवित्र आत्मा के वरदान को ग्रहण करने वाले हैं। दृढीकरण संस्कार से पवित्र आत्मा ने आपको बदल दिया है। एक दृढ संकल्प के साथ खुद को बदलना होगा। एक नया जीवन प्रारंभ करना होगा और अपने माता-पिता एवं शिक्षक शिक्षिकाओं का आज्ञा को मानते हुये भविष्य में आगे की ओर बढ़ाना होगा। सभी का सम्मान और सेवा करना होगा। इस अवसर पर करौंदाबेडा पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर विलियम मिंज,फादर प्रभूदास तिर्की, फादर एरिक इंदवार,फादर ग्रेगोरी टोप्पो सहित सैकड़ों की संख्या में खीस्तीय समाज के लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 05 जून, 2025
www.azadsipahi.in



## अपील : ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक

# प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी ना दें

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में ईद-उल-जोहा (बकरीद) को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि शांति समिति के सदस्यों ने पानी, बिजली, साफ सफाई आदि से संबंधित जो भी मुद्दे उठाए हैं उसका जिला प्रशासन की ओर से समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। कहा कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया में दुष्प्रचार या किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने का प्रयास न करें। ऐसा करने वालों के विरुद्ध प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया में प्रसारित होने वाली अफवाह या दुष्प्रचार की जानकारी निकटतम थाना को दें। अफवाह फैलाने वाले को भी ऐसा करने से रोकें। डीसी ने कहा कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले के सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी मुस्तैद रहेंगे। उन्होंने सभी को ईद-उल-जोहा की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि त्योहार के दौरान कानूनी रूप से प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी ना दें। ऐसा करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह हर्षोल्लास का त्योहार है। सभी मिलजुल कर नेक उद्देश्य के साथ इसको मनाएं। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से मुहल्ले के उपद्रवी तत्वों, सोशल मीडिया पर किसी की धार्मिक भावना को आहत करने वालों, बाइक साइलेंसर मोडिफाइ कर तेज ध्वनि से आवाज निकालने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की। बैठक में भोला राम, राम गोपाल भुवानिया, मुन्ना सिद्दीकी, मदन महतो, गुरमीत सिंह, विष्णु त्रिपाठी, भगत सिंह, अरिंदम बनर्जी, विजय शर्मा, शकील अहमद, मेराज खान, गुल्लू चौधरी, मोहम्मद कयूम खान, मोहम्मद शहाबुद्दीन, मोहम्मद अफजल, महादेव हांसदा, बैजनाथ यादव, निसार आलम, शमशेर आलम, अजय कुमार तिवारी, डब्ल्यू बाउरी, डीएन प्रसाद यादव, कुलदीप अग्रवाल आदि ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखा। इस मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, डीडीसी सादात अनवर, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पियूष सिन्हा, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, सभी अंचल अधिकारी, विभागों के पदाधिकारी, डीएसपी शंकर कामती, धीरेंद्र नारायण बंका, सुमित कुमार, नौशाद आलम और अरविंद सिंह आदि मौजूद थे।




समाहरणालय सभागार में आयोजित शांति समिति की बैठक में उपस्थित, डीसी आदित्य रंजन, पुलिस के आलावा अधिकारी एवं शांति समिति केसदस्यगण।

## आपसी रंजिश में युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले के निरसा में मंगलवार की देर रात आपसी रंजिश में एक युवक को अपराधियों ने गोली मार दी। उसे स्थानीय लोगों की मदद से शहीद निर्मल महतो मेडीकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## फरार आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार

**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड के रहावन ओपी थाना क्षेत्र में नक्सली कांड में फरार अभियुक्त झुमरा पहाड़ निवासी प्रकाश उर्फ पिंटू महतो के घर की दीवार पर ग्रामीणों की उपस्थिति में पुलिस ने इस्तेहार चिपकाया। रहावन ओपी थाना प्रभारी जयप्रकाश एक्का ने बताया कि एमजीएम थाना कांड में फरार अभियुक्त के जमशेदपुर से आये मो जाफर अंसारी के घर इस्तेहार चिपकाया गया।

## हेवी ब्लास्टिंग से परेशान ग्रामीणों ने बंद कराया आउटसोर्सिंग परियोजना का काम



**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** बरारी शराफतपुर के पास देवप्रभा कंपनी की देख रेख में संचालित सुशी आउटसोर्सिंग परियोजना में हैवी ब्लास्टिंग किए जाने से स्थानीय मुहल्ले के घरों में दरारें पड़ने और धूलकण उड़ने से लोगों का जीना मुश्कल हो गया है। इसके प्रतिवाद में शराफतपुर मुहल्ले के दर्जनों लोगों ने बुधवार को करका अंसारी के नेतृत्व में लाठी-डंडे लेकर कार्यस्थल पर जाकर खनन कार्य में लगे मशीनों का काम बंद करा दिया। इस कारण ओबी हटाने का काम बाधित हो गया। इसकी सूचना पाकर जोरापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा तुरंत दलबल लेकर परियोजना स्थल पर पहुंच गये। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत होकर अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं का समाधान करने को कहा। इस पर आउटसोर्सिंग परियोजना के जीएम एस साई रेड्डी ने कहा कि परियोजना में ब्लास्टिंग करने एवं विस्थापन कराने की जवाबदेही बीसीसीएल प्रबंधन की है। कंपनी सिर्फ खनन कार्य करती है। आउटसोर्सिंग परियोजना प्रबंधन ग्रामीणों की छोटी-मोटी समस्याओं का ही निराकरण करने के लिए अधिकृत है। अधिकारियों की ओर से ग्रामीणों को संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने के कारण गतिरोध बनी हुई है। फिलहाल मुहल्ले के पास आउटसोर्सिंग परियोजना में प्रबंधन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए खनन कार्य बंद कर दिया गया है। इस मौके पर भोला रैन, करका अंसारी, बुलेट राजा, भोलू अंसारी, शकील अंसारी, रादिया परवीन, रुकसाना बानो आदि उपस्थित थे।

## छात्र का पेड़ से लटकता शव बरामद

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद में मोहुलबनी के पास जंगल में बुधवार को 22 वर्षीय एक युवक का शव पेड़ से लटकता बरामद हुआ। उसकी पहचान राजू कुमार महतो के रूप में हुई है। वह सिंदरी कॉलेज में बीए पार्ट-2 का छात्र था। इसकी सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक इस दिन कुछ बच्चे मोहुलबनी ओबी डंप के पास स्थित जंगल की ओर घूमने गए थे, जहां उन्होंने शव पेड़ पर लटकता देखा। इसके बाद उन्होंने तुरंत राजू के घरवालों को इसकी सूचना दी। खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोग भी मौके पर पहुंच गये। जबकि कुछ देर बाद खबर पाकर सुदामडीह थाना के सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) और वार्ड संख्या-50 के पूर्व पार्षद चंदन कुमार महतो भी घटनास्थल पर पहुंच गये। पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए धनबाद के अस्पताल में भेज दिया। उधर, मृतक छात्र के परिजनों का कहना है कि वह सुबह शौच के लिए बाहर गया था। कुछ देर बाद उसकी मौत की सूचना मिली। आशंका जताई जा रही है कि राजू ने आत्महत्या की है। हालांकि, परिजनों ने किसी तरह के तनाव की बात से इनकार किया है। वहीं, पुलिस घटना के हर पहलू की जांच कर रही है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक यह स्पष्ट नहीं हो सहा कि राजू ने यह कदम क्यों उठाया। वहीं, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

### बेहद शांत स्वभाव का था छात्र

उधर, पूर्व पार्षद चंदन महतो ने बताया कि राजू शांत स्वभाव का युवक था। वो किसी बात को लेकर परेशान है, इसकी जानकारी परिजनों को नहीं थी। उन्होंने कहा कि राजू सुबह घर से शौच के लिए निकला था, लेकिन इसके बाद उसका शव मिलने की खबर ने सभी को स्तब्ध कर दिया।

## भठिंडा फॉल में 'नदी बचाओ आंदोलन' कार्यक्रम आज

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को झारखंड किसान विकास संघ के बैनर तले भठिंडा फॉल में 'नदी बचाओ आंदोलन' कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसकी अध्यक्षता झारखंड किसान विकास संघ के अध्यक्ष एवं पर्यावरणविद रामचंद्र रवानी करेंगें। इसमें बड़ी संख्या में आंदोलनकारी, पत्रकार, समाजसेवी, गांधीवादी, पर्यावरण विद्, नदी विशेषज्ञ, प्रकृति प्रेमि, आदि शामिल होंगे। इसमें सभी को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की गयी है। कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक में रामचंद्र रवानी, बबलू सिंह, सुनीता देवी, कलावती देवी, पूनम सिंह, अली अहमद, राम रतन राम, मगधेश कुमार, संजय कुमार, संजय कुमार सिन्हा और उमेशऋषि आदि मौजूद थे।

## देवप्रभा आउटसोर्सिंग में तीसरे दिन भी काम बंद



**झरिया (आजाद सिपाही)।** बस्ताकोला ओसीपी देवप्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी में बुधवार को तीसरे दिन भी जनता श्रमिक संघ (जमसं) समर्थित मजदूरों ने कामकाज ठप रखा। वहीं, मजदूर एवं स्थानीय लोगों के एक गुट ने काम बंद रहने के कारण कंपनी की ओर से 'नो वर्क नो पे (काम नहीं तो पैसा नहीं) का नोटिस लगाने पर आपत्ति जतायी है। कहा कि किसी भी यूनियन की ओर से बंदी किए जाने पर कंपनी में काम कर रहे स्थानीय गरीब तबके के मजदूरों को नुकसान उठाना पड़ता है। पहले से ही कम वेतन मिल रहा है। उस पर बंदी के कारण नो वर्क नो पर लग जाने से आर्थिक नुकसान मजदूरों को ही उठाना पड़ेगा। कंपनी बंद रहने के कारण बंगाली कोठी, भेड़ाकाटा बस्ती में टैंकर से जलापूर्ति ठप है, जिससे ग्रामीणों को समस्या हो रही है। अगर लगातार बंदी जारी रहा तो स्थानीय ग्रामीण एवं मजदूर खुद कार्य शुरू कर देंगे। दूसरी ओर, कंपनी के मुख्य गेट पर मजदूरों ने नारेबाजी कर आक्रोश व्यक्त किया। मौके पर टाइगर चौरसिया, टार्जन भुईया, राम लखन भुइंया, महावीर हासदा, मुकेश भुइया, कुंदन पासवान, प्रेम गोप, रंजन सिंह, गंगा कुमार आदि थे। वहीं दूसरी ओर जश्रसं समर्थित मजदूरों ने परियोजना कार्य स्थल पर गोलबंद होकर जमकर नारेबाजी की। वरीय नेता अमर सिंह ने कहा कि कंपनी मजदूरों का शोषण कर रही है। बहुत कम वेतन पर 12 घंटे मजदूरों से काम लिया जा रहा है। जश्रसं समर्थित मजदूर सभी मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। अगर मजदूरों के वेतन में वृद्धि और स्थानीय बेरोजगार लोगों को रोजगार नहीं मिला तो आरपार की लड़ाई होगी। आरोप लगाया कि कंपनी के कुछ दलाल मजदूरों को आपस में लड़ने की साजिश कर रहे हैं, ताकि आंदोलन कमजोर पड़ जाए। पर उनकी मंशा कभी पूरी नहीं होगी। इस मौके पर पप्पू पासवान, प्रेम गोप, देशराज चौहान, जितेंद्र शर्मा, प्रदीप पासवान, दीपक सिंह, मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

## आपसी भाइचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद मनाने का निर्णय



**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत जगेश्वर बिहार थाना परिसर में बकरीद को लेकर बुधवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी परमानंद कुमार मेहरा ने की। बैठक में सात जून को होने वाले बकरीद पर्व को शांति और आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी प्रमानंद मेहरा ने कहा कि पर्व के दौरान किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। व्हाट्सएप हो या अन्य कोई भी सोशल मीडिया, किसी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों पर कडी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, हुडदंग करने वाले को किसी भी किमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से कहा कि किसी भी प्रकार कि अप्रिय या अशांति फैलाने की सूचना मिलते ही इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस मौके पर अब्दुल लतीफ, मोहम्मद मुबारक, चतुर्भुज प्रजापति, दुर्गाचरण महतो, जगदेव महतो, सुरेश गिरी, कोलेश्वर भुईया, प्रमोद कुमार दास, सुखराम हांसदा, रिजवान अंसारी, मोहम्मद शलीम अंसारी आदि उपस्थित थे।

## अवैध वसूली की शिकायत पर झरिया चार नंबर पहुंचे झारखंड इ-रिक्शा टोटो संघ के प्रतिनिधि



**झरिया/धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड ई-रिक्शा टोटो संघ के संरक्षक दिलीप सिंह ने बुधवार को झरिया चार नंबर का दौरा किया। झरिया मंडल की ओर से संरक्षक एवं प्रदेश प्रवक्ता संतोष कुश्वारा को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। बतातें चलें कि यह दौरा हाल ही में टोटो चालकों के साथ हो रही अवैध वसूली की लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर किया गया। चालकों ने बताया कि झरिया में स्थाई पार्किंग एक भी नहीं है। विगत कई वर्षो से इसकी मांग की जा रही है। जाम का मुख्य कारण निजी वाहन है। पर जुर्माना टोटो चालक से लिया जाता है। जबरन अवैध वसूली की जाती है। दिलीप सिंह के साथ प्रदेश प्रवक्ता संतोष कुशवाहा, संगठन के झरिया मंडल अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, झरिया मंडल सचिव आजाद राम सहित अन्य पदाधिकारी भी मौके पर उपस्थित थे। इस दौरान प्रतिनिधियों ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। इसे लेकर झरिया थानाध्यक्ष से फोन पर बात भी की। इस पर थाना अध्यक्ष शशी रंजन कुमार ने थाने पर आ कर अपना पक्ष रखने को कहा। इसके बाद सभी थाना पहुंचे। जहां संगठन के प्रतिनिधियों ने टोटो चालकों की समस्याओं का समाधान करने का आग्रह किया। इस पर थानाध्यक्ष ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से बहुत जल्द स्थाई पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चत कराएगी जाएगी। साथ ही अवैध असूली करने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, संगठन के दो पदाधिकारियों को झरिया थाना शांति समिति में रखा जा रहा है। कहा कि झरिया पुलिस टोटो चालकों की सुरक्षा के लिए तत्पर है। इस मौके पर सोहेब खान, मंजित वर्मा, सुनिल वर्मा, टिक्कू कुमार, रंजीत कुमार, सुरज वर्णवाल, विवेक कुमार, पीयूष पाठक, विजय कुमार, मोहम्मद इजाज, अरूण कुमार वर्मा, मोहम्मद सदाम अंसारी आदि उपस्थित रहे।

## बोकारो कोलियरी में आरसीएमयू की कमेटी का गठन

# हरिमोहन सिंह अध्यक्ष एवं तापस राय चुने गये सचिव



**गांधीनगर/बेरमो (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (इंटक) की बैठक कुरपनिया कमेटी हॉल में हुई। जिसमें सीसीएल रीजनल कमेटी के अध्यक्ष श्यामल कुमार सरकार, क्षेत्रित सचिव कुमार महेश सिंह, उपाध्यक्ष सुबोध सिंह पवार, कांग्रेसी नेता दिगंबर महतो की उपस्थिति में आरसीएमयू बीएंडके क्षेत्र के बोकारो कोलियरी कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से बोकारो कोलियरी शाखा अध्यक्ष हरिमोहन सिंह, उपाध्यक्ष सुमित कुमार, मनोरमा देवी, नरेश धांसी, संजय हरि कोषाध्यक्ष चुने गए। वहीं, कोलियरी शाखा सचिव तापस राय, सहसचिव राजू मिश्रा, दीपक पासवान, धनदीप, संतोष कुमार, नरेंद्र कुमार सिंह को चुना गया। कोलियरी उत्खनन विभाग के अध्यक्ष अविनाश सिन्हा और सचिव रोशन सिंह को चुना गया। जबकि कार्यकारिणी सदस्य में उमेश हरि, विक्रम, पिंटू कुमार पासवान, गजेंद्र शर्मा, धनंजय कुमार, ईश्वर कुमार, सद्दाम अख्तर, कारू यादव, राजकिशोर रविदास, धनसाइ, राजेश हरि, राजकुमार हरि, मनोज हरि, उदय हरि ,आरती कुमारी, माधुरी सेन गुप्ता, लीला देवी, मीना देवी, पूनम देवी, मनोज साव आदि को शामिल किया गया है।


कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय
नगर पंचायत कोडरमा

अति अल्पकालिन ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 07/2025–26 दिनांक 03.06.2025

| क0सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सडक परिवहन मद | | | | | | |
| 1 | 12 | Construction of PCC Road From Vijay Pasi Chapakal to Water Tank, Ward No-12 | 170890 0.00 | 34200.00 | 5000.00 | 3 Months |
| नागरिक सुविधा मद | | | | | | |
| 2 | 12 | Construction of Rcc Drain From Vijay Pasi Chapaka to Hose of Sonu Sinha Culver. Ward No-12 | 214405 0.00 | 42900.00 | 5000.00 | 3 Months |
| A | Date of Publication of Tender on website | | | | 05-06-2025 (10:00 AM) | |
| B | Last Date / Time for receipt bid on online | | | | 12-06-2025 (05:00 PM) | |
| C | Date of opening Tender | | | | 13-06-2025 (11:00 AM) | |
| D | Name & Address of office inviting tender | | | | Executive Officer Nagar Panchayat Koderma | |
| E | Helpline No. | | | | +91-9229932626 | |

Note :-
- Only E-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in
- E-procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, राँची का आदेश ज्ञापांक – 120 दिनांक – 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड राँची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)–12/2023/न0वि0–4847 (अनु0) दिनांक – 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 354215 (Urban Development) 25-26 (D)



कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची
कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला
E-Mail ID:- scogumla6@gmail.com

आम सूचना

1. कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) झारखण्ड, राँची द्वारा गुमला जिला अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में केन्द्र प्रायोजित RKVY-RAFTAAR योजना अन्तर्गत Sub Mission on Agricultural Mechanization (SMAM) उपयोजना के तहत् कृषक समूह/व्यक्तिगत कृषक को अनुदानित दर पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

| क्र0 | कृशि यंत्र का नाम | भौतिक लक्ष्य टीएसपी0 | अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति,लघु एवं सीमान्त किसान महिला लाभुक को व्यक्तिगत अनुदान पर कृशि यंत्र वितरण | |
|---|---|---|---|---|
| | | | Maxium permissible subsidy per Machine/Equipment per beneficiary (Rs. In Lakh) | Pattern of Assistance |
| 1 | Tractor 4WD (08-20 PTO HP) | 03 | रु0 2.45 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 2 | Tractor 2WD (20-40 PTO HP) | 10 | रु0 3.00 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 3 | Power Tiller (8 BHP& Upto 11 BHP) | 01 | रु0 1.00 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 4 | Power Tiller (Above 11 BHP) | 01 | रु0 1.20 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 5 | Self Propelled Weeder (below 2 BHP) | 02 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 6 | Self Propelled Weeder (Above 2 and below 5 BHP) | 02 | रु0 0.40 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 7 | Self Propelled Weeder (5 bhp and below 7.5 bhp and Above ) | 02 | रु0 0.75 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 8 | Self Propelled Rice Transplanter (4 Rows) | 01 | रु0 1.70 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 9 | Self Propelled Crop Reaper(4 Rows) | 03 | रु0 0.75 लाख प्रति इकाई | 50% |
| Tractor/Power Tiller ( Below 20 BHP) driven equipments | | | | |
| 10 | MB plow(Single Bottom) | 01 | रु0 0.22 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 11 | Cage Wheel | 03 | रु0 0.15 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 12 | Cultivator | 03 | रु0 0.20 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 13 | Multi Crop Treashers | 01 | रु0 0.40 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 14 | Paddy Treasher | 01 | रु0 0.38 लाख प्रति इकाई | 50% |
| Tractor ( Above 20-35 BHP) driven equipments | | | | |
| 15 | MB plow(Single Bottom) | 01 | रु0 0.35 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 16 | Cage wheel | 10 | रु0 0.18 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 17 | Cultivator | 12 | रु0 0.18 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 18 | Multi Crop Treashers | 01 | रु0 1.25 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 19 | Paddy Treasher | 01 | रु0 1.00 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 20 | Rotovator (Upto 5 feet) | 03 | रु0 0.46 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 21 | Zero – till seed Drill multi crop (7 tines) | 03 | रु0 0.23 लाख प्रति इकाई | 50% |
| Tractor ( Above 35 BHP) driven equipments | | | | |
| 22 | Rotovator 6 feet | 01 | रु0 0.60 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 23 | Rotovator 7 feet | 05 | रु0 0.70 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 24 | Mini Rice Mill (upto 0.5 tph ) | 01 | रु0 1.5 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 25 | Mini Rice Mill (More then 0.5 tph and upto 1.0 tph) | 01 | रु0 1.80 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 26 | Mini Dal Mill (Capacity 50 Kg per Hour) | 01 | रु0 1.20 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 27 | Mini Dal Mill (Capacity 50 Kg per Hour and Below 100 kg per hour ) | 01 | रु0 1.80 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 28 | Manual Sprayer: Knapsack/foot/Battery Operated sprayer | 05 | रु0 0.01 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 29 | Solar Operated Knapsack Sprayer | 05 | रु0 0.02 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 30 | Powered Knapsack Sprayer/Power Operated Sprayer (Capacity 8-12 lts) (≤0.75 hp engine) | 05 | रु0 0.03 लाख प्रति इकाई | 50% |

कृषि उपकरण बैंक की स्थापना

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम स्तरीय कृषि उपकरण बैंक पैकेज के साथ (कृषक समुह हेतु) | 06 | 80 प्रतिशत या 8.00 लाख रु0 (प्रति कृषि उपकरण बैंक ईकाई लागत 10 लाख रुपये।) | 80% |

लाभुक का चयन
1. इस योजना के कार्यन्वयन में जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी द्वारा प्राप्त स्वंय सहायता समूह के सूची के आधार पर चयन किया जायेगा।
2. जिन कृषक समूहों एवं कृषको द्वारा पूर्व में विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी केन्द्रीय प्रायोजित/ राज्य योजना के माध्यम से कृषि यंत्र प्राप्त किया गया हो उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
3. इस योजना के तहत् प्रत्येक कृषक का एक वित्तीय वर्ष में एक ही आवदेन स्वीकार होगा एवं एक आवेदन पर कृषक कोई तीन अलग–अलग कृषि यंत्र ले सकेंगे।
4. कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु प्राप्त आवेदनों की जॉचोपरान्त उन पर सम्बंधित ग्राम सभा से अनुशंसा प्राप्त कर चयन प्रकिया की जायेगी।
5. आवेदन भूमि संरक्षण कार्यालय गुमला प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 10.06.2025 निर्धारित की जाती है।

विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
कार्यालय का पताः– भूमि संरक्षण कार्यालय, गुमला
संयुक्त कृषि भवन गुमला

ह0/
भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
गुमला।

PR 354234 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 25-26 (D)












































































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। संपादक : हरिनारायण सिंह, स्थानीय संपादक* : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, राज्य समन्वय संपादक : अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109, Postal Registration No. RN/249/2019-21